जबलपुर

गुरुवार, 27 जून 2024

- आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-6
- वर्ष : 19, अंक : 58
- पृष्ठ : 14 , मूल्य: 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 36
न्यून.27

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


### राहतः आयुष्मान भारत अकाउंट से सीजीएचएस आईडी लिंक करना जरूरी नहीं

नई दिल्ली। केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के लाभार्थी, अपनी आईडी को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (आभा) के साथ लिंक करने को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं थे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना महानिदेशालय 'सीजीएचएस' ने आदेश जारी किया है कि अब सीजीएचएस कार्ड को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते के साथ लिंक करना अनिवार्य नहीं है। यह स्वेच्छापूर्वक और वैकल्पिक है। यह व्यवस्था आगामी आदेशों तक जारी रहेगी। केंद्र सरकार ने 45 लाख सीजीएचएस लाभार्थियों को बड़ी राहत प्रदान की है।

मुख्यमंत्री निवास में आए लोकतंत्र सेनानियों पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत, सीएम ने किए ऐलान

# लोकतंत्र सेनानियों को सीएम का तोहफा, पास दिखाने पर नाकों पर टोल टैक्स माफ, सर्किट हाउस में भी तीन दिन रुकने की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में 50 साल पहले आपातकाल में जेलों की सजा भुगत चुके लोकतंत्र सेनानियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कई तरह के तोहफे से नवाजा है। उन्हें सर्किट हाऊस और विश्राम गृह में तीन दिन तक रूकने की सुविधा तथा किराए में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लोकतंत्र सेनानियों को पास दिखाने पर टोल नाकों पर भी छूट रहेगी। आयुष्मान कार्ड से इलाज पर खर्च के भुगतान में विलंब नहीं होगा। उपचार के लिए बड़े अस्पताल या अन्य महानगर जाने के लिए उन्हें एयर एंबुलेंस सुविधा दी जाएगी।

**ये भी बड़ी घोषणाएं**

1. आपातकाल की संघर्ष गाथा पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगी
2. लोकतंत्र सेनानियों को मिलेगी एयर एंबुलेंस की सुविधा और एयर टैक्सी के किराए में छूट



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकतंत्र सेनानियों के प्रादेशिक सम्मेलन को किया संबोधित

### लोकतंत्र सेनानियों को मिलेंगी अनेक सुविधाएं

यादव ने कहा कि आपातकाल की संघर्ष गाथा पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगी। आपातकाल के कष्टों से वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य से तत्कालीन परिस्थितियों, दमन और लोकतंत्र सेनानियों की जीवटता का उल्लेख पाठ्यक्रम में किया जाएगा। यादव ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों को अनेक सुविधाएं दी जाएंगी। आयुष्मान कार्ड से इलाज का भुगतान तीन महीने में किया जाएगा। कलेक्टर इसे सुनिश्चित करेंगे कि भुगतान समय से हो। जिन लोकतंत्र सेनानियों को अभी तक ताम्रपत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, उन्हें ताम्रपत्र मुहैया कराया जाएगा। दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों की राष्ट्रीय सम्मान के साथ अंत्येष्टी की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही अंत्येष्टी के समय दी जाने वाली आठ हजार रुपए की राशि को दस हजार रुपए किया जाएगा।


### ओम बिरला ने पहले भाषण में लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को याद किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने पहले भाषण में लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को याद करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था का सुचारू संचालन उन्हीं के प्रयासों से संभव हुआ है। यह जनता की लड़ाई, जनता के लिए, जनता द्वारा लड़े जाने का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने जिन उद्देश्यों के लिए संघर्ष किया था वह सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में सिद्ध होते दिखाई दे रहे हैं।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



**खबर संक्षेप**

### 3 जुलाई को पेश होगा मप्र का बजट



**भोपाल।** विधानसभा सचिवालय ने एक जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र का कार्यक्रम जारी किया है। 3 जुलाई को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश होगा, इस पर चर्चा 4 से शुरू होगी। 6 व 7 जुलाई को अवकाश रहेगा। कार्यवाही सोमवार से फिर से शुरू होगी। अंतिम दिन 19 जुलाई को अशासकीय संकल्प तथा विधेयक प्रस्तुत होंगे।

### टाटा दे रहा 883 रुपए में हवाई सफर का मौका



**नई दिल्ली।** टाटा की किफायती एयरलाइन एयर इंडिया एक्सप्रेस ने हवाई सफर करने वाले यात्रियों को गुड न्यूज दी है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की नई सेल के तहत कंपनी की वेबसाइट और एयर इंडिया एक्सप्रेस मोबाइल ऐप से छूट के साथ फ्लाइट बुकिंग की जा सकती है। 28 जून तक बुक होने वाले टिकट पर यात्रियों को 30 सितंबर 2024 तक यात्रा

### रील बना रही थी लड़की तभी पीछे गिरी बिजली



**सीतामढ़ी।** बिहार के सीतामढ़ी में एक लड़की आकाशीय बिजली से बाल-बाल बच गई। दरअसल, बेला थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव में लड़की सानिया कुमारी बारिश के समय अपनी दोस्त के साथ रील बनाने के लिए छत पर पहुंची थी। तभी सानिया के पास बिजली गिरी। बिजली गिरने की पूरा घटना मोबाइल में रिकॉर्ड हो गई।

ओम बिरला को ध्वनिमत से लोकसभा का स्पीकर चुन लिया गया, पीएम मोदी व राहुल ने दी बधाई

# बिरला को 'स्पीकर' बनाकर भाजपा ने दिखाया दम, प्रतिपक्ष भी नहीं रहा कम



**बिरला ने कहा- लोगों की उम्मीदों को पूरा करना सदन की जिम्मेदारी**

*नवनिर्वाचित अध्यक्ष के भाषण के दौरान भी विपक्षी दलों ने 'तानाशाही बंद करो' के नारे लगाए। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही 27 जून तक के लिए स्थगित कर दी गई।*

*लोकसभा स्पीकर का चुनाव गंवाकर भी इंडिया गठबंधन ने अपने कई एजेंडे सेट किए*

*भाजपा ने ये संदेश दिया है कि शासन चलाने में विपक्ष उससे रियायत की उम्मीद न करे*

*ओम बिरला ने कहा कि पिछले एक दशक में लोगों की अपेक्षाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं बढ़ी हैं। इसलिए यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनकी उम्मीदों और आकांक्षाओं को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए सामूहिक प्रयास करें।*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए उम्मीदवार ओम बिरला को बुधवार को 18वीं लोकसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम का प्रस्ताव रखा।

### स्पीकर के बाद अब डिप्टी स्पीकर कौन?

अभी तक परंपरा रही है कि डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दिया जाता है, लेकिन 17वीं लोकसभा में विपक्ष लगभग नहीं के बराबर था। इसलिए, उपाध्यक्ष की जरूरत ही नहीं पड़ी।

### बोले पीएम मोदी...

**संसद सिर्फ दीवारें नहीं बल्कि 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा का केंद्र**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ओम बिरला को सदन का अध्यक्ष चुने जाने के बाद लोकसभा को संबोधित किया। पीएम ने ओम बिरला के लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए अध्यक्ष पद संभालने का स्वागत किया।

**वक्त वक्त की बात है...**

### वो दौर कोई और था... ये दौर कोई और है



जुलाई 2018 में गले मिले



जून 2024 में हाथ मिले

विपक्ष को मिली ऊर्जा ने सदन में नेताओं के बीच की केमिस्ट्री को भी बदल दिया है। बुधवार को राहुल गांधी सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने बराबरी की हैसियत में खड़े नजर आए। तभी तो लोकसभा स्पीकर के रूप में ओम बिरला के निर्वाचन के बाद उन्हें बधाई देने पीएम मोदी और राहुल गांधी दोनों पहुंचे। फिर परंपरा मुताबिक दोनों नेता ओम बिरला को स्पीकर की कुर्सी तक छोड़कर आए।

**जीएडी का आदेश : उल्लंघन पर कटेगा वेतन**

# 8 घंटे की ड्यूटीः सरकारी दफ्तरों में अब सुबह 10 बजे आना होगा 'अनिवार्य'

- *जीएडी ने 2021 में भी निकाला था ऐसा आदेश सरकारी कर्मचारियों का रवैया नहीं सुधरा*
- *अभी कर्मचारी सुबह 10.30 से 11 बजे या फिर इसके बाद ही आमद देते हैं*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने सरकारी दफ्तरों में 8 घंटे की ड्यूटी अनिवार्य कर दी है। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने सभी विभाग प्रमुखों, विभागाध्यक्षों, कलेक्टरों तथा अन्य को पत्र लिखकर कहा है कि हर हाल में शासकीय सेवक सुबह 10 बजे कार्यालय पहुंचेंगे।

शाम 6 बजे तक कार्यालय में उनकी उपस्थिति अनिवार्य होगी। इसका उल्लंघन करने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जीएडी ने अधिकारियों को भी चेताया है कि वे अपने अधीनस्थों से इस नियम का पालन अनिवार्य रूप से कराएं। दरअसल, जीएडी ने 2021 में भी इसी तरह का आदेश जारी किया था।

### मंत्रालय में भी सुबह साढ़े दस बजे ही आते हैं कर्मचारी

हालत यह है कि मंत्रालय में कर्मचारी सुबह 10.30 तक या फिर इससे बाद ही अपने दफ्तरों में आते हैं। यही हालत विभिन्न विभागों के संचालनालय एवं अन्य दफ्तरों में भी है। कई बार तो शासकीय सेवक दोपहर 12 बजे तक अपने ऑफिस नहीं पहुंचते। कार्यालय में अटेंडेंस भी उसी अनुसार होती है।

मुरैना में घर में मिला था गोमांस

## गोवंश की हत्या के आरोपियों के घरों पर 'बुलडोजर' चला

◆ पुलिस ने 6 लोगों को पकड़ा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाह



मुरैना में गोवंश की हत्या के 2 आरोपियों के घर बुधवार को पुलिस ने बुलडोजर से ढहा दिए। पुलिस-प्रशासन का अमला बुधवार सुबह नूराबाद की बंगाली कॉलोनी पहुंचा। यहां आरोपी जफ्फार खान और असगर खान के घर के अवैध निर्माण तोड़ दिए गए। आरोपी जफ्फार खान और असगर खान के घर का अवैध निर्माण तोड़ा गया। पुलिस ने मामले में 9 लोगों को आरोपी बनाया, इनमें से 6 को गिरफ्तार कर लिया था। तीन आरोपी अभी भी फरार हैं।नूराबाद थाना प्रभारी ओपी रावत ने बताया कि बंगाली कॉलोनी में 21 जून को बजरंग दल ने एक घर में गोमांस रखा होने की शिकायत की थी। लोगों ने कार्रवाई की मांग को लेकर नेशनल हाईवे जाम कर दिया था, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी जफ्फार खान, असगर खान, शम्मी, अफसर, रेतुआ, बिश्नोई, मौसम, इकरार और साहू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की थी।

छतरपुर का मामला

## युवक को निर्वस्त्र कर पिटाई करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

◆ पुलिस ने आरोपियों का निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



छतरपुर में एक युवक की निर्वस्त्र कर पिटाई किए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पुलिस ने एक कट्टा व अन्य धारदार हथियार भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने आरोपियों पर हत्या का प्रयास, लूट, अपहरण, आईटी एक्ट व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पूछताछ में आरोपियों ने पुरानी रंजिश और डर का माहौल पैदा करने के उद्देश्य से युवक से मारपीट करना स्वीकार किया। घटना शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के फूलादेवी मार्ग पर पुलिया के नजदीक का है। यहां एक युवक को तीन युवकों ने रोका था। सबसे पहले उसे कट्टा दिखाकर निर्वस्त्र कर दो युवकों ने पीटा। पूरे घटनाक्रम का एक युवक द्वारा वीडियो बनाया गया। इसके बाद घटनाक्रम का वीडियो वायरल कर दिया गया।






**आज से शुक्रवार के बीच भोपाल सहित प्रदेश के मध्य हिस्से में कई स्थानों पर मध्यम बारिश की स्थिति बनेगी**

पूर्वी मप्र के नौगांव सहित कुछ जिलों में बारिश के बाद 3 से 5 डिग्री तक गिरावट

# बंगाल की खाड़ी अभी ठंडी, अरब सागर से ही सिस्टम एक्टिव, इसलिए तेज बारिश का अभी करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्तमान में बंगाल की खाड़ी में सिस्टम नहीं होने से अभी कुछ दिन प्रदेश में कन्वेक्टिव एक्टिविटीज बढ़ेंगी। इसी क्रम में गुरुवार से शुक्रवार के बीच भोपाल सहित प्रदेश के मध्य हिस्से में कई स्थानों पर तेज गरज-चमक के साथ मध्यम से तेज बारिश की स्थिति बनेगी। वर्तमान में अरब सागर एक्टिव है, जिससे प्रदेश में बारिश और गरज चमक का सिलसिला जारी है।



आसमान में छाए बादल, एमपी नगर का दृश्य।

**प्रदेश कवर होने में 3 दिन लगेंगे**

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी मानसूनी सिस्टम केवल अरब सागर की ओर से सक्रिय है। इस लिए प्रदेश में इसे आगे बढ़ने में समय लगेगा। 2 से 3 दिन में पूरा प्रदेश कवर कर लेगा। लेकिन बंगाल की खाड़ी एक्टिव होने के बाद प्रदेश के कई जिलों में भारी से तेज और अधिकांश जिलों में मध्यम बारिश का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

### भोपाल के ऊपर जम रहे बादल

शुक्ला के अनुसार अरब सागर की नमी से हवाओं के साथ भोपाल के ऊपर और आसपास बादलों की जमावट अधिक हो रही है। दिन में धूप, गर्मी के बाद यह बादल शहर के किसी भी हिस्से या आसपास तेज बारिश या बौछारें कर रहे हैं। ऐसे स्थिति अभी कुछ दिन जारी रहेगी। अभी दक्षिण पश्चिमी मप्र में सकुर्लेशन बना है, पश्चिमी राजस्थान में भी सकुर्लेशन बना है। वहीं, उत्तर-पश्चिमी राजस्थान से लेकर दक्षिणी उत्तर प्रदेश और झारखंड से होते मणिपुर तक ट्रफ भी बनी हुई है। इससे भोपाल सहित प्रदेशभर में ऐसी ही गरज चमक के साथ बारिश का क्रम चलता रहेगा।

# आखिरकार नहीं की मत विभाजन की मांग और बिरला बने लोस स्पीकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए ओम बिरला का मुकाबला इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार के सुरेश से था। हालांकि विपक्ष ने मत विभाजन के लिए दबाव नहीं डाला और बिरला दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए। इससे पहले वे 17वीं लोकसभा में अध्यक्ष रह चुके हैं।

उन्होंने कहा कि यह 18वीं लोकसभा लोकतंत्र का दुनिया का सबसे बड़ा उत्सव है। अन्य चुनौतियों के बावजूद 64 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने बड़े उत्साह के साथ चुनाव में भाग लिया। सदन की ओर से मैं उनका और देश की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। मैं चुनाव आयोग को निष्पक्ष, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव प्रक्रिया संचालित करने और दूरदराज के क्षेत्रों में एक भी वोट डालने के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयासों के लिए धन्यवाद देता हूं।


## लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बिरला ने जताया आभार

## बोले-लोगों की उम्मीदों को पूरा करना सदन की जिम्मेदारी

### इंडी गठबंधन ने किया था प्रत्याशी का ऐलान, वोटिंग पर जोर नहीं



### सर्वसम्मति और सहयोग की भावना जरूरीः जयराम




कांग्रेस का कहना है कि विपक्षी गठबंधन ने अध्यक्ष के चुनाव के लिए मत विभाजन की मांग नहीं की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का कहना है कि विपक्षी गठबंधन इस मामले में सर्वसम्मति और सहयोग की भावना के साथ काम करना चाहता था। जयराम रमेश ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के घटक दलों ने कोडिकुन्निल सुरेश को लोकसभा अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया था। इसके बाद ध्वनिमत के आधार पर अध्यक्ष का चुनाव किया गया। इंडियाके घटक दल मत विभाजन पर जोर डाल सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि वे सहमति और सहयोग की भावना के आधार पर मत विभाजन करने के पक्ष में नहीं थे। प्रधानमंत्री और एनडीए के हावभाव में इसकी कमी देखने को मिली।

### हमारे स्पीकर की कुर्सी बहुत ऊंची हैः अखिलेश की टिप्पणी पर हंसे सांसद



सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सदन में कुछ ऐसा कहा कि जिस पर सदन के कई सदस्य खिलखिलाकर हंस पड़े। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्पीकर को बधाई देते हुए कहा कि लोकसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। आप इस सदन के स्पीकर दोबारा चुने गए हैं। आपके पास पांच साल का अनुभव रहा है। मैं अपनी तरफ से और साथी सांसदों की तरफ से बधाई देता हूं। जिस पद पर आप बैठे हैं, वह बुहत लंबी है।

### स्पीकर के लिए वोटिंग होना अच्छी शुरुआत नहींः हरसिमरत कौर



बठिंडा। शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि स्पीकर किसी एक पार्टी का नहीं होता है। सत्ताधारी पार्टी के पास बहुमत है तो ऐसे में इंडी गठबंधन ही बता सकता है कि प्रक्रिया में बाधा क्यों हो रही है? कौर ने कहा कि जहां तक मेरी जानकारी है, स्पीकर का चुनाव हमेशा सर्वसम्मति से होता है। स्पीकर किसी पार्टी का नहीं होता, वह पूरे सदन का होता है। यह पहली बार है कि स्पीकर पद के लिए वोटिंग होगी और यह अच्छी शुरुआत नहीं है।

### प्रोटेम स्पीकर ने मत विभाजन की नहीं दी अनुमतिः टीएमसी का दावा



*टीएमसी के नेता अभिषेक बेनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रोटेम स्पीकर ने अध्यक्ष के चुनाव में मतदान की अनुमति नहीं दी, जबकि विपक्षी सांसदों ने मत विभाजन की मांग की। इससे पता चलता है कि सरकार के पास संख्या नहीं है। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार एक सदस्य द्वारा मांग किए जाने पर भी मत विभाजन की अनुमति दी जानी चाहिए। नियम कहा है कि अगर सदन का कोई सदस्य मत विभाजन की मांग करता है तो प्रोटेम स्पीकर को इसकी अनुमति देनी होगी।*

## खबर संक्षेप

### सीपीएम ने मुस्लिम लीग के विरोध में खोला मोर्चा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों में केरल की सत्ताधारी पार्टी लेफ्ट की करारी हार हुई थी। एलडीएफ की



लीडरशिप वाली लेफ्ट सरकार ने यूडीएफ की घटक दल आईयूएमएल पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। पार्टी ने आरोप लगायाकि कांग्रेस की सहयोगी पार्टी राज्य में दक्षिणपंथी मुस्लिम संगठनों का चेहरा बन गई है।

### कर्नाटक में 3 और डिप्टी सीएम चाह रहे सिद्धारमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में तीन और डिप्टी सीएम बनाए जाने की मांग उठ रही है। फिलहाल राज्य के



सीएम एम. सिद्धारमैया हैं और उनके साथ डिप्टी सीएम के तौर पर डीके शिवकुमार काम कर रहे हैं। इस बीच मांग उठ रही है कि राज्य में तीन और उपमुख्यमंत्री बनने चाहिए। कांग्रेस आलाकमान का फैसला अंतिम होगा।

### अब ओडिशा में शराबबंदी की हो रही तैयारी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में राजनीतिक माहौल के बीच नवनिर्वाचित भाजपा सरकार राज्य को शराब



मुक्त बनाने की योजना बना रही है। यदि पूरी तरह से नहीं, तो सरकार चरणबद्ध तरीके से ओडिशा को शराब मुक्त बनाने पर विचार कर रही है। स्वतंत्रता दिवस से ओडिशा में शराब प्रतिबंध का खंडन करने शराब बंदी की योजना है।

### बैग में बच्चे को छिपाकर ले जा रही महिला अरेस्ट


**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बिराती रेलवे स्टेशन पर अपने बैग में बच्चा



छिपाकर ले जा रही एक महिला को कुछ यात्रियों ने पकड़ लिया। बैग में बच्चे के साथ महिला के पकड़े जाने के बाद स्टेशन पर तनाव की स्थिति पैदा हो गई। लोगों ने महिला पर बच्चे के अपहरण का आरोप लगाया है।

### पाली में दुकान का छज्जा गिरा, भाई-बहन की मौत

**पाली।** जयपुर, अलवर, नागौर, चित्तौड़गढ़, पाली, सिरोही, भरतपुर और उदयपुर में बुधवार दोपहर



मौसम बदला और करीब आधे घंटे तक बरसात हुई। पाली जिले के बाली क्षेत्र में बीजापुर में राता महावीर जी रोड पर दोपहर करीब 3 बजे बारिश से बचने दुकान के बाहर बैठे लोगों पर छज्जा गिर गया। बताया जा रहा है कि हादसे में भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई। मां और एक अन्य घायल हो गए।

## राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब नीति घोटाला मामले में की सुनवाई

# तीन दिन की सीबीआई रिमांड पर भेजा पत्नी से मिलने व घर के खाने की छूट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



**दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को झटका**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को और बड़ा झटका लगा है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को कथित शराब नीति घोटाला मामले में तीन दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया है।

सीबीआई ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बुधवार को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया।

केंद्रीय एजेंसी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ के लिए अदालत से केजरीवाल को पांच दिन के लिए उसकी हिरासत में भेजने की मांग की थी। कोर्ट का कहना है कि रिमांड के दौरान कोर्ट ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को हर दिन उनसे 30 मिनट और उनके वकील को हर दिन उनसे 30 मिनट मिलने की इजाजत दी। अदालत ने उन्हें रिमांड के दौरान अपनी दवाएं और घर का बना खाना खाने की भी अनुमति दी।

### जैन और चौधरी ने दी दलीलें

केजरीवाल की गिरफ्तारी सीबीआई ने ट्रायल कोर्ट में ही की। कोर्ट में केजरीवाल की तरफ से वकील विवेक जैन और विक्रम चौधरी पेश हुए। वहीं सीबीआई की तरफ से वकील डीपी सिंह ने दलीले दीं। दोनों पक्षों की दलीलें वेकेशन बेंच के जस्टिस अमिताभ रावत ने सुनी।

### आप निर्दोष है और मैं भीः केजरीवाल

केजरीवाल ने अदालत से कहा कि मीडिया में सीबीआई सूत्रों के हवाले से ये दिखाया जा रहा है कि मैंने एक बयान में पूरा दोष मनीष सिसोदिया पर डाल दिया है। मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है कि सिसोदिया दोषी हैं या कोई और दोषी है। मैंने कहा है कि सिसोदिया निर्दोष हैं, आप निर्दोष है, मैं निर्दोष हूं। उन्होंने कहा कि उनकी पूरी योजना मीडिया के सामने हमें बदनाम करने की है। इसलिए ये कर रहे हैं।

### सिसोदिया दोषी नहीं

केजरीवाल ने कहा कि मीडिया में खबर चलाई जा रही है कि मैंने सिसोदिया पर शराब नीति के आरोप लगाए हैं। यह गलत है। मैंने कहा था कि कोई दोषी नहीं हैं। सिसोदिया भी दोषी नहीं हैं। सीबीआई के वकील ने कहा मीडिया में जो चल रहा है वह सब सही है। सब फैक्ट्स पर आधारित है। कोर्ट रूम में केजरीवाल की तबीयत बिगड़ गई थी। उनका शुगर लेवल गिरने के कारण कुछ देर के लिए उन्हें अलग रूम में शिफ्ट किया गया।

### गिरफ्तारी पर बोलीं पत्नी सुनीता

### सभी ने पूरी ताकत लगा दी बंदा जेल से बाहर न आ सके




दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले पर उनकी पत्नी सुनीता की प्रतिक्रिया सामने आई है। सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि पूरी व्यवस्था इस कोशिश में लगी हुई है कि उनके पति अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर न आएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सब तानाशाही और इमरजेंसी के जैसा ही है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सुनीता केजरीवाल ने पोस्ट कर कहा कि उनके पति को शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 20 जून को जमानत मिल गई थी, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तुरंत स्टे ले लिया। अगले ही दिन सीबीआई ने उन्हें आरोपी बना दिया। और आज उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने की संभावना सीबीआई का सहारा लिया

आप ने कहा कि जब केजरीवाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने की संभावना थी तो भाजपा घबरा गई और उन्हें फर्जी मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार करवा दिया। इसी तरह के आरोप संजय सिंह समेत आप के तमाम नेताओं ने भी लगाए हैं।

## सरकार और गवर्नर में फिर टकराव!

# शपथ ग्रहण को लेकर सदन में धरने पर बैठे 2 विधायक



### विधानसभा में नेताओं ने दिया धरना, गवर्नर ने विकल्प खारिज किए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

शपथ ग्रहण को लेकर गतिरोध के बीच टीएमसी के दो नवनिर्वाचित विधायकों ने पश्चिम बंगाल विधानसभा परिसर में धरना शुरू कर दिया। वे शाम तक राज्यपाल सीवी आनंद बोस के वहां आकर उन्हें पद की शपथ दिलाने या अध्यक्ष को जिम्मेदारी सौंपने का इंतजार करते रहे।

सायंतिका बंदोपाध्याय और रायत हुसैन सरकार लगातार कोलकाता के पास बारानगर और मुर्शीदाबाद जिले के भागाबंगोला से विधायक निर्वाचित हुए हैं। राजभवन की तरफ से यह बताया गया है कि शपथ ग्रहण समारोह गवर्नर हाउस में बोस के सामने होगा।

### इसलिए हम सीढ़ियों पर इंतजार कर रहे

हुसैन सरकार ने कहा कि हमने माननीय राज्यपाल से अनुरोध किया है कि वह विधानसभा में आएं और हमें शपथ दिलाएं या यह जिम्मेदारी अध्यक्ष को सौंप दें। हालांकि, उन्होंने दोनों विकल्पों को अस्वीकार कर दिया है। इसलिए हम विधानसभा की सीढ़ियों पर इंतजार कर रहे हैं। हुसैन सरकार और बंद्योपाध्याय तख्तियों पर उन्हें निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में कर्तव्यों का पालन करने की अनुमति दी जाए जैसे नारे लिखकर राज्यपाल से रिक्वेस्ट करते दिखे। बंदोपाध्याय ने कहा, जब तक हम शपथ नहीं ले लेते, हम विधायक के रूप में काम नहीं कर सकते। हमारे निर्वाचन क्षेत्र के लोग परेशान हैं।

### अगर राज्यपाल चाहें तो...

सरकार ने बताया कि वह और बंद्योपाध्याय राज्यपाल द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने या अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की मौजूदगी में शपथ ग्रहण के लिए अपनी सहमति देने के लिए इंतजार करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह एक संवैधानिक शिष्टाचार है और यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। अगर राज्यपाल चाहें तो वह विधानसभा में आकर शपथ दिला सकते हैं। हम सभी व्यवस्था करेंगे। हमें कोई समस्या नहीं है। लेकिन गतिरोध नहीं होना चाहिए।

## 'नमो लक्ष्मी योजना' का विस्तार

# 9वीं से 12वीं तक के छात्राओं को गुजरात सरकार देगी 50 हजार

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



गुजरात सरकार द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक की पात्र छात्राओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मार्च में शुरू की गई 2 योजनाओं के तहत लगभग 4.37 लाख लड़कियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

इस संबंध में बताया गया है कि 'नमो लक्ष्मी योजना' के लिए 4.03 लाख छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं लगभग 37,000 छात्राओं ने 'शाला प्रवेशोत्सव -कन्या केलवणी महोत्सव 2024' के तहत 'नमो सरस्वती विज्ञान साधना योजना' के लिए नामांकन कराया है। यह गुजरात में पहली कक्षा में छात्राओं के नामांकन के लिए एक वार्षिक अभियान है। यह योजना उन लड़कियों के लिए लागू है जिनके परिवार की आय 6 लाख रुपये प्रति वर्ष से कम है।

## राज्य में पास हुआ प्रस्ताव

# भाजपा ने तमिलनाडु में किया जातिगत गणना का समर्थन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष की ओर से जाति जनगणना को मुद्दा बनाने के बाद ऐसा लगता है कि भाजपा भी इसके लिए तैयार हो गई है। राष्ट्रीय स्तर पर अभी तक इस बारे में कोई सुगबुगाहट नहीं है, लेकिन तमिलनाडु में यह बड़ा मुद्दा बन गया है। तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से जाति आधारित जनगणना जल्द कराने का आग्रह किया। सीएम एमके स्टालिन की ओर से पेश प्रस्ताव में कहा गया कि केंद्र सरकार को जनगणना का काम तत्काल शुरू करना चाहिए जो 2021 से लंबित है। इस बार जाति आधारित गणना भी कराई जानी चाहिए।भाजपा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायकों ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

## राहुल बने नए पावर सेंटर

# ईडी से लेकर सीबीआई चीफ तक चुनने में होगी उनकी मंजूरी अहम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

18वीं लोकसभा में कांग्रेस के लिए वो हुआ है, जो पिछली दो लोकसभा में नहीं हो सका। 2014 में सत्ता से बेदखल होने के बाद कांग्रेस को लोकसभा में पहली लीडर ऑफ अपोजिशन यानि नेता प्रतिपक्ष का पद मिला है।

ये संवैधानिक पद राहुल गांधी संभालेंगे। ये ऐसा पद है जिसे खास रुतबा और पावर मिलता है। सरकार की सभी महत्वपूर्ण कमेटियों में उसे जगह मिलती है। तमाम शीर्ष सरकारी एजेंसियों के प्रमुख पदों की नियुक्ति में उसकी भी मंजूरी मायने रखती है।



### राहुल को एमपी-एमएलए कोर्ट ने पेश होने को कहा

*राहुल गांधी को सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने मानहानि केस में 2 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कह दिया है। बड़ी बात यह है कि मानहानि मामला गृह मंत्री अमित शाह के ऊपर की गई एक विवादित टिप्पणी से जुड़ा हुआ है।*

### कैबिनेट मंत्री का दर्जा भी मिला

*विपक्ष के एक बड़े वर्ग को उम्मीद थी कि कांग्रेस के 10 साल में पहली बार इस प्रतिष्ठित पद का पात्र होने के बाद गांधी विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी संभालेंगे। 16वीं और 17वीं लोकसभा में विपक्ष का कोई नेता नहीं था क्योंकि कांग्रेस के पास एलओपी का दर्जा पाने के लिए जरूरी 56 सीटें नहीं थीं। इस बार कांग्रेस के पास लोकसभा में 99 सीटें हैं। एलओपी का दर्जा और भत्ते कैबिनेट मंत्री के बराबर होते हैं।*

## आपातकाल की निंदा पर लोकसभा में कांग्रेस ने किया हंगामा

# 'रियर व्यू मिरर' देखकर कार चलाना बंद करे भाजपा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपातकाल की जमकर निंदा की, जिसके बाद सदन में विपक्ष ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। बिरला ने इसे देश के इतिहास का एक काला अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आपातकाल के दौर में ऐसे कई काम किए, जिन्होंने संविधान की भावनाओं को कुचलने का काम किया, लेकिन हम संविधान की रक्षा की भावना को दोहराते हैं। बिरला ने कांग्रेस को तानाशह सरकार कहा, इंदिरा गांधी का जिक्र किया और नसबंदी तक के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा।

## बिरला ने किया कांग्रेस की तानाशाही, इंदिरा का जिक्र

### इमरजेंसी को काला दिन बताया



### लोकतंत्र के सिद्धांतों पर आघात


बिरला ने कहा कि ये सदन 1975 में देश में इमरजेंसी लगाने के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करता है।सिद्धांत खत्म किए जा सकें। यह लोकतंत्र के सिद्धांतों पर एक बड़ा आघात था।

### इंदिरा ने खेद जताया थाः कार्ति



लोकसभा परिसर में भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। एनडीए प्रदर्शन पर कांग्रेस नेता कार्ति चिंदबरम ने कहा कि भाजपा को रियर व्यू मिरर देखकर कार चलाना बंद करना चाहिए।भाजपा ने देशभर में आपातकाल की बरसी पर विरोध का ऐलान किया है।1975 से अब तक गंगा में बहुत पानी बह चुका है। इंदिरा गांधी ने इस आपातकाल पर खेद जताया था।

### पीएम मोदी ने आपातकाल की निंदा की सराहना की



*पीएम नरेंद्र मोदी ने बिरला की सराहना की। मोदी ने एक्स पर लिखा कि मुझे खुशी है कि स्पीकर ने आपातकाल की कड़ी निंदा की, उस दौरान हुई ज्यादतियों पर प्रकाश डाला और जिस तरह से लोकतंत्र का गला घोंटा गया उसका भी उल्लेख किया। उन दौरान पीड़ित सभी लोगों के सम्मान में मौन खड़े रहना भी एक अद्भुत भाव था। उआपातकाल 50 साल पहले लगाया गया था लेकिन आज के युवाओं के लिए इसके बारे में जानना जरूरी है क्योंकि तब संविधान को कुचल दिया जाता है, जनता की राय दबा दी जाती है।*

## 'जय फिलिस्तीन' का नारा लगाया

# जैन ने राष्ट्रपति से ओवैसी को अयोग्य करने की मांग उठाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एआईएमआईएमचीफ असदुद्दीन ओवैसी ने जब संसद में शपथ ली, उनकी तरफ से 'जय फिलिस्तीन' का नारा लगा दिया गया। उस नारे की वजह से काफी विवाद बढ़ चुका है। उन्होंने देश की संसद में एक विदेशी समस्या के प्रति अपना समर्थन जारी किया है। इसे नियम के विरोध भी बताया गया है। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास शिकायत पहुंच गई है, यह कंम्पलेन एडवोकेट विष्णु शंकर जैन द्वारा की गई है। जैन ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 102 और 103 के संदर्भ में ओवैसी के खिलाफ एक शिकायत दर्ज करवाई गई है। मांग की गई है कि उन्हें संसद के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया जाए।

# अमेरिका में भीषण गर्मी से पिघली पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की मूर्ति

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में इन दिनों गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। कई हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। गर्मी के बीच वाशिंगटन डीसी से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की छह फीट ऊंची मोम की प्रतिमा पिघल गई है। पिघल जाने की वजह से लिंकन की प्रतिमा का आकार पूरी तरह से बिगड़ गया है।

*अमेरिका के इलाकों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी की वजह से वॉशिंगटन डीसी में पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का मोम का स्टैच्यू पिघल गया है।*



### 38 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा

वॉशिंगटन डीसी में शनिवार को तापमान करीब 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इस मूर्ति को अमेरिकी कलाकार सैंडी विलियम्स कश ने बनाया था। इस मूर्ति को इसी साल फरवरी में नॉर्थवेस्ट वाशिंगटन के स्कूल परिसर के बाहर स्थापित किया गया था। गर्मी में प्रतिमा पिघल जाने के बाद हमारे कर्मचारियों ने लिंकन के सिर को गिरने और टूटने से बचाने के लिए खुद से हटा दिया है।




### पाक में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार

पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची में शनिवार से ही भीषण गर्मी पड़ रही है और बुधवार को लगातार तीसरे दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया।

### स्कूल के बाहर लगाई गई थी प्रतिमा

*वाशिंगटन डीसी के एक प्राइमरी स्कूल के बाहर अब्राहम लिंकन की मोम की मूर्ति लगाई गई थी। गर्मी की वजह से लिंकन की मूर्ति का सिर पिघल गया और धड़ से अलग हो गया। अब्राहम लिंकन की पिघल हुई मूर्तियों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।*

### पाक में भीषण गर्मी से मचा हाहाकार

*कराची। पाकिस्तान में हीटवेव के कारण हाहाकार मचा हुआ है। पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण पिछले चार दिनों में कम से कम 450 लोगों की मौत हो गई है। ईधी फाउंडेशन ने कहा कि बुधवार को छोड़कर पिछले चार दिनों में उसे कम से कम 427 शव मिले हैं।*

### शव रखने के लिए जगह नहीं बची

*फाउंडेशन के प्रमुख फैसल एधी ने कहा, 'कराची में हमारे चार शवगृह संचालित हैं और हम ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं, जहां हमारे शवगृहों में और शव रखने के लिए जगह नहीं बची है'।*

---

## खबर संक्षेप

### अमेरिका में भारतीय दंपती को सजा



**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक अदालत ने एक भारतीय-अमेरिकी दंपत्ति को अपने रिश्तेदार को स्कूल में दाखिला दिलाने का लालच देकर अमेरिका लाने और उसे तीन साल से अधिक समय तक अपने गैस स्टेशन और डिपार्टमेंटल स्टोर पर काम करने के लिए मजबूर करने के आरोप में जेल की सजा सुनाई है। हरमनप्रीत सिंह (31) को अदालत ने 135 महीने (11.25 साल) और कुलबीर कौर (43) को 87 महीने (7.25 साल) की जेल की सजा सुनाई है।

### अलकायदाः चरमपंथियों को दोषी करार दिया




**हेग।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय(आईसीसी) ने अलकायदा से जुड़े एक चरमपंथी इस्लामिक नेता को माली के टिम्बकटू में युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों का दोषी ठहराया। अभियोजन पक्ष ने अल हसन अग,अब्दुल अजीज अग, मोहम्मद अग, महमूद पर 2012 में उत्तरी माली के ऐतिहासिक रेगिस्तानी शहर में विद्रोहियों के आतंकी शासन के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया था।

---

### कंधे से दागे जाने वाला कवच रोधी हथियार है जैवलिन

# भारत खरीदेगा रूस के छक्के छुड़ाने वाली अमेरिकी मिसाइल

*जैवलिन 46 राउड का हथियार कंधे से दागा जा सकता है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अपनी लड़ाई में सबसे ज्यादा जिस हथियार का इस्तेमाल किया है, जो है एफजीएम-18 जैवलिन मिसाइल, जिसने रूसी सेना के छक्के छुड़ाकर रख दिए हैं। कंधे से दागे जाने वाला कवच रोधी इस हथियार के भारत में बनने की संभावना काफी ज्यादा बढ़ है। अगर भारत और अमेरिका के बीच बातचीत कामयाब होती है, तो हो सकता है, कि एफजीएम-18 जैवलिन मिसाइल का निर्माण भारत में हो। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन की हाल ही में भारत यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने एफजीएम-18 जैवलिन हथियार के संयुक्त उत्पादन के लिए कई प्रस्तावों पर चर्चा की है, जिसमें भारतीय सेना के लिए जेवलिन एंटी-टैंक मिसाइल सिस्टम शामिल है।





### एफजीएम-18 जैवलिन की खासियत

अमेरिका के डिफेंस कॉन्ट्रैक्टर रेथियॉन और अमेरिकी हथियार कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने एफजीएम-18 जैवलिन का निर्माण किया है और 46 पाउंड का यह हथियार कंधे से दागा जा सकता है। इस हथियार की सबसे बड़ी खासियत ये है, कि ये युद्ध के मैदान में किसी भी टैंक या मोबाइल वाहन को भेदने की क्षमता रखता है। यह हेलीकॉप्टरों को भी मार गिराने की क्षमता रखता है। भारतीय सेना करीब एक दशक से कंधे से दागे जाने वाले एटीजीएम हथियार की तलाश कर रही है। और यदि बातचीत आगे बढ़ती है, तो भारत में मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र स्थापित करने के लिए, एक स्थानीय भागीदार की तलाश की जाएगी।

### मार गिराने में सक्षम जैवलिन

जैवलिन अपनी क्षमता का प्रदर्शन युद्ध में कर चुका है। जैवलिन दुश्मन को मार गिराने सक्षम है। अमेरिका ने यूक्रेन को 10,000 से ज्यदा जैवलिन सिस्टम की आपूर्ति की है। विशेषज्ञों का मानना है, कि इस हथियार ने यूक्रेन की पैदल सेना को, रूस की विनाशक मशीनी हथियारों को मार गिराने की अभूतपूर्व क्षमता दी है। अगस्त 2023 के अंत में, अमेरिकी रक्षा दिग्गज लॉकहीड मार्टिन ने कहा था, कि वह अमेरिकी रक्षा कॉन्ट्रैक्टर रेथियॉन के साथ मिलकर काम करते हुए, 2026 तक मौजूदा जैवलिन उत्पादन दर को 2,100 प्रति वर्ष से लगभग दोगुना करके 4,000 तक करने की योजना बना रहा है।

### भारत को है ऐसे हथियार की तलाश

भारतीय सेना अपने पूर्वी और पश्चिमी प्रतिद्वंद्वियों (चीन और पाकिस्तान) से मुकाबला करने के लिए अपनी मारक क्षमता को बढ़ाने की कोशिश कर रही है। जून 2023 में, भारत ने लाइसेंस-निर्मित बीएमपी-2/2के 'सारथ' इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स पर लगाए जाने वाले 5,000 फायर-एंड-फॉरगेट मिसाइलों और 500 लॉन्चर सिस्टम के अधिग्रहण के लिए एक फत्रक जारी किया।आरएफआई में कहा गया है, कि एटीजीएम में शीर्ष और प्रत्यक्ष हमले करने की क्षमता होनी चाहिए। उनकी लंबाई 1.25 मीटर से कम, वजन 25 किलोग्राम और 125 मिमी कैलिबर होना चाहिए।

### भारत कतर से 12 सेकंड हैंड मिराज फाइटर जेट खरीदेगा



**दोहा।** लड़ाकू विमान खरीदने को लेकर ये चर्चा शुक्रवार को दिल्ली में हुई है, जहां भारतीय अधिकारियों को कतर ने मिराज-2000 विमानों की वर्तमान स्थिति और ऑपरेशन क्षमताओं के बारे में जानकारी दी है।

### भारत और कतर के संबंध अच्छे

कतर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है, जो 2023 में लगभग 11 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्षों की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है। भारत, कतर के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है, खास तौर पर तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात में, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा रणनीति का एक महत्वपूर्ण घटक है।

### लड़ाकू विमान अच्छी स्थिति में

जानकारी के अनुसार लड़ाकू विमान बहुत अच्छी स्थिति में हैं, और उनका 80-85 प्रतिशत ऑपरेशनल लाइफ अभी भी बरकरार है। कतर ने कथित तौर पर 12 विमानों के लिए लगभग 600,000 डॉलर का प्रस्ताव दिया है, भारत अभी कीमत कम करवाने के लिए बातचीत करना चाह रहा है।

---

### सावधानी बरतने की दी सलाह



# केन्या में बिगड़ते हालातों के बीच भारत ने अपनों के लिए जारी की एडवाइजरी

**केन्या में हिंसक प्रदर्शन से हालात बिगड़े**

**भारतीय नागरिकों को विरोध-हिंसा से दूर रहने की सलाह दी**

एजेंसी ▶▶ नैरोबी

पूर्वी अफ्रीका देश केन्या के हालात बिगड़ते जा रहे हैं। टैक्स बढ़ाने के विरोध में बवाल हिंसक हो चुका है। आक्रोशित भीड़ ने संसद तक में आग लगा दी। ऐसे तनावपूर्ण हालातों के मद्देनजर भारत ने अपने नागरिकों को अत्यंत सावधानी बरतने की सलाह दी है। केन्या में हिंसक प्रदर्शन के बीच भारत ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी की है। केन्या में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को वहां के भारतीय नागरिकों को अत्यंत सावधानी बरतने और स्थिति में सुधार होने तक विरोध और हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी।

### भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर पोस्ट किया

केन्या में भारतीय उच्चायोग ने मंगलवार को एक्स पर एडवाइजरी पोस्ट करते हुए कहा, वर्तमान तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए केन्या में सभी भारतीयों को अत्यधिक सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही को प्रतिबंधित करने और स्थिति सुधरने तक विरोध और हिंसा से प्रभावित इलाकों से बचने की सलाह दी जाती है।

---

### एक्ट में सिम कार्ड को लेकर कई कड़े प्रावधान किए

# दूरसंचार विधेयक लागू, तीन साल की जेल का है प्रावधान

*सिम कार्ड फ्रॉड करने पर तीन साल की होगी जेल*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

26 जून से दूरसंचार अधिनियम 2023, आंशिक रूप से लागू होने जा रहा है। आंशिक रूप से मतलब ये है कि इस कानून की कुछ धाराओं के नियम लागू हो जाएंगे। दूरसंचार अधिनियम 2023 मौजूदा भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम (1885), वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम (1933) और टेलीग्राफ वायर (अवैध कब्जा) अधिनियम (1950) के पुराने विनियामक ढांचे की जगह लेगा। आज से अधिनियम की धारा 1, 2, 10 से 30, 42 से 44, 46, 47, 50 से 58, 61 और 62 के प्रावधान भी लागू हो जाएंगे।



### विधेयक 2023 की खास बातें

फर्जी सिम कार्ड जारी करने पर रोक लगाने के लिए बिल में सख्त प्रावधान हैं। किसी भी तरह के सिम कार्ड फ्रॉड करने पर तीन साल की जेल और जुर्माना लगेगा। बिल के तहत फर्जी सिम कार्ड बेचने, खरीदने और इस्तेमाल करने पर भी तीन साल तक की जेल या 50 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है।

### डीएनडी को लेकर कड़े कानून

यदि कोई यूजर डीएनडी सर्विस को ऑन रखता है तो उसके पास इस तरह के मैसेज या कॉल नहीं जाने चाहिए और यदि नियम का उल्लंघन होता है तो कार्रवाई होगी। जो ग्राहकों की प्राथमिकताओं के आधार पर वाणिज्यिक संदेशों पर दूरसंचार नियामक भारतीय दूरसंचार विनियम प्राधिकरण (ट्राई) के नियमों का उल्लंघन करते हैं।

---

### सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान तेज किया

# जम्मू के डोडा में चल रही मुठभेड़, एक आतंकी ढेर

*खूफिया सूचना के आधार पर सेना ने घेराबंदी शुरू की*



एजेंसी ▶▶ जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों से साथ जारी मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। जिले के गनदोह इलाके के बजाद गांव में सुबह 9.50 बजे के करीब मुठभेड़ शुरू हुई। एक अधिकारी ने कहा, "गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस, सीआरपीएफ और सेना ने एक घेराबंदी एवं तलाशी अभियान शुरू किया।

### पहले घायल हुए थे सात जवान

*गौरतलब है कि 11 जून को चत्तरगल्ला में एक चेक पोस्ट पर आतंकवादियों के हमले में 6 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे, जबकि अगले दिन गंडोह क्षेत्र के कोटा टॉप पर आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया था। इन दोहरे हमलों के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिया और जिले में घुसपैठ कर सक्रिय 4 पाकिस्तानी आतंकवादियों पर 5-5 लाख रुपए का नकद इनाम घोषित कर दिया।*

### 11 और 12 को डोडा में हुआ था आतंकी

*डोडा जिले में 11 और 12 जून को दो आतंकवादी हमले हुए थे। सुरक्षा बलों ने जम्मू डिविजन के डोडा, रियासी, पुंछ, राजौरी और किश्तवाड़ जिलों में कथित तौर पर सक्रिय करीब 70 विदेशी आतंकवादियों के खिलाफ व्यापक रणनीति तैयार की है।*

---


### नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

# झारखंड से प्राचार्य को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ रांची

सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में जांच तेज कर दी है। दिल्ली सीबीआई की एक टीम बुधवार को मामले की जांच करने के लिए झारखंड के हजारीबाग पहुंची।

सीबीआई की जांच टीम हजारीबाग के ओएसिस स्कूल पहुंची और प्रिंसिपल से पूछताछ के बाद उसे उठा लिया। सीबीआई की टीम प्रिंसिपल को साथ लेकर गई है। हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसानुल हक नीट के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर थे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सीबीआई की जांच टीम हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और नीट के सिटी कोऑर्डिनेटर एहसानुल हक को लेकर पहले स्कूल पहुंची। इस के बाद मौके का मुआयना किया।




### हजारीबाग से भी लीक हुए थे प्रश्नपत्र

बिहार ईओयू की प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि पटना में मिले प्रश्नपत्र हजारीबाग से ही लीक हुए थे। सीबीआई ने इस मामले में मंगलवार को भी स्थानीय टीम से बात की थी। जानकारी के मुताबिक नीट पेपर लीक की जांच कर रहे सीबीआई जांचकर्ताओं ने मंगलवार को पटना में शास्त्री नगर थाने के अधिकारियों से मुलाकात की थी। इसी थाने में पिछले महीने की शुरुआत में इस मामले के संबंध में पहला मामला दर्ज किया था।

---

### इजराइल द्वारा लिया गया संकल्प गाजा के लिए बना मुसीबत का कारण

# इजराइल की नई चेतावनी, जल्द गाजा में हमास शासन का होगा खात्मा

एजेंसी ▶▶ जेरूसलम

हमास और इजराइल खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर दुनिया भर के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं, इजराइल अपने लक्ष्य पर डटा हुआ है। उसका कहना है कि वह जल्द ही उत्तरी गाजा में हमास शासन को बदलने की



**हमास ने इजराइली शहरों में 5 हजार से ज्यादा रॉकेट दागे थे**

### इजराइली सेना हमास के सदस्यों को खत्म करेगी

इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हानेग्बी ने बताया रीचमैन विश्वविद्यालय के वार्षिक हर्जलिया सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमास की शासन करने की क्षमता को खत्म करने से उन देशों के लिए अवसर खुलेंगे, जो गाजा में सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि गाजा में जो नया नेतृत्व होगा, उसमें इजराइल के अब्राहम समझौते के साझेदार, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र शामिल होंगे। वहीं इजरायली सेना हमास के सदस्यों को ढूंढ-ढूंढ कर खत्म करना जारी रखेगी।

### अब यह नई योजना

हानेग्बी ने कहा, 'हम लंबे समय से इस योजना के बारे में बात कर रहे हैं। मगर तब हमारी कोशिश थी कि हमास को पूरी तरह से खत्म करना। हालांकि अब हमें इसके पूरी तरह से खत्म होने की प्रतीक्षा करने की जरूरत नहीं है। उस प्रक्रिया में लंबा समय लग सकता है। इसलिए अब हमारी यही योजना है और इस पर अमेरिका भी सहमत हैं।

### आठ माह से जारी है जंग

हमास ने सात अक्तूबर को इजरायली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इजरायल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इजरायल और गाजा में कुल मिलाकर 34,622 लोगों की मौत हो चुकी है। फलस्तीनी अधिकारियों के अनुसार, गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में कम से कम 549 फलस्तीनियों

---

# बीकानेर में फेंका धड़ और जोधपुर में सिर

*लिव इन पार्टनर के साथ किया दोस्त का कत्ल*

एजेंसी ▶▶ जयपुर

बीकानेर में 15 जून को मिली एक महिला की सिर कटी लाश मामले की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है. बीकानेर एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि बीकानेर पुलिस ने हत्या में शामिल विकास मान ओर उसकी लिवइन पार्टनर संगीता को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक महिला आरोपी संगीता की दोस्त थी। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उसने हत्या करने के बाद महिला का सिर और हाथ बोरे में डाल कर जोधपुर लेकर आए थे और रातानाडा क्षेत्र से निकलने वाले नाले में डाल दिया। इसके बाद बीकानेर पुलिस आरोपी को साथ लेकर जोधपुर आई।



### आरोपी को बड़ी बहन मानती थी मुस्कान

*आरोपियों ने बताया कि गला दबाकर मुस्कान की हत्या कर दी। फिर शव को काटकर धड़ बीकानेर में फेंका और सिर और हाथ जोधपुर शहर के एक नाले में फेंक दिया था। बताया जाता है कि मृतका मुस्कान को विकास और संगीता का लिव इन में रहना पसंद नहीं था। फिर भी मुस्कान हमेशा संगीता को अपनी बड़ी बहन मानती थी।*

## चिंतन

# अबकी बार लोकसभा में बिरला की कठिन परीक्षा

ओम बिरला ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए। विपक्ष ने कोडिकुन्नील सुरेश को अपना उम्मीदवार जरूर खड़ा किया था, पर वोटिंग के लिए जोर नहीं दिया। यह विपक्ष का प्रतीकात्मक तरीका रहा। बिरला की यह दूसरी पारी है। मोदी सरकार 2.0 के समय भी वर्ष 2019 से वर्ष 2024 तक ओम बिरला ही लोकसभा अध्यक्ष रहे। वर्ष 2014 में जब केंद्र में पहली बार मोदी की सरकार बनी थी, तो सुमित्रा महाजन लोकसभा अध्यक्ष बनी थीं। पहली बार है जब भाजपा नीत राजग सरकार में कोई नेता लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बना हो। इस बार लोकसभा का नजारा बदला हुआ है। भाजपा अपने दम पर बहुमत में नहीं है, राजग बहुमत में है, विपक्ष के रूप में इंडिया ब्लॉक मजबूत है, इसलिए लोकसभा अध्यक्ष के रूप में निम्न सदन में ओम बिरला की कार्यकुशलता की असली परीक्षा होगी। सत्ता पक्ष पर सदन में विपक्ष की आवाज दबाने के आरोप लगते रहे हैं। ओम बिरला के पहले कार्यकाल में राहुल गांधी समेत करीब 146 विपक्षी सांसदों का निलंबन किया गया था, राहुल गांधी को जल्दबाजी में अयोग्य ठहराया गया था, हालांकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राहुल की सांसदी फिर बहाल कर दी गई थी। इस पूरी प्रक्रिया में ओम बिरला पर सत्ता पक्ष के प्रतिनिधि के तौर पर काम करने के आरोप कई बार लगे। जबकि लोकसभा अध्यक्ष का पद और कार्यक्षेत्र दलगत राजनीति से ऊपर होता है। 18वीं लोकसभा में 99 सीटों के साथ सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस है, सो कांग्रेस के खाते में सदन में नेता विपक्ष का पद है। कांग्रेस ने राहुल गांधी को नेता विपक्ष बनाया है, राहुल को इंडिया ब्लॉक के सहयोगी दलों का समर्थन भी प्राप्त है, हालांकि ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के सुर तल्ख हैं, पर विरोध में नहीं है। वर्ष 2014 व वर्ष 2019 में कांग्रेस के पास इतनी सीटें नहीं थीं कि वह नेता प्रतिपक्ष पद की पात्रता को पूरा कर पाती, इसलिए दोनों ही कार्यकाल में नेता प्रतिपक्ष का पद खाली ही रहा। भारतीय लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष को बहुत अधिक संवैधानिक अधिकार प्राप्त है, इसलिए अब राजग के लिए कोई भी फैसला लेना आसान नहीं होगा, ऐसे में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की जिम्मेदारी बढ़ेगी, सदन को चलाने में अधिक सहनशीलता का परिचय देना होगा, विपक्षी सांसदों के प्रति नरम रवैया रखना होगा। लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्हें आसन तक पीएम नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू लेकर गए। बिरला को बधाई देते हुए जहां पीएम ने कहा कि आपका अनुभव सदन का सुचारू चलाने में काम आएगा, वहीं विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उम्मीद है कि विपक्ष की आवाज सुनी जाएगी। अखिलेश यदव समेत विपक्ष के नेताओं ने यह भी उम्मीद जताई कि उन्हें सदन में जनता की आवाज उठाने का पर्याप्त समय मिलेगा, सांसदों के निष्कासन जैसी कार्यवाही नहीं देखने को मिलेगी। हालांकि पहले ही दिन सदन में आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव के दौरान विपक्ष का हंगामा देखने को मिला। सदन में कार्य निष्पादन में ओम बिरला को अपने अनुभव के आधार कार्यकुशलता दिखानी होगी, लोकसभा की हांगामा संस्कृति में बदलाव लाना होगा, पद की गरिमा का पालन करना होगा और निष्पक्षता व निरपेक्षता का मानदंड स्थापित करना होगा। अध्यक्ष के रूप में ओम बिरला को दलगत सीमा से ऊपर उठते हुए ऐसी नजीर पेश करनी होगी कि लोकसभा के इतिहास में उनका मुकाम निष्पक्ष व निरपेक्ष अध्यक्ष के रूप में कायम हो।



**विश्लेषण**
डॉ. रमेश ठाकुर

# नेता विपक्ष राहुल की चुनौतियां

> कांग्रेस बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतना पिछड़ गई थी कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही 2024 का जो जनादेश मिला है वह सभी दलों के लिए एक सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है, इसलिए कांग्रेस के सितारे एक बार फिर थोड़े से चमके हैं। पिछली बार मात्र 52 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे, पर ये आंकड़ा इस बार 99 तक पहुंच गया है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई और उसे यह पद मिला भी है।

सोलहवीं और 17वीं लोकसभा में नबंरों के लिहाज से कांग्रेस बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतना पिछड़ गई थी कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही, परंतु कहते हैं न कि सियासत में चमत्कार की संभावनाएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा रहती हैं। किसके सितारे बुलंद हो जाएं और किसके अचानक बुझ जाएं इसका पता नहीं चलता क्योंकि इसका सारा दारोमदार और सब कुछ जनता-जर्नादन के मूड और विचारों पर निर्भर रहता है? बीते 2024 के आम चुनाव में हुआ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही हुआ है। भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने का दावा कर रही थी और पूरी तरह आश्वस्त भी थी, लेकिन जनता ने उसके दावे को अस्वीकार कर दिया। भाजपा जैसे गठबंधन की सीटों का 400 का दावा कर रही थी, वैसा हुआ नहीं, जनता ने उसे बहुमत देकर मौका तो अवश्य दिया, लेकिन आधा-अधूरा? हालांकि, यह भी गौरतलब है कि कांग्रेस ने इस बार उम्मीद से कहीं बढ़कर बेहतरीन प्रदर्शन कर खुद को लड़ाई में बरकरार रखा।

कोई भी राजनीतिक दल चाहे वो कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृति से सभी को तौबा करना होगा। 2024 का जो जनादेश मिला है वह सभी दलों के लिए एक सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है, इसलिए कांग्रेस के सितारे एक बार फिर थोड़े से चमके हैं। पिछली बार मात्र 52 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे, पर ये आंकड़ा इस बार 99 तक पहुंच गया है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई और उसे यह पद मिला भी है। । अच्छे नंबरों से पास होने का ही नतीजा है कि नेता विपक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम पर ताजपोशी होनी विपक्षी धड़े की ओर से मुकर्रर हुई है, लेकिन जनता का संदेश पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बराबर है? जो जनता के हित में काम करेगा, उसकी जयकार होगी। वरना, घमंड चकनाचूर करने में देश के मतदाता जरा भी नहीं हिचकेंगे? 2024 के जनादेश ने देश की सियासी तस्वीर पूरी तरह से बदल दी है। चाहे प्रधानमंत्री हों या नेता विपक्ष देश की जनता सभी से काम की उम्मीद करने की करती है। नेता भी अब समझ गए हैं कि केवल लच्छेदार भाषणों और हवा-हवाई दावों से अब काम नहीं चलने वाला? बहरहाल, गठबंधन राजनीति में नेता विपक्ष के पद को पूरे पांच वर्ष तक सुचारू रूप से यथावत रखना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा? पद पर आसीन होने वाले ओहदेदार के लिए भी चुनौतियों की भरमार रहेगी। उन्हें हर घड़ी अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा। नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा, क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10वीं पास छात्र ही समझती रही है। दरअसल समझने के कई ताजा उदाहण भी सामने मुंह खोले जो खड़े हैं। राहुल गांधी कई



बार अपने सियासी प्रयोगों में विगत वर्षां में असफल हुए हैं, इसलिए भी लोगों को थोड़ा बहुत संदेह अब भी है? अगर उनके सियासी इतिहास के पन्ने खोलें तो सामने एक विफलता भरी तस्वीर उभरकर सामने आती है कि वह कांग्रेस अध्यक्ष का पद भी अच्छे से निर्वाह नहीं कर सके, जिसके चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। अमेठी से चुनाव भी हारे और अपनी अगुआई में पार्टी को चुनाव लड़ाकर भी ज्यादा कुछ नहीं कर सके।

कुल मिलाकर उनके हिस्से में सियासी असफलता की भरमार है। यहां पर उल्लेखनीय है कि इन गुजरे वर्षो में अच्छी बात ये रही कि वह लगातार हारने के बावजूद भी हिम्मत नहीं हारे, सियासी मैदान में मजबूती के साथ डटे रहे? उन्होंने खुद को साबित करने के मकसद से ही भारत जोड़ो यात्रा निकाली, जिसमें उन्होंने लोगों का समर्थन हासिल किया। यही कारण है, जनता ने उन पर थोड़ा भरोसा जताया है और कांग्रेस के नेताओं को इतनी संख्या में संसद पहुंचाया कि उन्हें नेता विपक्ष का पद हासिल हो पाया है।

खैर, राजनीति में असफलता ज्यादा मायने नहीं रखती, क्योंकि कोई भी हार सकता है, इसलिए ये पुरानी और बेजान बातें ही हैं। सियासत ऐसा अखाड़ा है जहां अच्छे से अच्छा खिलाड़ी चित हुआ है। ताजा उदाहरण मौजूदा लोकसभा चुनाव का परिणाम है जिसमें बड़े से बड़े सूरमा अपने अपने क्षेत्रों में धराशायी हो गए हैं। अपने राजनीतिक करियर में राहुल गांधी पहली मर्तबा कोई संसदीय ओहदा संभाल रहे हैं।

18वीं लोकसभा में वह नेता विपक्ष की भूमिका में होंगे, जिसे इंडिया गठबंधन के तकरीबन सभी प्रमुख नेताओं ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। राहुल की उम्मीदवारी की स्वीकृति के लिए प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को कांग्रेस की ओर से बीती 25 जून की देर शाम को अर्जी भी भेज दी गई थी। हालांकि उनके इस पद को लेकर कोई अड़चन या अड़गा इसलिए नहीं लगेगा, क्योंकि संसदीय परंपरा और नियमानुसार नेता विपक्ष के लिए किसी भी दल के पास दस फीसदी सांसद होने चाहिए, जिसमें कांग्रेस सफल है। नेता विपक्ष का पद कांग्रेस को दस साल बाद नसीब हुआ।

राहुल नेता विपक्ष बनने वाले गांधी परिवार से तीसरे सदस्य हैं। इससे पहले उनके पिता राजीव गांधी और सांसद माता सोनिया गांधी यह जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। प्रतिपक्ष भारतीय संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक में आधिकारिक विपक्ष का नेतृत्वकर्ता होता है।

नेता विपक्ष का ओहदा अपने आप में बहुत मायने रखता है। प्रधानमंत्री जैसी एक तिहाई शक्तियां उन्हें प्रदान होती हैं। नेता विपक्ष की सुविधाएं केंद्रीय मंत्री से भी कहीं अधिक बढ़ा दी जाती हैं। तनख्वाह भी तीन लाख रुपये से ऊपर होती हैं। इसके अलावा नेता विपक्ष प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक, सीबीआई प्रमुख, सीवीसी जैसे उच्चस्थ पदों की नियुक्ति में सहभागी होता है। प्रधानमंत्री को नियमानुसार नेता विपक्ष की राय लेनी अनिवार्य होती है। इसके अतिरिक्त नेता विपक्ष अभिलेखा समिति का भी प्रमुख रहता है जो सरकार के प्रत्येक निर्णयों और खर्चों पर निगाह रखता है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अपने तीसरे कार्यकाल में जो भी बड़े निर्णय लेंगे या संवैधानिक नियुक्तियां करेंगे उसमें नेता विपक्ष की भूमिका रहने वाले उस नेता की राय लिया करेंगे, जिन्हें चुनाव में उन्होंने ये भी कह दिया था कि 'कौन राहुल'? इसलिए इस बार की संसदीय प्रक्रिया बहुत दिलचस्प और टकराव भरी होने वाली है। इसमें चुनौती राहुल गांधी के समक्ष सबसे ज्यादा रहेंगी, क्योंकि जनता उनके दमखम को नेता विपक्ष के तौर पर परखेगी और इतना ही नहीं भविष्य की राजनीति में उनके कद को तय करेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## ब्रिटेन आम चुनाव

विवेक शुक्ला



# सुनक के भविष्य को लेकर सवाल

क्या ब्रिटेन में आगामी 4 जुलाई को होने वाले आम चुनावों के बाद भी देश के पहले हिन्दू प्रधानमंत्री श्रृषि सुनक अपने पद पर बने रहेंगे? क्या सुनक की कंजरवेटिव पार्टी को ब्रिटेन में बसे हुए भारतवंशी वोट देंगे? क्या भारतवंशियों के वोट लेबर पार्टी को भी मिलेंगे? बेशक, ये सवाल महत्वपूर्ण हैं। ब्रिटेन की 2011 की जनगणना के अनुसार, वहां लगभग 15 लाख भारतीय मूल के लोग हैं, जो देश की कुल जनसंख्या का 2.5 प्रतिशत है। ब्रिटेन में भारतीय सबसे बड़ा प्रवासी समूह है। हिन्दुजा, लक्ष्मी मित्तल, स्वराज पाल जैसे भारतवंशी ब्रिटेन के सबसे धनी लोगों की सूची में जगह पाते हैं। संडे टाइम्स की बीती मई में जारी ब्रिटेन के सबसे बड़े धनकुबेरों की सूची में श्रृषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति का 245वां स्थान है। अक्षता इंफोसिस टेक्नोलॉजीज के फाउंडर चेयरमेन एन.आर. नारायणमूर्ति की पुत्री हैं। दरअसल ब्रिटेन में बसे भारतीयों का लंबे समय तक झुकाव लेबर पार्टी के साथ रहा है। हालिया सर्वेक्षणों से पुख्ता संकेत मिल रहे हैं कि भारतीय दक्षिणपंथी कंजरवेटिव पार्टी की तरफ झुकाव बढ़ा है। लंदन में 1970 के दशक से बसे लेखक विनोद चव्हाण मानते हैं कि आगामी आम चुनावों में ब्रिटेन में बसे हिन्दू वोटर कंजरवेटिव पार्टी के हक में एकमुश्त वोट दे सकते हैं। ये खबर श्रृषि सुनक और उनकी कंजरवेटिव पार्टी को सुकून दे सकती है। जब हम ब्रिटेन में बसे भारतीयों की बात करते हैं, तब उनमें वे भी शामिल होते हैं जो ब्रिटेन में ईस्ट अफ्रीका, कैरिबियाई टापू देशों और अन्य स्थानों से आकर बसते रहे हैं। सुनक का परिवार 1960 के दशक में केन्या से ब्रिटेन में जाकर बसा था। एक राय यह भी है कि नरेन्द्र मोदी के 2014 में भारत का प्रधानमंत्री बनने के बाद ब्रिटेन में बसे बहुत बड़ी संख्या में भारतीय



कंजरवेटिव पार्टी के समर्थक हो गए। इनमें हिंदू सर्वाधिक हैं। मोदी ने 2015 में अपनी ब्रिटेन यात्रा के दौरान लंदन के वेम्बली स्टेडियम में 60,000 भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया था। उस समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन थे। वे अपने को भारत का दामाद कहने में फख्र महसूस करते हैं। वे अलग किस्म के दामाद हैं। उनकी (दूसरी तलाकशुदा) पत्नी मारिना व्हीलर की मां दीप सिंह कौर की पहली शादी दिल्ली के नामवर ठेकेदार सर सोबा सिंह के पुत्र सरदार दलजीत सिंह से हुई थी। सोबा सिंह के चार पुत्र थे। उनमें से एक लेखक खुशवंत सिंह भी थे। अब एक और महीन बात को समझना होगा। ब्रिटिश में भारतीय धर्म के आधार पर भी बंटे हुए हैं। माना जा रहा है कि अधिकांश भारत मूल के मुस्लिम और सिख लेबर पार्टी के साथ जा सकते हैं। ब्रिटेन में 1960 से 1980 के दशकों में भारत के अलावा, युगांडा, केन्या और कैरिबियाई टापू देशों से भी काफी तादाद में भारतीय मूल के बसे थे। ये लेबर पार्टी को प्रवासियों के हमदर्द के रूप में देखते थे। यह वही दौर था जब लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री हेरेल्ड विल्सन 1965 में रेस रिलेशंस एक्ट लेकर आए। उसे नस्लीय भेदभाव को रोकने की दिशा में अहम कानून माना गया था। ब्रिटेन के हिन्दुओं का 2010 से रुख कंजरवेटिव पार्टी की तरफ होने लगा था। उन भारतीयों में दूसरी और तीसरी पीढ़ी के धनी और शिक्षित हिन्दू भी थे। पिछले 20-25 वर्षों में भारत से नया प्रवासी समुदाय ब्रिटेन पहुंचा है। ये डॉक्टर, इंजीनियर, आई.टी.पेशेवर वगैरह हैं। ये सब अपने को कंजरवेटिव पार्टी का वोटर बताते हैं। यूं ही भारतवंशियों का लेबर पार्टी से मोहभंग नहीं हुआ। हुआ यह कि लेबर पार्टी ने 2019 में एक प्रस्ताव पारित करके जम्मू- कश्मीर के लोगों को 'आत्मनिर्णय का अधिकार' देने की मांग की। लेबर पार्टी के इस प्रस्ताव के कारण ब्रिटेन में बसा भारतीय प्रवासी समुदाय का एक बड़ा हिस्सा लेबर पार्टी से दूर होने लगा। सुनक 2022 में ब्रिटेन के पहले हिन्दू प्रधानमंत्री बने। इसके चलते वहां के हिन्दू और कंजरवेटिव पार्टी के बीच संबंध और गहरे हो गए। अभी नहीं कहा जा सकता कि हिन्दू पूरी तरह से कंजरवेटिव पार्टी के साथ जाएंगे? हिन्दू ब्रिटेन का तीसरा सबसे बड़ा धर्म है। अब तक 29 हिन्दू संगठनों ने इस घोषणापत्र का समर्थन किया है। घोषणापत्र के अनुसार, 'हिन्दू ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था की जान है। देश की अर्थव्यवस्था में हमारा योगदान असमान रूप से अधिक है। हम कानून का पालन करने वाले समुदायों में से एक हैं। इसके बावजूद देश में हिन्दू विरोधी नफरत बढ़ रही है।' इनकी एक बड़ी मांग तो यह है कि इन्हें सुरक्षा मिले। अब कुछ बातें देखने वाली हैं। क्या हिन्दुओं के वोट बटेंगे या कंजरवेटिव पार्टी की झोली में जाएंगे? क्या हिन्दू संगठनों के मेनिफेस्टो पर लेबर और कंजरवेटिव पार्टी गौर करेंगी? क्या हिन्दुओं से इतर ब्रिटिश भारतीय लेबर पार्टी का साथ देंगे?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिवत्व की साधना



संकलित
**दर्शन**

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं, इसलिए कहते हैं कि परमात्मा शिव अपने श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका संकल्प मानवता का कल्याण है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

# गुरु की सीख से दूर होती हैं मुश्किलें



संकलित
**प्रेरणा**

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाली होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### संविधान की चिंता किसे और क्यों?

इस बार के लोकसभा चुनाव में मोदी विरोधी राजनीतिक दलों ने संविधान को मुद्दा बनाया था, लेकिन अब जबकि चुनाव हो चुका है, इसका परिणाम भी सामने आ चुका है और 18वीं लोकसभा का सत्र भी शुरू हो चुका है, लेकिन विपक्ष अभी भी संविधान को बचाने की बात कर रहा है। सवाल यह है कि संविधान की चिंता किसे और क्यों है? क्या देश में भ्रष्टाचार को पनपने देना, अवसरवाद, पेपर लीक आदि संविधान के लिए उचित हैं? बीते समय में संविधान को बचाने के लिए क्या किया गया या फिर इसके विरुद्ध क्या कुछ हुआ, यह कुछ मायने नहीं रखता, बल्कि देश के हर धर्म-जाति के नागरिक को संविधान के अनुसार अधिकारों का लाभ मिले, यह जरूरी है। अगर समय के साथ-साथ संविधान में कुछ बदलाव भी करना पड़े, तो इसमें शायद कोई हर्ज नहीं है।

*- राजेश गुप्ता, धमतरी*

## ट्रेंड

### अद्भुत भाव था



मुझे खुशी है कि माननीय अध्यक्ष ने आपातकाल की कड़ी निंदा की, उस दौरान हुई ज्यादतियों पर प्रकाश डाला और जिस तरह से लोकतंत्र का गला घोंटा गया, उसका भी जिक्र किया। उन दिनों के दौरान पीड़ित सभी लोगों के सम्मान में मौन खड़े रहना भी एक अद्भुत भाव था।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### स्वास्थ्य मानवाधिकार



स्वास्थ्य अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए मौलिक है। हमें स्वास्थ्य को सुरक्षा के मानव अधिकार के रूप में देखना चाहिए। हमें स्वास्थ्य को नियंत्रण की लागत के रूप में नहीं, बल्कि पोषण के लिए निवेश के रूप में देखना चाहिए।

**-डॉ. टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**


### घृणा का जवाब



राहुल गांधी ने नफ़रत और घृणा का जवाब इस देश को मोहब्बत सिखा कर दिया। अन्याय के खिलाफ़ न्याय की जंग लड़ी। इस देश को अहंकारी तानाशाह के सामने खड़े होने की प्रेरणा दी और अब आपकी ताक़त नेता विपक्ष के तौर पर सदन में दिखाई देगी।

**-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता**

### वकील ने भी माना



जज ने कहा कि "मैंने स्टेटमेंट पढ़ लिया है और मैं ख़ुद बोल रहा हूं कि केजरीवाल ने ऐसा नहीं कहा है।" सीबीआई झूठ बोल रही है। सीबीआई के वकील ने भी माना।

**-संजय सिंह, आप नेता**

## करंट अफेयर

# सीपैक को नुकसान पहुंचाने की बात टीटीपी ने स्वीकारी


प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के वरिष्ठ कमांडर ने दावा किया है कि वह बलूचिस्तान के प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन के साथ मिलकर 60 अरब अमेरिकी डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना (सीपैक) को नुकसान पहुंचाने के लिए काम कर रहा है। यह दावा अशांत बलूचिस्तान सूबे के गृहमंत्री मीर जिया लन्ग्रोव ने बुधवार को क्वेटा में किया। लन्ग्रोव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ' तहरीक-ए-तालिबान के रक्षा शूरा (परिषद) प्रमुख नसरुल्लाह उर्फ मौलवी मंसूर को हाल में सुरक्षाबलों ने बलूचिस्तान से तब गिरफ्तार किया जब वह सूबे में आतंकवादी हमले की योजना बना रहा था। मौलवी मंसूर ने बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधि को लेकर कुछ अहम खुलासे किए हैं।' द न्यूज इंटरनेशनल की खबर के अनुसार ये गिरफ्तारियां केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अज्म-ए-इस्तेहकाम अभियान को मंजूरी दिए जाने के एक दिन बाद हुई। एक वीडियो भी प्रसारित किया गया जिसमें मौलवी स्वीकार करता हुआ दिखाई दे रहा है कि टीटीपी, बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के साथ मिलकर अपहरण की योजना बनाता है और अपहृत लोगों को अफगानिस्तान भेज दिया जाता है जबकि उन्हें लापता के तौर पर पेश किया जाता है।



## ऑफ बीट

# अश्वेत दाताओं की किडनी का होता है कम इस्तेमाल

अमेरिका में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक के रूप में, गुर्दे की बीमारी एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है। यह बीमारी विशेष रूप से अश्वेत अमेरिकियों में गंभीर है, जिनकी किडनी खराब होने की संभावना श्वेत अमेरिकियों की तुलना में तीन गुना अधिक है। जबकि अश्वेत लोग अमेरिका की आबादी का केवल 12% हैं, गुर्दे की विफलता वाले लोगों में उनकी हिस्सेदारी 35% है। इसका कारण आंशिक रूप से अश्वेत समुदाय में मधुमेह और उच्च रक्तचाप - गुर्दे की बीमारी के दो सबसे बड़े योगदानकर्ता - की व्यापकता है। अमेरिका में लगभग 100,000 लोग किडनी प्रत्यारोपण का इंतजार कर रहे हैं। हालाँकि अश्वेत अमेरिकियों को प्रत्यारोपण की आवश्यकता होने की अधिक संभावना है, लेकिन उन्हें यह प्राप्त होने की संभावना भी कम है। इससे भी बुरी बात यह है कि अमेरिका में अश्वेत दाताओं की किडनी को एक त्रुटिपूर्ण प्रणाली के परिणामस्वरूप फेंके जाने की अधिक संभावना है, जिसमें यह माना जाता है कि प्रत्यारोपण के बाद अन्य नस्लों के दाताओं की किडनी की तुलना में अश्वेत दाताओं की किडनी काम करना बंद कर देगी। मेरा मानना है कि यह त्रुटिपूर्ण प्रणाली न्याय, निष्पक्षता और एक दुर्लभ संसाधन - किडनी के अच्छे प्रबंधन के बारे में गंभीर नैतिक चिंताओं को जन्म देती है।



**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### सेशन कोर्ट का फैसला

# हत्यारे को उम्रकैद, 51 हजार जुर्माना

**जबलपुर।** प्रधान सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी की अदालत ने युवक की हत्या के आरोपित रांझी निवासी मंगल उर्फ संगीत कोल का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही 51 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माने की राशि अपील के बाद उत्तराधिकारियों को प्रतिकर के रूप में प्रदान किए जाने की राहतकारी व्यवस्था दी गई है।

अभियोजन की ओर से प्रभारी लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 13 नवंबर, 2021 की रात्रि करीब नौ बजे मृतक गौरीशंकर तिवारी मुखर्जी चौक पाठक डेयरी के पास एक ठेले में फुल्की खाने गया था। वहां मानेगांव सिद्ध नगर निवासी 19 वर्षीय आरोपित मंगल उर्फ संगीत कोल ने उसे कंटर कहकर बुलाया। जिसके बाद दोनों में कहा-सुनी हो गई। इसके बाद आरोपित संगीत कोल ने अपने पास रखा चाकू निकालकर गौरीशंकर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई थी। सुनवाई दौरान पेश किये गए गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपित का दोष सिद्ध पाते हुए सजा सुना दी।



## पत्नी को गोली मारकर हत्या करने वाले पति को उम्रकैद

### छह हजार का जुर्माना

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश श्रीष कैलाश शुक्ल की अदालत ने चरित्र संदेह पर अपनी पत्नी को गोली मारकर हत्या करने के आरोपित पाटन निवासी रोहिणी प्रसाद मेहरा का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि छह जनवरी, 2020 को आरोपित रोहिणी प्रसाद मेहरा पिता स्व. दुलीचंद मेहरा 53 वर्ष निवासी ग्राम झामर पाटन ने अपनी पत्नी जानकी बाई की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतिका के बेटे पंकज ने पुलिस को सूचना देकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी थी। जिसमें बताया गया था कि उसके पिता उसकी मां के चरित्र पर संदेह करते हुए अक्सर झगड़ा करते थे। तीन जनवरी को रसोईघर में उसके पिता ने मां जानकी बाई को गोली मार दी, जब वह खून से लथपथ हालत में जान बचाकर भागी तो पुनः बंदूक से गोली चला दी जो कि जानकी बाई के पेट में जा धंसी, जिससे उनकी मौत हो गई। मामले में पेश किए गए साक्ष्य व गवाहों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने आरोपित पति रोहिणी प्रसाद मेहरा को आजीवन कारावास व छह हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### वेयर हाउस संचालक का किराया भुगतान पर विचार कर उचित निर्णय पारित करें

## हाईकोर्ट ने वेयरहाउस लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन को निर्देश दिए

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने वेयरहाउस लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता वेयरहाउस संचालक का किराया भुगतान को लेकर प्रस्तुत अभ्यावेदन पर विचार कर उचित निर्णय पारित करें। जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने इसके लिए 60 दिन की मोहलत दी है।जबलपुर निवासी वंदना सिंह ठाकुर की ओर से अधिवक्ता सत्येन्द्र ज्योतिषी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता आयुषी वेयर हाउस का संचालन करती हैं। उन्होंने बताया कि वेयरहाउस लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन ने गेहूं के भंडारण के लिए वर्ष 2019-20 और 2020 से 2023 के लिए किराए पर लिया था। गेहूं उठाने के बाद भी किराए का भुगतान नहीं किया जा रहा था, इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की। दलील दी गई कि पूर्व में मप्र हाईकोर्ट ने शैलेष गुप्ता विरुद्ध मप्र शासन के मामले में इस संबंध में विस्तृत आदेश पारित किए हैं।

# जबलपुर में कांग्रेस को संभालने एआईसीसी सक्रिय

### दिनेश यादव 29 को रखेंगे कमेटी के सामने फैक्ट फाईल

**जबलपुर।** हालांकी जबलपुर लोकसभा सीट पर जीत हार का अंतर इतना लम्बा है कि हार की वजह तलाशने का कोई औचित्य नही रह गया है। जबलपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी अपनी गृह विधानसभा उत्तर मध्य भी लम्बी लीड से हारे थे और कांग्रेस के एकमात्र विधायक वाली पूर्व विधानसभा मे अल्पसंख्यक वार्डे को हटाकर हार का मार्जिन बहुत ज्यादा है। नई लोकसभा की आधिकारिक शुरुआत और जीते हुये सांसदो के शपथ ग्रहण के बाद अब आल इंडिया कांग्रेस कमेटी हारे हुये प्रत्याशियो की सुध ले रही है। एआईसीसी अब मध्य प्रदेश मे करारी हार की वजह तलाशने के लिये प्रदेश के सभी लोकसभा प्रत्याशियो के साथ वन टू वन चर्चा करेगी। 29 जून को एआईसीसी की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी जबलपुर से कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी दिनेश यादव से मुलाकात करेगी। दो दिन तक चलने वाली यह बैठक भोपाल मे होगी। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के चेयरमेन महाराष्ट्र के पूर्व सीएम पृथ्वीराज च्वहाण है। वही कमेटी मे उड़िसा कोरापुट से सांसद सप्तागिरी उलका और गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवाणी शामिल है। यह लोग दिनेश यादव सहित प्रदेश के सभी कांग्रेस प्रत्याशियो से बात करेंगे। जिसके बाद आल इंडिया कांग्रेस कमेटी को रिपोर्ट सौपी जाएगी और फिर मध्य प्रदेश के कांग्रेस अपनी आगामी रणनीति बनाएगी।

### रिपोर्ट तैयार कर रहे दिनेश

जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय समिति के साथ होने वाली बैक के लिये जबलपुर कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश यादव अपनी रिपोर्ट तैयार कर रहे है। जिसमे विधानसभा और बूथ वार मतगणना के आंकड़ो के साथ साथ, विधानसभा वार कांग्रेस के प्रदर्शन पर डेटा शामिल होगा। वही लोकसभा के किस क्षेत्र मे किस कांग्रेस नेता का क्या रवैया रहा। उसकी जानकारी भी रिपोर्ट मे शामिल की जाएगी।

### लखन तरुण बनाएंगे आगामी रणनीति

फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के अलावा कांग्रेस की पालिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैक भी 30 जून को होने जा रही है। जहां विधायक लखन घनघोरिया और पूर्व मंत्री तरुण भनोत शामिल होगे। बैक मे जबलपुर मे कांग्रेस की वर्तमान स्थिति, विधानसभा और फिर लोकसभा मे खराब प्रदर्शन की वजह और फिर आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

## पश्चिम विधानसभा के कार्यकर्ताओं एवं आमजनों की बैठक

**जबलपुर।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं पश्चिम क्षेत्र के विधायक राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा के नर्मदा मंडल अंतर्गत 5 वार्डे की बैठक ली। मंत्री सिंह ने वार्ड बैठक में कार्यकर्ताओ के सुझाव और जनता की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर निर्देशित किया। लोक निर्माण मंत्री सिंह ने पश्चिम विधानसभा के जार्ज डिसिल्वा वार्ड, बनारसी दास भनोट वार्ड, शंकरशाह वार्ड, बाबूराव परांजपे वार्ड एवं ग्वारीघाट वार्ड में बैठक करते हुए क्षेत्र की समस्याओं को सुना एवं कार्यकर्ताओ से संवाद किया। सिंह ने बैठक के दौरान कहा प्रदेश के साथ केंद्र में भी हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार है और जैसा की देश में प्रधानंमत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार जनकल्याण हेतु प्रतिबद्ध है। आपने पश्चिम क्षेत्र से मुझे चुनकर विधानसभा भेजा है और जो आशा और विश्वास आपने मुझ पर व्यक्त किया था उसे पूरा करने के लिए मैं आपके बीच हमेशा से हूं। आपके क्षेत्र की जो भी समस्या हो एक कार्यकर्ता होने के नाते आपका दायित्व है कि उसे मुझ तक पहुंचाए और उसके निराकरण के लिए मैं आपके साथ खड़ा हूं। सिंह ने सभी कार्यकर्ताओ को लोकसभा चुनाव में पश्चिम क्षेत्र से मिली जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कार्यकर्ता की ताकत से ही हमे जीत मिलती है।







## 23वीं पूर्वी जोन अन्तर्जिला पुलिस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2024 का शुभारंभ

**जबलपुर।** उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज ने किया पुलिस अधीक्षक जबलपुर की उपस्थिति में 23वीं पूर्वी जोन अन्तर्जिला पुलिस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2024 का शुभारंभ।

### राजा गोकुलदास धर्मशाला का किया औचक निरीक्षण

## श्रमिकों के लिए जबलपुर में बनेंगे 100 बैड का आश्रय स्थल : निगमायुक्त

**जबलपुर।**

मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जबलपुर शहर में श्रमिकों के लिए 100 बेड का आश्रय स्थल बनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए स्थल चिन्हित करने के संबंध में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला के अंतर्गत क्षेत्रों का निरीक्षण किया और स्थल के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने राजागोकुलदास धर्मशाला परिसर में पूर्व से संचालित दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना और आश्रय स्थलों का भी आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर वहॉं की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निगमायुव्त श्रीमती यादव ने नगर निगम द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के किचिन का निरीक्षण कर आश्रय स्थल, एवं खाने के मेन्यू को भी देखा और वहॉं किचिन में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली, तथा रिकार्ड रजिस्टर को भी चेक किया।




निगमायुव्त ने गरीबों की सेवा के लिए तत्पर रहने तथा उच्च गुणवत्ता के भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने किचिन के अंदर जाकर खाने की क्वालीटी को भी देखा और इसी प्रकार व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के निर्देश दिये। इसके उपरांत निगमायुव्त श्रीमती प्रीति यादव ने संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला कार्यालय का भी निरीक्षण किया और विभागीय कार्ये को देखा। निरीक्षण के समय उपायुव्त श्रीमती अंकिता जैन, संभागीय अधिकारी कुलदीप तिवारी, सिटी मिशन मैनेजर श्रीमती सोनिका मतेले, चंदन प्रजापति, आदि उपस्थित रहे।

## तीन तहसीलदारों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**जबलपुर।**

प्रमुख सचिव द्वारा वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से जिले में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि के कार्य की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने तहसील गोरखपुर, तहसील जबलपुर और तहसील आधारताल में नामांतरण प्रकरणों के निराकरण बहुत ही असंतोष जनक स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। अपर कलेक्टर नाथूराम गौड ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर तहसीलदार गोरखपुर भरत सोनी, तहसीलदार आधारताल दीपक पटेल और नायब तहसीलदार रत्नेश थोरे को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण सहित अपने समक्ष उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि समयावधि में नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

### सात पटवारी निलंबित

सायबर तहसील के अंतर्गत नामांतरण के प्रकरणों में समय सीमा के भीतर पटवारी प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने पर सात पटवारियों को कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर निलंबित कर दिया गया है। निलंबित पटवारियों में कुंडम तहसील में पदस्थ पटवारी अमित पटेल एवं रोहित ठाकुर, शहपुरा तहसील में पदस्थ पटवारी जूड अनंत कुजूर एवं अनिल अठया, पाटन तहसील में पदस्थ पटवारी श्रीमती स्वाति पटेल, आधारताल तहसील में पदस्थ पटवारी मोतीलाल विश्वकर्मा एवं जबलपुर तहसील में पदस्थ पटवारी श्रीमती राजुल जैन शामिल है। इन पटवारियों को निलंबन आदेश अपर कलेक्टर नाथूराम गौड द्वारा जारी कर दिये गये हैं। कलेक्टर कार्यालय की भू अभिलेख शाखा के अनुसार प्रमुख सचिव राजस्व द्वारा वीडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से जिले में सायबर तहसील के कार्यों की गई समीक्षा में आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज नामांतरण के प्रकरणों में इन पटवारियों के पटवारी प्रतिवेदन दस दिनों से अधिक समय से लंबित पाये गये थे। निलंबित पटवारियों को निलंबन काल के दौरान संबंधित तहसील मुख्यालयों से संबद्ध किया गया है।

## अधारताल टीआई लाईन अटैच 2 थाना प्रभारियों के तबादले

**जबलपुर।**

हत्या के मामलें में जमानता अर्जी के दौरान हाईकोर्ट में संपूर्ण केस डायरी पेश नहीं करने और उसमे धारा 161 के तहत दर्ज बयान नहीं लगाए जाने पर हाईकोर्ट ने एसपी आदित्य प्रताप सिंह को तलब किया था और अधीनस्थों की इस तरह की लापरवाही में नाराजगी जताई थी। कोर्ट में एसपी ने अपने अधीनस्थ की गलती स्वीकार करते हुए कार्रवाई करने की बात हाईकोर्ट में कही थी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने अधारताल थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा को लाईन अटैच कर दिया। इसी तरह ओमती थाना क्षेत्र में शराब, स्मैक, गांजा तस्करी में रोक लगाने पर अक्षम ओमती थाना प्रभारी वीरेंद्र पवार को ओमती से हटाकर विजयनगर थाने का प्रभार दिया है तो वहीं विजयनगर थाना प्रभारी श्रीमति प्रतीक्षा मार्को को गोहलपुर थाने का प्रभारी बनाया गया है जबकि गोहलपुर थाना प्रभारी राज बहादुर सिंह को ओमती थाने की कमान सौंपी गई है। अधारताल थाने में फिलहाल अभी किसी की पोस्टिंग नहीं की गई है।



## ट्रेफिक पुलिस की बिना एनओसी लटका दिए होर्डिंग्स

**जबलपुर।** नगर में यूनिपोल तथा होर्डिंग लगाने में हुई मनमानी पर गठित जांच समिति ने मात्र कुछ ही बिन्दुओं पर अपना प्रतिवेदन सौंपा है। ट्रेफिक पुलिस से विभिन्न स्थानों की अलग-अलग एनओसी लेने के मुद्दे पर चुप्पी साधी गई है। अतः जांच में खानापूर्ति न हो इस बावत आवश्यक निर्देश जारी कर तदानुसार प्रतिवेदन मांगे जाएं, इस बावत नगर निगम आयुव्त प्रीति यादव से चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि 18 जून को विभिन्न संगठनों के ज्ञापन पर महापौर ने समिति गठित कर जांच करने की घोषणा की थी। बाद में 25 जून को नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव ने डॉ.पीजी नाजपांडे को दूरभाष पर बताया था कि समिति गठित हुई, तदानुसार जांच के प्रतिवेदन भी आ रहे है। चर्चा में डॉ.पीजी नाजपांडे ने स्पष्ट किया कि मोटर व्हीकल एक्ट अनुसार ट्रेफिक पुलिस की एनओसी हर क्षेत्र एवं सड़क के लिए अलग-अलग लेना चाहिए। लेकिन गोहलपुर, शास्त्री ब्रिज, कछपुरा ब्रिज, रामपुर चौक, बंदरिया तिराहा, तैयबअली चौक, विजयनगर, दीनदयाल चौक, इनकम टैक्स चौक, कटंगा तिराहा में लगे यूनिपोल तथा होर्डिंग के लिए अलग-अलग एनओसी नहीं ली गई है तथा बगैर एनओसी उन्हें लटका दिए गए है। चर्चा के उपरांत प्रीति यादव ने त्रुटियों के बावत जांच करने के आदेश दिए तथा यदि त्रुटियां सही पाई जाती है तो पुनः प्रतिवेदन देने के भी आदेश किए। विभिन्न संगठनों ने तय किया है कि यदि जांच में खानापूर्ति की जाएगी तो उसके खिलाफ आगामी दिनों में आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक, डीके सिंह, उमेश दुबे, जीपी विश्वकर्मा, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, पीएस राजपूत, राजेश गिदरोनिया आदि उपस्थित थे।

**जांच समिति पर खानापूर्ति करने का आरोप**

### संबंधित अधिकारियों को समस्या के निराकरण के लिये दिये आवश्यक निर्देश

# विकास कार्यों में आने वाली हर बाधाओं को दूर किया जायेगा : मंत्री सिंह

**जबलपुर।**

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा के विभिन्न वार्डों में जाकर विकास कार्यों को लेकर चौपाल किये। जिसमें जार्ज डिसिल्वा वार्ड के सामुदायिक भवन, पीपल मोहल्ला, बनारसी दास भनोट वार्ड में अनगढ़ हनुमान मंदिर परिसर, शंकर शाह नगर वार्ड के यादव मोहल्ला, दादा बाबूराव परांजपे वार्ड के आकाश गंगा होटल के पास और ग्वारीघाट वार्ड के पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में जन कल्याणकारी कार्यों को लेकर चौपाल किया। इस दौरान उन्होंने कहा क जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के परिश्रम के कारण ही नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने है। प्रत्येक चौपाल के दौरान उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हमारी ताकत है, इसी कारण मुझे चार बार सांसद और एक बार विधायक बनाये। सरकार ने मुझे मंत्री बनाया, अतः मेरी जिम्मेदारी है कि लोगों की बुनियादी समस्याओं के निराकरण के लिये आगे आकर



कार्य करूं। इसी भावना से हर वार्ड में आकर कार्यकर्ता व आम जन से मिलकर उनकी समस्याओं के निराकरण का रास्ता निकाला जा रहा है। साथ ही आम जन की बेहतरी के लिये कार्यकर्ताओं से सुझाव भी लिये जा रहे हैं। अतः आपको सुनने व आपकी समस्याओं को जानने के लिये आपके बीच हूँ। विकास कार्यों में जो भी स्थानीय समस्या है उसके निराकरण समुचित रूप से किया जायेगा। विकास कार्ये में आने वाली हर बाधाओं को दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हर वार्ड में राजस्व, बिजली, पानी, सड़क, साफ-सफाई आदि की सुनिश्चितता को लेकर प्राथमिकता से कार्य किये जा रहे हैं। यदि कहीं बुनियादी सुविधाओं में बाधा आ रही है तो उसके निराकरण के लिये स्थानीय स्तर पर कार्यालय भी है जहां अपनी समस्याओं को पंजीबद्ध कराकर निराकरण करा सकते है। इस दौरान लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनाने, धारणाधिकार पट्टे, पानी की समुचित सप्लाई, नालियों की साफ-सफाई, निर्बाध बिजली सप्लाई करने पर जोर दिया। मंत्री सिंह ने कहा कि स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिये स्थानीय लोगों को भी आना होगा। चौपाल के दौरान अभय सिंह, कौशल सूरी, पंकज दुबे, जय जक्रवर्ती, वीरेन्द्र पटेल आदि के साथ मंडल अध्यक्ष और आम जन उपस्थित थे। वहीं क्षेत्र के संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## ससम्मान मेडिकल कॉलेज को सौंपी पार्थिव देह

# रश्मि सेठी के देहदान का संकल्प उनके पति विनोद सेठी ने पूर्ण किया

**सिहोरा।** खितौला बारीबहू स्टेडियम के सामने वार्ड क्रमांक 12 निवासी तथा छोटू महाराज थियेटर के संचालक विनोद सेठी ने पत्नी श्रीमती रश्मि सेठी के निधन के बाद उनकी पार्थिव देह को मेडिकल कॉलेज को सौंपकर उनका संकल्प पूर्ण किया।



### विलक्षण प्रतिभा की धनी थी

हमेशा समाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली विलक्षण प्रतिभा की धनी एंव भास्कर सेठी,क्षितिज सेठी की मां श्रीमती रश्मि सेठी का देहावसान 25 जून 2024 को जबलपुर में हो गया था। विदित हो की श्रीमती रश्मि ने अपने समाजिक जीवनकाल में स्वसेवा संयोजन समिति के देहदान महादान अभियान के तहत 12 मार्च 2023 को देहदान का संकल्प पत्र भर दिया था। संकल्प पत्र के अनुसार उनके पति बिनोद सेठी ने देहदान के संकल्प को सार्थक किया।

### भाजपा के ध्वज में लपेटकर रखी पार्थिव देह

जैसे ही उनका निधन हुआ तो इसकी सूचना नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर को दी। इसके बाद परिजन अंतिम दर्शन के लिए उनकी पार्थिव देह खितौला लेकर आये जहां घर पर भारतीय जनता पार्टी के झंडा में लपेटकर रखी गई पार्थिव देह के सभी ने अंतिम दर्शन किए। वे भाजपा की भी सक्रिय कार्यकर्ता थी।सभी समाजिक औपचारिकताओं के पश्चात श्रीमती रश्मि की पार्थिव देह जबलपुर जाकर शरीर संरचना विभाग मेडिकल कॉलेज को सौप दी गई।

### देहदान एक अत्यंत पुण्य कार्य :डॉ अग्रवाल

मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ एन एल अग्रवाल ने बताया कि देहदान एक अत्यंत पुण्य कार्य है। देहदान के पश्चात शरीर को रासायनिक तरीके से सुरक्षित किया जाता है और इसका प्रयोग सैकड़ों विद्यार्थी चिकित्साशास्त्र का अध्ययन करने के लिए करते हैं। ये विद्यार्थी लाखों मरीजों की जान बचाने के लिए इस ज्ञान का प्रयोग करते हैं। अध्ययन में प्रयोग के पश्चात पार्थिव देह का ससम्मान विनिष्टिकरण किया जाता है। डॉ अग्रवाल ने देहदान के लिए सेठी परिवार का आभार व्यक्त किया।

### शोकाकुल परिजनों के साथ रहे उपस्थित

इस अवसर पर दिलबाग सेठी, प्रमोद सेठी दीपक सेठी, निक्कू सेठी, पुनीत सेठी, तरुण सेठी, गुलशन सेठी, मन्नू सेठी, डाक्टर प्रकाश असाटी, एडवोकेट रविचरण गुप्ता, सत्यप्रकाश खरे, पंकज दुबे, अनुपम सराफ, संजन जैन, बिनोद खत्री, राजेश दाहिया, अर्जुन पंजाबी, अरुण जैन, विनय परिहार सहित अनेक लोग शोकाकुल परिजनों के साथ मेडिकल में उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर नशा मुक्ति निरोधक रैली निकाली




**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर 26 जून को कटंगी बायपास स्थित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र जबलपुर में नशा मुक्ति निरोधक रैली का आयोजन किया गया। रैली कटंगी बाईपास से होते हुए दीनदयाल बस स्टैंड पहुंचकर समाप्त हुई। यहां संस्था संचालक मनोहर सेन ने नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती मरीजों को अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस का महत्व बताया। इस अवसर पर संस्था संचालक मनोहर सेन, आशीष श्रीवास, डॉ. दिनेश श्रीवास्तव, शीला पटेल, दिव्यानी वशिनी, अंकुर सेन, ऋषि साहू, दीपेश सेन एवं अन्य उपस्थित रहे।

# डॉ. सरावगी कृषि विवि के लोकपाल नियुक्त



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के लोकपाल पद पर सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. ए.के. सरावगी को नियुक्त किया गया है। दरअसल भारत का राजपत्र असाधारण, भाग।।।-खण्ड-4 में प्रकाशित अधिसूचना 11 अप्रैल 2023, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (छात्रों की शिकायत का निवारण) विनियम,2023 में विहित प्रावधानों एवं निर्देशों के अनुपालन में, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पश्चात डॉ.ए.के. सरावगी (सेवानिवृत्त प्राध्यापक) जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,जबलपुर को पदभार ग्रहण करने से 03 वर्ष की कलावधि अथवा 70 वर्ष की आयु जो भी प्रथमत हो के लिये जनेकृविवि का लोकपाल नियुक्त किया गया। डॉ. ए.के. सरावगी के जनेकृविवि के लोकपाल नियुक्त होने पर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा सहित विश्वविद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई प्रेषित की।

# नशीले इंजैक्शनके दो सौदागर गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत लेमा गार्डन मैदान के पास नशीलें इंजेक्शन के कारोबार में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 85 नग नशीले इंजैक्शन जब्त कर लिए है। गोहलपुर थाना प्रभारी राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि सुभाष चौक अधारताल निवासी 44 वर्षीय गुड्डू उर्फ पुरुषोत्तम और परियट पनागर निवासी 25 वर्षीय राहुल पटेल गत दिवस लेमा गार्डन मैदान के पास नशीलें इंजैक्शन बेचने की फिराक में खड़े थे। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपी गुड्डू उर्फ पुरुषोत्तम और राहुल पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी लेने पर पुरूषोत्तम उर्फ गुड्डू के कब्जे से 45 फैनरामाईट इंजैक्शन एवं 1 सिरिंज तथा राहुल के कब्जे से 40 ब्यूफेरो नारफिन इंजैक्शन जब्त किए है। दोनों के हाथों में इंजेक्शन लगाने के निशान होना भी पाए गए।

राज्य शिक्षा केंद्र ने पहली से आठवीं कक्षा के लिए सतत व्यापक मूल्यांकन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए

# सरकारी स्कूलों में तीसरी से आठवीं तक के बच्चों का होगा मासिक मूल्यांकन

**जबलपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढने वाले पहली से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों का अब सतत व्यापक मूल्यांकन होगा। इसके तहत अब मासिक मूल्यांकन भी किया जाएगा। इसके आधार पर विद्यार्थियों का हर माह सीखने की क्षमता का आकलन होगा। इसके आधार पर कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष फोकस किया जाएगा। इसमें पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों का मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक (एफएलएन) आधारित साप्ताहिक आकलन विषयवार किया जाएगा। इसमें बच्चों को अभ्यास पुस्तिका दी जाएगी। इसमें किए गए कार्यों से ही आकलन होगा।

वहीं तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों का मासिक मूल्यांकन होगा। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने पहली से आठवीं कक्षा के लिए सतत व्यापक मूल्यांकन के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए है। इसमें प्रत्येक विषय के लिए 10-10 अंकों के लर्निंग आउटकम्स आधारित गुणवत्ता युक्त प्रश्नपत्र दिया जाएगा। मूल्यांकन के लिए मौखिक प्रश्नों को शामिल किया जाएगा।

### लर्निंग गैप्स की पहचान की जाएगी

मासिक मूल्यांकन अगस्त, सितंबर, दिसंबर व जनवरी में होगा। इसमें विद्यार्थियों के प्राप्तांकों के आधार पर ग्रेड दिया जाएगा। इसमें मासिक मूल्यांकन की उत्तरपुस्तिकाओं का प्रश्नवार एवं छात्रवार विश्लेषण कर लर्निंग गैप्स की पहचान की जाएगी एवं स्कूलों में विशेष कक्षाएं लगाकर कमियों को पूरा कराया जाएगा। इसके अलावा विद्यार्थियों के शैक्षिक के साथ-साथ व्यक्तिगत एवं सामाजिक गुणों का मूल्यांकन भी होगा। इसमें अनुशासन, साफ-सफाई, कक्षा में शिक्षकों व दोस्तों से व्यवहार सहित अन्य गतिविधियों का भी आकलन किया जाएगा। इसका उल्लेख बच्चों के समग्र प्रगति पत्रक पर किया जाएगा, जिसमें मासिक मूल्यांकन के ग्रेड को भी लिखा जाएगा।

### छमाही परीक्षा भी होगी

पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों का छमाही परीक्षा नहीं ली जाएगी। तीसरी से आठवीं तक के बच्चों की छमाही परीक्षा नवंबर के अंत में ली जाएगी । इसमें प्रत्येक विषय में लिखित पेपर 60 अंक का होगा और 40 अंक का प्रोजेक्ट वर्क का होगा। इसके प्रश्नपत्र राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा तैयार किए जाएंगे। इसके बाद पहली से चौथी और छठवीं व सातवीं कक्षा का वार्षिक मूल्यांकन भी होगा। इसमें 33 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा।

रक्तदान, वृक्षारोपण, बच्चों को पढ़ाई के लिए कॉपी बैग का वितरण भी किया जाएगा

# दादा ईश्वरदास रोहाणी के जन्मोत्सव पर लगाए जाएंगे 1 लाख पौधे : विधायक

**जबलपुर।** जबलपुर के नागरिकों की सेवा में समर्पित रहने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष दादा स्व. ईश्वरदास रोहाणी के जन्मोत्सव पर राँझी के मोहनिया क्षेत्र में 1 लाख 25 हजार पौधे लगाने का संकल्प केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं दादा के सुपुत्र अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने लिया है। इसके लिए उन्होंने नगर निगम के अध्यक्ष रिंकू विज एवं सभी क्षेत्रीय पार्षदगणों के साथ मोहनिया क्षेत्र का निरीक्षण किया और स्थल चिन्हित कर पौधे लगाने के संबंध में तैयारियाँ पूर्ण करने के निर्देश दिये।

इस संबंध में विधायक रोहाणी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मध्यप्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और कैंट विधानसभा के जननायक श्रद्धे दादा ईश्वर दास रोहाणी के जन्म दिवस सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर रक्तदान, वृक्षारोपण, बच्चों को पढ़ाई के लिए कॉपी बैग का वितरण जैसे अन्य कार्यक्रम कैंट विधानसभा में आयोजित किए जाएंगे जिसमें एक बड़ा कार्यक्रम राँझी उपनगरीय क्षेत्र के मोहनिया में बृहद 1 लाख 25 हजार वृक्ष लगाए जाएंगे जिसकी शुरुआत 30 जून को 21 सौ वृक्ष लगाकर किया जाएगा। जिसके तहत कैंट क्षेत्र के लोकप्रिय लाडले विधायक अशोक ईश्वर दास रोहाणी के मार्गदर्शन में सारी तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। जिस स्थान पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित होना है उसका निरीक्षण विधायक अशोक ईश्वर दास रोहाणी के द्वारा और साथ ही साथ नगर निगम के अध्यक्ष रिंकू बिज के द्वारा किया गया जिसमें 21 सौ वृक्ष लगाने के लिए पर्याप्त गड्ढे हो गए हैं और साथ ही साथ इन वृक्षों को सुरक्षित रखने के लिए फेंसिंग चारों तरफ से की जा रही है। इन सभी छोटी-छोटी चीजों का निरीक्षण विधायक और निगम अध्यक्ष के द्वारा किया गया के इस कार्यक्रम में पुष्पराज सिंह सेगर, भगत सिंह वार्ड के पार्षद निशांत झरिया, लाला लाजपत राय वार्ड की पार्षद सावित्री शाह, सुदर्शन वार्ड की पार्षद संतोषी ठाकुर, सुरेश पटेल, कैलाश रजक, डॉक्टर कमल विश्वास, उदीप रील, दशरथ पटेल, सोनू पिल्ले, ओम प्रकाश कुशवाहा, विनोद चौधरी, सुभाषिनी राव, और अन्य उपस्थित रहे।



### लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह गुरुवार को भी कई बैठकों में होंगे शामिल

**जबलपुर।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह गुरुवार 27 जून को भी विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पश्चिम के अंतर्गत कई बैठकों में शामिल होंगे। लोक निर्माण मंत्री सिंह गुरुवार को सुबह 11 बजे वीर सावरकर वार्ड में गौतम जी की मढिया स्थित शेड के नीचे कथा हॉल में, दोपहर 1 बजे रानी दुर्गावती वार्ड में छोटी बजरिया में नाना जी की चक्की के के दुबे जी के हॉल में, शाम 4 बजे गढ़ा वार्ड में रामलीला मैदान गढ़ा स्थित सामुदायिक भवन में एवं शाम 6 बजे इंदिरा गांधी वार्ड स्थित पंचमठा मंदिर में आयोजित बैठक में शामिल होंगे।

# युवा संघर्ष समिति ने ओवैशी का पुतला दहन किया



**जबलपुर।** एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओवैशी द्वारा दिनांक 25.06.2024 को संसद में शपथ ग्रहण समारोह में संसद पद की शपथ ग्रहण के दौरान लगाये गये विवादित नारे 'जय फिलीस्तीन' से सम्पूर्ण देश आज एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओवैशी का विरोध कर रहा है तथा एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओवैशी का संसद पद भी छीनने का निवेदन राष्ट्रपति श्रीमति द्रौपदी मुर्मू से किया जा रहा है। विरोध में युवा संघर्ष समिति ने ओवैशी का पुतला दहन घमापुर मेन रोड में किया, जिसमें युवा संघर्ष समिति के अध्यक्ष अशोक रोहितास एवं समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। पुतला दहन के दौरान संदीप शुक्ला, भूरा पहलवान, शेक अहिरवार, गोल्लू जाट, पीपल विश्वकर्मा, अमित जाट, विन्नू श्रीवास्तव, विकास चौधरी मीडिया प्रभारी, जगन पिल्ले आदि मौजूद रहे।

# केंद्रीय जेल में जागरूकता कार्यक्रम

**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय जेल में बुधवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रम्हकुमारी आश्रम की गीता बहन ने मनोआध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से जेल में निरूद्ध बंदियों एवं नशा पीड़ितों को जागरूक किया। जिला चिकित्सालय विक्टोरिया के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हीरेन्द्र तिवारी एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यकारणी सदस्य सुनील गर्ग ने कार्यक्रम में उपस्थित बंदियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया एवं नशा निषेध हेतु संकल्प भी दिलाया । अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर बंदियों द्वारा स्वरचित गीत, लघु नाटिका एवं बंदियों द्वारा बनाई गई चित्रों की प्रदर्शनी भी लगायी गई। कार्यक्रम का संयोजन एवं मंच संचालन कल्याण अधिकारी सरिता घारू द्वारा किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर, उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश, सहायक जेल अधीक्षक हिमांशु तिवारी, अंजू मिश्रा, मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता तेज सिंह ठाकुर, नितेश लखेरा सहित बड़ी संख्या में बंदी उपस्थित रहे।

# देर रात युवक की पत्थर पटक कर हत्या



**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत भेड़ाघाट बाईपास रोड पर मंगलवार की देर रात एक युवक की पत्थर पटक कर हत्या कर दी गई, वहीं उसकी लाश पर बाईक पटक दी। पुलिस ने प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत होने पर मामला दर्ज कर लिया है और कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतक की शिनाख्त भेड़ाघाट के पिंडारी गांव निवासी सनी सिंह लोधी के रुप में हुई है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भेड़घाट पिंडारी गांव निवासी ट्रक ड्राइवर 28 वर्षीय सनी सिंह लोधी की लाश मिलने की खबर से सनसनी फैल गई। देर रात 12.30 बजे पुलिस को सूचना मिली, उसके बाद तीन थानों की पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां पर नग्न अवस्था में युवक की लाश पड़ी हुई थी। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। हमलावरों ने हत्या को हादसे में बदलने के लिए उसके ऊपर बाईक पटक दी थी।

मृतक के परिजनों ने पुलिस को यह जानकारी दी कि उसका अपने दोस्त से मंगलवार की सुबह किसी बात को लेकर विवाद और हाथापाई हुई थी। लिहाजा संदेह के आधार पर पुलिस ने उसके दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मामलें का खुलासा हो गया है आरोपी भी पुलिस के हाथ लग गया है। फिलहाल पुलिस मामलें की जांच कर रही है।

# स्व सहायता योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**जबलपुर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति जबलपुर द्वारा राज्य शासन द्वारा संचालित संत रविदास स्व-रोजगार योजना, डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना एवं सावित्री बाई फुले स्व-सहायता समूह योजना के अंतर्गत स्वयं का व्यवसाय या इकाई स्थापित करने के इच्छुक अनुसूचित जाति वर्ग के जबलपुर जिले के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के अनुसार समिति को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए संत रविदास स्व-रोजगार योजना के अंतर्गत 69, डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत 308 तथा सावित्री बाई फुले स्व-सहायता समूह योजना के अंतर्गत 27 समूहों को बैंक के माध्यम से ऋण राशि उपलब्ध कराकर लाभान्वित करने का लक्ष्य दिया गया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि सावित्री बाई फुले स्व-सहायता समूह योजना के अंतर्गत गठित महिला स्व सहायता समूहों की महिला सदस्य का अनुसूचित जाति वर्ग से होना अनिवार्य है। समूह की महिला आवेदक कलेक्ट्रेट स्थित जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित कार्यालय से कार्यालयीन समय में आवेदन फार्म प्राप्त कर सकती हैं। सावित्री बाई फुले स्व-सहायता समूह योजना के अंतर्गत बैंक द्वारा स्वीकृत ऋण पर अधिकतम 10 हजार रुपए की अनुदान राशि प्रति सदस्य के मान से शासन द्वारा देय होगी। व्यवसाय की स्थिति को ध्यान में रखकर 6 से 10 महिलाओं के समूह गठित किए जाएंगे। समूह की महिला सदस्य का अनुसूचित जाति वर्ग से होना आवश्यक है। साथ ही उसकी आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य होना भी अनिवार्य है। समूह के सदस्य की वार्षिक आय शहरी क्षेत्र में 55 हजार तथा ग्रामीण क्षेत्र में 40 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले अनुसूचित जाति वर्ग में प्रमाण पत्र धारी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगे। समूह के सदस्य को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। एक परिवार से एक ही सदस्य इस योजना के लिए पात्र होगा।

संत रविदास स्व-रोजगार योजना एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के इच्छुक आवेदकों को वेबसाइट के माध्यम से मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम में आवेदन करना होगा। आवेदकों को आवेदन पत्र की एक प्रति कलेक्ट्रेट स्थित जिला अंत्यवसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित कार्यालय में भी जमा करनी होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्यावसायी समिति ने बताया कि संत रविदास स्व-रोजगार योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को उद्योग (विनिर्माण) इकाई के लिए 1 लाख रुपए से 50 लाख रुपए तथा सेवा इकाई एवं खुदरा व्यवसाय के लिए 1 लाख से 25 लाख रुपए तक की ऋण राशि बैंक के माध्यम से उपलब्ध की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत बैंक द्वारा वितरित एवं शेष ऋण पर 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान, अधिकतम वर्षों तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) एवं गारंटी राशि शासन द्वारा देय होगी। उन्होंने बताया कि आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच एवं शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को परियोजना के लिए 10 हजार से 1 लाख रुपए तक की ऋण राशि बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के अंतर्गत बैंक द्वारा वितरित शेष ऋण पर 7 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान, अधिकतम 5 वर्षों तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) एवं गारंटी राशि शासन द्वारा देय होगी। अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदक का 18 से 55 वर्ष मध्य होना आवश्यक है। साथ ही आवेदक आयकरदाता नहीं होना चाहिए।




**श्री श्रीराम शर्मा-** ईसाई मोहल्ला प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री श्रीराम शर्मा (102) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमोलक सिंह माखीजा-** अर्जुन विहार महानद्दा निवासी श्री अमोलक सिंह माखीजा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सौरभ यादव-** नेपियर टाउन निवासी श्री नारायण यादव के पुत्र श्री सौरभ यादव (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश गोंटिया-** चांदमारी लालमाटी निवासी श्री रमेश गोंटिया (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पुष्पा त्रिवेदी-** राइट टाउन निवासी श्री आनंद शंकर त्रिवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा त्रिवेदी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिवम कुमार चौधरी-** लालमाटी सेठ गोविंददास वार्ड निवासी श्री सुरेश चौधरी के पुत्र श्री शिवम कुमार चौधरी (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुनील डे-** भड़पुरा निवासी श्री सुनील डे (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया ठाकुर-** दुर्गा नगर भटौली ग्वारीघाट निवासी श्री कमल ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती माया ठाकुर (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लेक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

आपातकाल की 50वीं बरसी पर मीसाबंदियों का हुआ सम्मान

# कांग्रेस ने इमरजेंसी लगाकर की संविधान की हत्या: सबनानी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को आपातकाल की 50वीं बरसी पर मीसाबंदियों को सम्मानित करते हुए प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि सच यह है कि कांग्रेस राज में 100 से ज्यादा बार संविधान में संशोधन किया गया। जब 1975 में आज ही के दिन रात को 2 बजे तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाई थी, उस समय सोनिया गांधी बहू के नाते वहां पर मौजूद थीं। तब सोनिया गांधी ने संविधान बचाने की बात नहीं की, लेकिन कल जब संसद भवन पहुंचीं तो उनके हाथ में संविधान की प्रति थी। मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान को कोई खतरा नहीं है। कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी एवं लोकतंत्र सेनानी संघ (मीसाबंदी) के प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक ने भी संबोधित किया।




### आपातकाल में न कोई अपील चलती थी, न दलील

पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि संविधान की हत्या कर कांग्रेस ने इमरजेंसी लगाई थी। उस समय न कोई अपील चलती थी न कोई दलील। आपातकाल के दौरान भोपाल समेत प्रदेश भर के लोगों को जबरन जेलों में डाला गया और चौथे स्तंभ पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। कोई खबर कलेक्टर या अन्य अधिकारी के देखे बगैर नहीं प्रकाशित हो सकती थी। आज भोपाल के साथ प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों सहित संभागीय कार्यालयों में मीसाबंदियों का सम्मान किया गया।

## लोकतंत्र की सफेद चादर पर काला दाग था आपातकाल: हितानंद

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री हितानंद ने आपातकाल की बरसी पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा 'आपातकाल-लोकतंत्र का काला दिन' विषय पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक इतिहास में महापाप करने का दुस्साहस कांग्रेस ने किया था। 1975 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू करके संविधान का गला घोंटने के साथ लोकतंत्र को कलंकित करने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो संविधान की रक्षा का दायित्व निभा रहे हैं।

### नहीं भुलाया जा सकता 1975 से 1977 के बीच का भयावह दौर

हितानंद ने कार्यक्रम में मौजूद युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस आज समाज में भ्रम फैला रही है कि संविधान खतरे में है, जबकि संविधान को आपातकाल लागू करके कांग्रेस ने ही खतरे में डाला था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संविधान की रक्षा कर रहे हैं। वर्ष 1975 से 1977 के बीच देश की जनता ने जो भयावह दौर देखा, उसे भुलाया नहीं जा सकता। आपातकाल के निरंकुश अत्याचारों ने देश की आत्मा को कभी न भरने वाले गहरे घाव दिए हैं। कांग्रेस की क्रूरता को आप सभी युवा जानें और उन लोगों को भी बताएं, जिन्होंने आपातकाल में इनकी तानाशाही को नहीं देखा।

### सत्ता हाथ से फिसलते ही लगाया था आपातकाल

वैभव पंवार ने कहा कि सत्ता को अपने हाथ से फिसलता देख इंदिरा गांधी ने आपातकाल की बिसात रची। कांग्रेस के निरंकुश सत्ताधीशों ने अपने आपको सत्ता में बनाए रखने के लिए लोकतंत्र का गला घोंटा। जिस देश के नागरिकों को स्वतंत्र कराने के लिए असंख्य सेनानियों ने शताब्दियों तक संघर्ष कर अपने तन-मन-प्राण को आहूत किया, उस देश की जनता को कांग्रेस ने अपनी सत्ता लोलुपता के चलते आपातकाल से बंधक बनाया।

छिंदवाड़ा जिले की भारिया जनजाति को मिलेगा पीएम-जनमन योजना का लाभ: सीएम डॉ. यादव

# कोदो, कुटकी का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगा उपार्जन, जनजातीय कृषकों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा पंचायत राज व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से कृषि भवन दिल्ली में सौजन्य भेंट कर उनके मंत्रालयों से संबंधित प्रदेश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रीअन्न को प्रोत्साहन देने के आह्वान पर मप्र में उत्पादित कोदो और कुटकी को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के अनुरोध किया, जिससे प्रदेश के जनजातीय कृषकों को विशेष लाभ मिल सके। उन्होंने कोदो और कुटकी का रागी के बराबर न्यूनतम समर्थन मूल्य 4290 रुपए देने का अनुरोध किया, जिसे केंद्रीय कृषि मंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग का बंपर उत्पादन हुआ है, जिससे किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से समर्थन मूल्य पर प्रदेश की ग्रीष्मकालीन मूंग के उपार्जन के लक्ष्य की सीमा को बढ़ाए जाने का भी अनुरोध किया। इस पर केंद्रीय मंत्री चौहान ने उचित विचार करने का आश्वासन दिया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने सुझाव दिया कि मप्र में दलहन और तिलहन फसलों का अधिक से अधिक उत्पादन किया जाए, जिससे देश की खाद्यान्न सुरक्षा मजबूत हो सके।

■ ड्रिप इरीगेशन और स्प्रिंकलर सिस्टम को मिलेगा बढ़ावा

### मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने की केंद्रीय मंत्री चौहान से भेंट



**छिंदवाड़ा जिले को पीएम-जनमन योजना में शामिल किया जाए**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केंद्र सरकार की पीएम-जनमन योजना में मप्र के छिंदवाड़ा जिले को शामिल नहीं किया गया है। यहां निवास करने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति भारिया पीएम-जनमन योजना के लाभ से वंचित है। मुख्यमंत्री ने इस जनजाति के विकास के लिए छिंदवाड़ा जिले को पीएम-जनमन योजना में शामिल करने का अनुरोध किया, जिससे इन्हें आवास और सड़क की सुविधा सुगमता से मिल सके। केंद्रीय मंत्री चौहान ने इस प्रकरण में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।*

### प्रेशराइज्ड पाइप से खेतों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में नहर से सिंचाई व्यवस्था के स्थान पर प्रेशराइज्ड पाइप से खेतों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि 'मोर क्रॉप, पर ड्रॉप' के संकल्प पर काम करते हुए मप्र इस प्रेशराइज्ड पाइप से सिंचाई व्यवस्था में अग्रणी राज्य है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रेशराइज्ड पाइप के आउटलेट्स पर ड्रिप इरीगेशन और स्प्रिंकलर व्यवस्था लगाने के लिए केंद्र सरकार से सहयोग मिलने से किसानों को और अधिक फायदा होगा। इस संबंध में मुख्यमंत्रीने केंद्रीय कृषि मंत्री से ड्रिप इरीगेशन और स्प्रिंकलर व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश के लक्षित क्षेत्रफल को बढ़ाए जाने का अनुरोध किया।*



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के शुभारंभ के लिए केंद्रीय मंत्री शाह को दिया निमंत्रण

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से संसद भवन में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत साढ़े पांच करोड़ पेड़ लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान की शुरुआत इंदौर जिले में 51 लाख पेड़ लगाने से की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अभियान के शुभारंभ के लिए केंद्रीय गृह मंत्री शाह को मध्यप्रदेश आने का अनुरोध किया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया।*



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की केंद्रीय मंत्रियों से सौजन्य भेंट





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान,केंद्रीय संस्कृति तथा पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह और राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा, नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से सौजन्य भेंट की।

निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मल्टी-विलेज जलप्रदाय योजना का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मंगलवार को अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत भेलवाटिकरा संबलपुरी मल्टी-विलेज जलप्रदाय योजना के तहत निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया।

उन्होंने रायगढ़-पूंजीपथरा-घरघोड़ा-धरमजयगढ़ मार्ग के निर्माण कार्य को भी देखा। वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आसपास के 29 गांवों में जलापूर्ति के लिए यह वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तैयार किया जा रहा है। इसके लिए रॉ वॉटर केलो डैम से लाकर उसका ट्रीटमेंट किया जाएगा। साव ने कार्यस्थल पर अधिकारियों से वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यविधि की जानकारी ली।

विधायक लता उसेंडी रहीं मौजूद

## कोंडागांव में शाला प्रवेशोत्सव में नए छात्रों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

कोंडागांव जिले में बुधवार को शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 1983 विद्यालयों ने हर्षोल्लास से भाग लिया। कोंडागांव जिला मुख्यालय में यह समारोह स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में हुआ, जहां नए प्रवेशी छात्रों का स्वागत किया गया। विधायक लता उसेंडी और कलेक्टर कुणाल दुदावत ने तिलक और फूलमाला सहित उनका स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों को पाठ्य पुस्तक, गणवेश, स्कूली बस्ता और साइकिल वितरित किए गए। शाला प्रांगण में पौधरोपण का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को पौधे बोने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही बच्चों को पौष्टिक भोजन भी प्रदान किया गया, जिसमें खीर पुड़ी, छोले की सब्जी, चावल, सलाद, पापड़ शामिल थे। विधायक उसेंडी ने बच्चों को नए शिक्षा सत्र में सफलता की कामना की और उन्हें उत्साहित किया कि वे मेहनत कर उनके लक्ष्यों को प्राप्त करें। उन्होंने शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की और बच्चों को समझाया।

## दिनदहाड़े चाकू से गोदकर छात्रा की हत्या, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**गौरेला थाना क्षेत्र के रिहायशी क्षेत्र के स्टेट बैंक के सामने हुई वारदात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के गौरेला में दिन दहाड़े एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है, जिसमें एक कॉलेज छात्रा की दिनदहाड़े चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई है। फिलहाल घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुचकर आरोपी की तलाश में जुट गई है। पूरे घटना का सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, जिसमें आरोपी बेरहमी से युवती पर ताबड़तोड़ हमला कर रहा है और उसके बाद काफी समय तो वहां पर खड़ा रहा और फिर बाइक से फरार हो गया।

मामला गौरेला थाना क्षेत्र के रिहायशी इलाके स्टेट बैंक के सामने का है जहां पर बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब काम की तलाश में पास के गांव झगराखाड की रहने वाली रंजना यादव अपने एक रिश्तेदार के साथ गौरेला पहुंची। उसका भाई स्कूटी में बैठा था और रंजना यादव बगल में खड़ी थी तभी अचानक एक युवक मुह में गमछा बांधे वहां पहुंचा पहले तो वो कुछ-कुछ बात किया फिर अचानक अपने पास से चाकू जैसा धारदार हथियार निकाला और रंजना पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे रंजना वहीं गिर गई और मौत हो गई।



वारदात के बाद आरोपी युवक पहले तो कुछ समय वहां पर खड़ा रहा फिर वह चाकू को अपने कपड़े से पोछा और चाकू को अपने बाइक के डिक्की में डालकर वहां से चला गया। मृतका रंजना यादव गौरेला के झगराखांड गांव की रहने वाली थी और कॉलेज की छात्रा है और ब्यूटी पार्लर का कोर्स कर रही थी साथ ही अच्छी नौकरी की तलाश में थी।

लोगों की सूचना पर गौरेला पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। बहरहाल दिन दहाड़े व्यस्त सड़क पर धारदार हथियार से युवती की हत्या की वारदात से पुलिस पर सवालिया निशान उठना लाजमी है।

### बदमाश ने दो लोगों को मारी गोली अस्पताल में कराया गया भर्ती



**दुर्ग-भिलाई।** दुर्ग में एक बदमाश ने पुलिस कंट्रोल रूम से महज कुछ ही दूरी पर पिस्टल से दो लोगों को गोली मार दी और फरार हो गया। गोली लगाने से दो घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेज गया, जहां से रायपुर रेफर कर दिया गया है। पूरा मामला भिलाई नगर थाना के ग्लोब चौक का है, जहां तीन युवक देर रात करीब 2 बजे सरगुजा जिले विश्रामपुर के रहने वाले हैं, जो आपस में गाली-गलौज करते हुए अपने बाइक से जा रहे थे। इसी बीच पीछे से बदमाश अमित जोश अपनी बाइक से उनके पीछे-पीछे पहुंचा। और उनसे झगड़ने लगा। जिसके बाद अमित जोश ने अपने जेब से पिस्टल निकाली और दो लोगों पर फायर कर दिया। दोनों ही गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों को रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल दोनों खतरे से बाहर हैं। पुलिस इस पूरे मामले पर सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ अमित जोश की तलाश कर रही है।

मारपीट और चोरी के मामले में बाल गृह गए थे

## दो बाल अपचारी कोरबा के रिसदी स्थित बाल संप्रेषण गृह से फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा में चोरी और मारपीट के मामले में दो बालअपचारी कोरबा के रिसदी स्थित बाल संप्रेषण गृह से फरार हो गए। पड़ोसी जिला नवागढ़ और बलौदा बाजार जिले के रहने वाले यह दोनों अपचारी काफी समय से यहां थे। बताया जा रहा है कि सुरक्षा के लिए लगाए गए होमगार्ड पुरुषोत्तम कुमार को चकमा देकर यह दोनों यहां से भाग निकले। इस घटना के बाद बालगृह में हड़कप मच गया और इसकी सूचना महिला बाल विकास विभाग और सिविल लाइन थाना पुलिस को दी गई।

विभिन्न प्रकार के आपराधिक मामलों में भूमिका निभाने वाले नाबालिकों को जेल के बजाय संप्रेषण गृह में रखने की व्यवस्था की गई है। आईसीडीएस की देखरेख में बाल संरक्षण गृह कोरबा नगर के रिसदी क्षेत्र में चल रहा है। जानकारी के अनुसार यहां पर नवागढ़ और बलौदा बाजार क्षेत्र के दो अपचारी को मारपीट और चोरी के प्रकरण में रखा गया था।



### परिसर में सुरक्षा के लिए होमगार्ड तैनात

परिसर में सुरक्षा के लिए होमगार्ड की तैनाती की गई है और इसी को चकमा देने के साथ यह अपचारी फरार हो गए। इसकी जानकारी होने पर पुलिस को अवगत कराया गया। मामला गंभीर था इसलिए पुलिस के साथ-साथ संचालन से जुड़े हुए आईसीडीएस के अधिकारियों ने यहां का जायजा लिया। एडिशनल एसपी नेहा वर्मा ने बताया कि प्रकरण में अगली कार्रवाई की जा रही है। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस इस मामले में अपचारी के परिजन से संपर्क कर रही है वहीं इसके अलावा बस स्टैंड रेलवे स्टेशन और आसपास खोजबीन में जुट गई है। यह कोई पहली बार नहीं हुआ है जबकि बाल संप्रेषण गृह से अपचारियों के भागने की घटना हुई है। इससे पहले भी ऐसे मामले प्रकाश में आ चुके हैं और तब भी इसी प्रकार के सवाल खड़े हुए हैं की आखिर सुरक्षा किस प्रकार से काम कर रही है।

### एसबीआई बैंक में लगी भीषण भीषण आग

**कोरबा।** कोरबा में एसबीआई कर्मी की लापरवाही से भीषण आगजनी हो गई। यहां काम के बाद कर्मी एसी ऑफ करना भूल गए, जिससे बढ़ती गर्मी ने शार्ट सर्किट करा दिया जिससे यहां भीषण आग लग गई। दरअसल, मंगलवार देर रात करीब सवा 12 बजे घंटाघर चौक के पास निहारिका क्षेत्र में स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा कार्यालय में आग लग गई, जिसके बाद आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

प्रदेश के 10 कॉलेजों में 3 से 4 महीने के शॉर्ट टर्म कोर्स भी शुरू होंगे

# बरकतउल्ला विवि सहित पांच विश्वविद्यालयों में शुरू होंगे एविएशन कोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अलग खबर

राजधानी के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के पांच प्रमुख विश्वविद्यालयों में अब एवीऐशन कोर्स भी शुरू किए जाएंगे। इसके साथ ही प्रदेश के 10 कॉलेजों में 3 से 4 महीने के शॉर्ट टर्म कोर्स भी शुरू होंगे। यह कोर्स एवीएशन से जुड़े अन्य प्रकल्पों से संबंधित होंगे। इसके लिए मंगलवार को यह निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कैबिनेट में पास हुआ है। इसके अनुसार कुछ विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विमानन संबंधित रोजगार पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

विवि और कॉलेजों में 4 माह के एयरलाइन कैबिन क्रू और फ्लाइट डिस्पैचर कोर्सेज भी शुरू करने की योजना तैयार




### बीयू और डीएवीवी में चार वर्षीय बीबीए कोर्स शुरू होंगे

बीयू, डीएवीवी इंदौर, जीवाजी विवि ग्वालियर, विक्रम विवि उज्जैन और रानी दुर्गावती विवि जबलपुर में 4 वर्षीय बीएससी (एविएशन) कोर्स शुरू होंगे। बीयू भोपाल और डीएवीवी इंदौर में 4 वर्षीय बीबीए (एविएशन मैनेजमेंट) कोर्स शुरू होगा।

**निर्देशों का पालन किया जाएगा**

एवीएशन में डिग्री के साथ अन्य डिप्लोमा और अन्य सर्टिफिकेट कोर्स शुरू होंगे। यह बहुत अच्छी शुरुआत है, जिससे सभी विद्यार्थियों को रोजगार और करियर के लिए नए और बहुत अच्छे अवसर मिलेंगे। इसके लिए सरकार से जो दिशा निर्देश मिलेंगे, उनका पालन किया जाएगा।

**प्रो. एसके जैन,** कुलपति, बीयू, भोपाल

**सीपीएल से संचालित संस्स्थान से अनुबंध होगा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार उच्च शिक्षा विभाग के तहत विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में विमानन संबंधित कई रोजगारपरक नए संकाय और कोर्स शुरू किए जाएंगे। देवी अहिल्या विवि इंदौर और विक्रम विवि उज्जैन में 4 वर्षीय बीएससी (एविएशन एवं सीपीएल) डिग्री कोर्स संचालित होगा। प्रदेश के सभी 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बीबीए टूरिज्म एवं होटल मैनेजमेंट डिग्री कोर्स शुरू किए जाने हैं, जिनमें से अभी 10 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 4 वर्षीय बीबीए टूरिज्म एवं होटल मैनेजमेंट डिग्री कोर्स शुरू होगा।

### शुरुआत में 25 विद्यार्थियों को होगा प्रवेश

*उक्त विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में 25 विद्यार्थियों के लिए यह डिग्री अथवा डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश मिलेगा। 10 चिन्हित कॉलेजों (जहां पहले से ही एयर स्ट्रिप स्थित है), उनमें हर कॉलेज में एविएशन सेक्टर कौंसिल के एनएसडीसी सर्टिफिकेट के एक-एक कोर्स में अधिकतम 20 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।*

# पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि समेत बचत योजनाओं की ब्याज दरों में वृद्धि संभव!

## एनडीए सरकार 28 जून को निवेशकों को दे सकती है सौगात


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीपीएफ और दूसरी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार निवेशकों को सौगात दे सकती है। 28 जून, 2024 को वित्त मंत्रालय वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही जुलाई से सितंबर के लिए सरकारी बचत योजनाओं के ब्याज दरों की समीक्षा कर एलान करेगी।

छोटी बचत योजनाओं पर पहली तिमाही में वहीं ब्याज दिया गया जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथाई तिमाही में दिया गया। तब देश में लोकसभा चुनावों के चलते आचार संहिता लगा हुआ था। लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनी है। ऐसे में वो निवेशक जो इन योजनाओं में अपनी गाढ़ी कमाई निवेश करते हैं उन्हें सरकार तोहफा दे सकती है।

### पीपीएफ के निवेशक मायूस

सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश करने वाले निवेशकों को सरकार ने नए साल पर बड़ी सौगात दी थी। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए योजना के ब्याज दरों को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया गया। इसके अलावा 3 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर ब्याज को 7 फीसदी से बढ़ाकर 7.1 फीसदी किया गया। लेकिन दूसरी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया। खासतौर से पब्लिक प्रॉविडेंट फंड यानि पीपीएफ के निवेशकों को फिर से मायूसी हाथ लगी है।




### पीपीएफ निवेशकों को मिलेगी सौगात!

इन सभी बचत योजनाओं पर ब्याज दरें पिछले कुछ तिमाही में बढ़ाई गई है लेकिन पब्लिक प्रविडेंट फंड के ब्याज दरों को यथावत रखा गया है। आरबीआई की ओर से पॉलिसी रेट में बदलाव के आसार मौजूदा वर्ष 2024 में नजर नहीं आ रहे क्योंकि खाद्य महंगाई राह में रोड़ा बना हुआ है। ऐसे में पीपीएफ पर ब्याज दरें बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

### दूसरे सेविंग योजनाओं पर ब्याज दरें बढ़ी

केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही से ही पब्लिक प्रॉविडेंट फंड के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। पीपीएफ पर निवेशकों को 7.1 फीसदी ब्याज दिया जा रहा है। जबसे डिपॉजिट्स पर ब्याज दरें बढ़ने का सिलसिला शुरू हुआ है तब से सरकार ने सभी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। इसके अलावा सेविंग डिपॉजिट पर 4 फीसदी, 1 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर 6.9 फीसदी, 2 साल के टाइम डिपॉजिट पर 7 फीसदी, 5 साल के डिपॉजिट पर 7.5 फीसदी ब्याज और 5 साल के रेकरिंग डिपॉजिट पर 6.7 फीसदी ब्याज दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### ब्राजील में बजाज ऑटो का विनिर्माण संयंत्र शुरू



**मुंबई।** बजाज ऑटो ने ब्राजील में एक नई उत्पादन सुविधा के उद्घाटन की बुधवार को घोषणा की। बजाज ऑटो लिमिटेड की ओर से जारी बयान के अनुसार, संयंत्र पूर्वोत्तर शहर मनौस (ब्राजील) में 9,600 वर्ग मीटर क्षेत्र में स्थापित किया गया है। यह इंजन तथा वाहन असेंबली के साथ-साथ परीक्षण सुविधाओं से लैस है।

### बिड़ला टेक्सास के आरएंडडी केंद्र पर करेगी निवेश



**वाशिंगटन।** आदित्य बिड़ला समूह ने टेक्सास में विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र में पांच करोड़ अमरीकी डालर के निवेश की घोषणा की है। आदित्य बिड़ला समूह के बिक्री एवं विपणन के उपाध्यक्ष स्कॉट बैस्टियन ने कहा कि कंपनी ह्यूस्टन के बाहर टेक्सास के ब्यूमोंट शहर में पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी।

### एक्मे फिनट्रेड का शेयर छह फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) लिमिटेड का शेयर 120 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब छह प्रतिशत की बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 4.75 प्रतिशत उछाल के साथ 125.70 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 9.95 प्रतिशत चढ़कर 131.95 रुपये पर पहुंच गया।

### अशोक लेलैंड की मप्र में नई एलसीवी डीलरशिप स्थापित




**चेन्नई।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड ने अपने विस्तार अभियान के तहत मध्य प्रदेश में अपने हल्के वाणिज्यिक वाहन प्रभाग के लिए एक नई डीलरशिप का उद्घाटन किया है। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा, छिंदवाड़ा में नई हल्के वाणिज्यिक वाहन डीलरशिप 'सुनील मोटोकॉर्प' मध्य प्रदेश में 8वीं 3एस (बिक्री, सेवा व कलपुर्जा) सुविधा है।

### रुपया 14 पैसे टूटकर 83.57 प्रति डॉलर



**मुंबई।** कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत होने के कारण बुधवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे की गिरावट के साथ 83.57 के भाव पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि हालांकि, घरेलू शेयरों में मजबूती के रुख से रुपये को समर्थन मिला तथा इसकी तेज गिरावट पर अंकुश लग गया।

### एसबीआई जनरल में झा सीईओ नियुक्त




**नई दिल्ली।** एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने नवीन चंद्र झा को अपना नया प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने बुधवार को यह घोषणा करते हुए बताया कि उन्हें इस पद के लिए मूल कंपनी भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा नामित किया गया था। वह किशोर कुमार पोलुदासु का स्थान लेंगे। झा 1994 से एसबीआई से जुड़े थे और इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

## कर और सलाहकार कंपनी ईवाई ने जताई राय

# बजट में मानक कटौती दोगुनी करने या कर छूट की सीमा बढ़ाने पर हो विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आगामी बजट में कराधान सुधारों की प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए ईवाई ने कहा है कि सरकार को कर ढांचे को सुव्यवस्थित करने, आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत ढांचे को बेहतर बनाने और निवेश तथा वृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

सरकार को आगामी बजट में नई रियायती कर व्यवस्था के तहत मानक कटौती को दोगुना करके एक लाख रुपये करना चाहिए या मूल कर छूट की सीमा को बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये करना चाहिए। कर और सलाहकार कंपनी ईवाई ने यह राय जताई है।

### टीडीएस प्रावधान को युक्तिसंगत बनाया जाए

ईवाई ने सुझाव दिया कि कॉरपोरेट कर की दरों में स्थिरता रखी जाए, टीडीएस प्रावधान को युक्तिसंगत बनाया जाए, तथा विवाद समाधान को सुव्यवस्थित किया जाए। कंपनी ने कहा कि व्यक्तिगत कर के मोर्चे पर छूट/कटौती के बिना रियायती कर व्यवस्था जारी रहनी चाहिए।

### छूट सीमा 3.5 लाख रुपए किया जा सकता है

ईवाई ने नई सरकार के समक्ष नीतिगत प्राथमिकताओं को सूचीबद्ध करते हुए कहा कि इसे और अधिक आकर्षक बनाने के लिए रियायती कर व्यवस्था के तहत मानक कटौती को मौजूदा 50,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जा सकता है या कर छूट सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये किया जा सकता है।

*स्वैच्छिक कर अनुपालन की स्थिति बेहतर हुई : ईवाई ने कहा कि सरकार ने प्रौद्योगिकी और डेटा-संचालित कर अनुपालन प्रक्रियाओं में सुधार के लिए कई स्वागतयोग्य कदम उठाए हैं। इनमें पहले से भरे गए रिटर्न, वार्षिक सूचना विवरण, कर भुगतान में आसानी, रिटर्न और रिफंड की तेज प्रक्रिया आदि हैं। इससे स्वैच्छिक कर अनुपालन की स्थिति बेहतर हुई है।*




- मूल कर छूट की सीमा बढ़ाकर 3.5 लाख करने पर हो विचार
- सरकार को कर ढांचे को सुव्यवस्थित करने पर देना होगा ध्यान

### 50 हजार की मानक कटौती प्रदान की जाती है

वर्तमान कर प्रणाली के तहत करदाता पुरानी व्यवस्था और कम दरों और नई रियायती व्यवस्था के बीच चयन कर सकते हैं। जहां पुरानी व्यवस्था में विभिन्न छूट और कटौती प्रदान की जाती है तो वहीं नई कर व्यवस्था में 50,000 रुपये की मानक कटौती प्रदान की जाती है लेकिन कोई छूट प्रदान नहीं की जाती है।

### होटल को बुनियादी ढांच का दर्जा दिया जाए

फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) ने सरकार से सभी श्रेणियों के होटल और 10 करोड़ रुपये या इससे अधिक की परियोजना लागत पर निर्मित सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देने का अनुरोध किया है। एफएचआरएआई का मानना है कि इससे होटल उद्योग में बजट खंड को बढ़ावा मिल सकेगा।

### जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने की मांग

अपनी बजट-पूर्व सिफारिश में एफएचआरएआई ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को युक्तिसंगत बनाने की भी मांग की है तथा सभी होटल पर 12 प्रतिशत की जीएसटी दर का प्रस्ताव रखा है। एफएचआरएआई के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने बयान में कहा, 'सभी शहरों में होटल और सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देना निवेश आकर्षित करने और आतिथ्य क्षेत्र में वृद्धि को गति देने के लिए महत्वपूर्ण है।'

### होटल उद्योग में बजट खंड को मिले बढ़ावा

एफएचआरएआई ने कहा कि आतिथ्य महासंघ द्वारा वित्त मंत्रालय के समक्ष रखे गए प्रमुख अनुरोधों में से एक यह है कि 'सभी श्रेणियों के होटल और 10 करोड़ रुपये या उससे अधिक की परियोजना लागत पर निर्मित सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा दिया जाए, ताकि होटल उद्योग में बजट खंड को बढ़ावा दिया जा सके।'

# दूरसंचार कंपनियों ने 11,300 करोड़ से अधिक मूल्य का स्पेट्रम खरीदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- स्पेक्ट्रम नीलामी दूसरे दिन ही समाप्त हो गई
- 12 प्रतिशत से भी कम की बोलियां मिलीं

भारत की स्पेक्ट्रम नीलामी दूसरे दिन बोली शुरू होने के कुछ घंटों के भीतर ही समाप्त हो गई। इसमें दूरसंचार कंपनियों ने कुल मिलाकर 11,300 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का स्पेक्ट्रम खरीदा, जो कि सरकार द्वारा बिक्री के लिए रखी गई रेडियो तरंगों के अनुमानित मूल्य 96,238 करोड़ रुपये का 12 प्रतिशत से भी कम है।


नीलामी में 800 मेगाहट्र्ज से 26 गीगाहट्र्ज के बीच कुल 10 गीगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की पेशकश की गई। कुल 11,340 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। अनुमान है कि सात दौर की बोलियों में केवल 140-150 मेगाहट्र्ज ही बेचे गए हैं। नीलामी के पहले दिन 25 जून को पांच दौर की बोलियां लगाई गईं। अधिकारियों ने पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे नीलामी समाप्त करने की घोषणा कर दी। इस 2024 की नीलामी में 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1,800 मेगाहट्र्ज, 2,100 मेगाहट्र्ज, 2,300 मेगाहट्र्ज, 2,500 मेगाहट्र्ज, 3,300 मेगाहट्र्ज और 26 गीगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम बैंड की पेशकश की गई थी। इस बार स्पेक्ट्रम के लिए बोलियां उम्मीद से बेहद कम मिलीं। बाजार पर्यवेक्षकों ने सीमित बोली की अपेक्षा ही की थी क्योंकि दूरसंचार कंपनियां मुख्य रूप से स्पेक्ट्रम नवीनीकरण पर और अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए रेडियो तरंगों पर चुनिंदा रूप से ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

### होड में जियो, एयरटेल और वीआईएल रही

इस नीलामी में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया (वीआईएल) उच्च गति मोबाइल सेवा को समर्थन देने वाली रेडियो तरंगों के लिए होड़ में रहीं। बोलियों का विस्तृत ब्योरा या दूरसंचार कंपनियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से दी गई सटीक राशि अभी स्पष्ट नहीं है।

# सेंसेक्स और निफ्टी नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी
- रिलायंस खरीदारी से नई ऊंचाई पर पहुंचा

एशियाई बाजारों में तेजी के रुख और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को नई ऊंचाई पर पहुंच गए।

दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। इस दौरान निवेशकों की पूंजी में कुल 2.53 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 620.73 अंक यानी 0.80 प्रतिशत चढ़कर 78,674.25 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।कारोबार के दौरान एक समय यह 705.88 अंक बढ़कर 78,759.40 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

*इन शेयरों में रही घट-बढ़: सेंसेक्स की कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर नुकसान में रहे।*

*रिलायंस चार प्रतिशत चढ़ा : शेयर बाजारों के रिकॉर्ड बनाने के सिलसिले के बीच बुधवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर चार प्रतिशत चढ़ गया। इससे कंपनी का बाजार मूल्यांकन 20 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। बाजार की दिग्गज कंपनी का शेयर बीएसई में 4.09 प्रतिशत बढ़कर 3,027.40 रुपये पर बंद हुआ।*

## एसबीआई ने बांड से 10,000 करोड़ जुटाए




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को अपने पांचवें बुनियादी ढांचा बांड के जरिये 10,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता ने यह राशि 7.36 प्रतिशत की कूपन दर पर जुटाई है। एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस निर्गम को निवेशकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली और 19,884 करोड़ रुपये से अधिक की बोलियां प्राप्त हुईं। इसे 5,000 करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले लगभग चार गुना अधिक अभिदान मिला। बैंक ने कहा कि उसे कुल 143 बोलियां मिलीं, जो बोलियों की विविधता के साथ व्यापक भागीदारी का संकेत देता है। निवेशक भविष्य निधि, पेंशन कोष, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड, कॉरपोरेट्स आदि से थे। बैंक ने कहा कि बांड के माध्यम से मिलने वाली राशि का उपयोग बुनियादी ढांचे और किफायती आवास क्षेत्रों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

# एलटीआईमाइंडट्री एलटीटीएस के चेयरमैन पद से हटे नाइक

**नई दिल्ली।** एलटीआईमाइंडट्री और एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज के चेयरमैन ए एम नाइक ने इस्तीफा देने का फैसला किया है। दोनों कंपनियों ने शेयर बाजार को दी अलग-अलग सूचनाओं में कहा कि उनकी जगह पर एस एन सुब्रमण्यन को नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

- सुब्रमण्यन नए प्रमुख नियुक्त
- दोनों कंपनियों ने शेयर बाजार को दी सूचना

उनकी नियुक्ति 27 जून से प्रभावी होगी। कंपनी ने बयान में कहा कि नाइक (एएमएन) कंपनी के संस्थापक चेयरमैन रहे हैं और उन्होंने एलटीआईमाइंडट्री को एक ऐसे वैश्विक समूह में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसका अपने परिचालन वाले क्षेत्रों में प्रभुत्व है। एलटीआईमाइंडट्री ने कहा, 'ए एम नाइक ने 26 जून, 2024 को कंपनी की 28वीं वार्षिक आम बैठक के अंत में चेयरमैन पद से हटने का फैसला किया है। एलटीआईमाइंडट्री के निदेशक मंडल ने 26 जून, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में वाइस चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन को 27 जून, 2024 से चेयरमैन नियुक्त किया है।'

### नवाचार पर दिया जोर

कंपनी ने बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने कंपनी में नाइक के अद्वितीय योगदान की सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व में शेयरधारक मूल्य सृजन में उछाल आया। कंपनी ने कहा, 'उन्होंने प्रौद्योगिकी, प्रतिभा और नवाचार पर जोर देकर लगातार संभावनाओं को आगे बढ़ाया।'

# वेदांता रिसोर्सेज भारतीय इकाई में 2.6 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- अर्जित राशि से कंपनी अपने बकाया कर्ज का पुनर्भुगतान करेगी
- कंपनी चालू वित्त वर्ष में कर्ज में 65 करोड़ डॉलर से अधिक कटौती करेगी


वेदांता रिसोर्सेज ने बुधवार को कहा कि वह कर्ज में कटौती और अपनी विस्तार योजनाओं का समर्थन करने के लिए मुंबई में सूचीबद्ध खनन समूह में 2.6 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी।

वेदांता रिसोर्सेज अपनी इकाई फिनसाइडर इंटरनेशनल के माध्यम से हिस्सेदारी की बिक्री करेगी। इसके पास वेदांता लिमिटेड में 2.63 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) की अनुषंगी फिनसाइडर इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड ने मंगलवार शाम अपने एक बैंक की तरफ से आए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, जिसमें प्रतिष्ठित संस्थागत निवेशकों के एक समूह को वेदांता लिमिटेड में 2.6 प्रतिशत शेयरधारिता बेचने की बात कही गई है। इस शेयर बिक्री से अर्जित राशि से कंपनी अपने बकाया कर्ज का पुनर्भुगतान करेगी। इस तरह वेदांता रिसोर्सेज चालू वित्त वर्ष में अपने कुल कर्ज में 65 करोड़ डॉलर से अधिक की कटौती कर सकेगी। शेयर बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि एक थोक सौदे में वेदांता लिमिटेड के 18.5 करोड़ शेयरों का लेनदेन हुआ है। यह लेनदेन 440 रुपये प्रति शेयर की औसत कीमत पर हुआ है जिससे कुल सौदे का मूल्य 7,967.8 करोड़ रुपये हो सकता है। वेदांता लिमिटेड में प्रवर्तक समूह की हिस्सेदारी दिसंबर, 2022 में 69.68 प्रतिशत से घटकर मार्च, 2024 में 61.95 प्रतिशत रह गई है।

### फरवरी में 2615 करोड़ की हिस्सेदारी बेची थी

फरवरी में प्रवर्तकों ने 2,615 करोड़ रुपये में थोक सौदों के जरिये कुछ हिस्सेदारी बेची थी। प्रवक्ता ने कहा, 'मौजूदा हिस्सेदारी बिक्री अपने बही-खाते को कंपनी और भारत दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण रूप से हल्का करने की समूह की प्रतिबद्धता और रणनीतिक विकास योजनाओं का समर्थन करने की व्यापक पहल के अनुरूप है।'

# सोना 250 रुपए लुढ़का और चांदी में 900 रुपए की गिरावट



**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोना 250 रुपये के नुकसान के साथ 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी पिछले बंद भाव के मुकाबले 900 रुपये की गिरावट के साथ 90,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थीं।

# तीसरा 'इंडस-एक्स' निवेशक सम्मेलन सितंबर में होगा




**वाशिंगटन।** 'इंडस-एक्स निवेशक सम्मेलन' के तीसरे संस्करण का आयोजन सितंबर में सिलिकॉन वैली में किया जाएगा। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने यह जानकारी दी। अमेरिका के रक्षा विभाग और भारत के रक्षा मंत्रालय ने पिछले साल 21 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन की आधिकारिक यात्रा के दौरान 'इंडिया-यूएस डिफेंस एक्सीलरेशन इकोसिस्टम' (इंडस-एक्स) की शुरुआत की थी। 'इंडस-एक्स उन तरीकों में से एक है जिसके जरिए रक्षा विभाग दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों पर पहल को आगे बढ़ाने में मदद करता रहा है।

## कर्मचारियों को तीन महीने के बराबर राहत पैकेज दिया

# यस बैंक ने लागत कम करने की 500 कर्मचारियों की छंटनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्राइवेट सेक्टर के प्रमुख बैंकों में से एक यस बैंक के कर्मचारियों के लिए एक बुरी खबर है। प्राइवेट सेक्टर के इस बैंक ने अपने सैंकड़ों कर्मचारियों की छंटनी कर दी है और उन्हें जाने का आदेश दे दिया है। कुछ खबरों में ऐसा दावा किया जा रहा है।

- बैंक आने वाले दिनों में और भी कर्मचारियों की छंटनी कर सकता है

एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, यस बैंक अपनी लागत को कम करने के उपायों पर गौर कर रहा है और इसके तहत बैंक ने छंटनी का सहारा लिया है। रिपोर्ट में मामले से जुड़े कई लोगों के हवाले से बताया गया है कि यस बैंक ने पुरर्संरचना के उपायों के तहत कम से कम 500 कर्मचारियों को काम से बाहर करने का आदेश दिया है। ऐसी आशंका है कि आने वाले दिनों में बैंक और भी कर्मचारियों की छंटनी कर सकता है।




### मल्टीनेशनल कंसल्टेंट के सुझाव पर छंटनी

बैंक ने लागत को कम करने के लिए एक मल्टीनेशनल कंसल्टेंट को काम पर रखा था। कंसल्टेंट के सुझाव के हिसाब से बैंक ने इंटरनल रिस्ट्रक्चरिंग का काम शुरू किया है। अभी बैंक ने 500 लोगों को काम छोड़कर जाने के लिए कहा है। आने वाले दिनों में छंटनी का दौर जारी रह सकता है और अतिरिक्त कर्मचारियों को भी बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है।

### इतनी बढ़ गई है बैंक की लागत

लागत को कम करने के लिए यस बैंक डिजिटल बैंकिंग पर ध्यान बढ़ा रहा है, ताकि मैनुअली हस्तक्षेप करने की जरूरत कम से कम हो। ऐसा करने से कर्मचारियों पर बैंक की निर्भरता कम होगी। बीते कुछ सालों में यस बैंक की लागत तेजी से बढ़ी है। सिर्फ पिछले वित्त वर्ष में लागत में लगभग 17 फीसदी तेजी आई है। बैंक का कर्मचारियों पर खर्च इस दौरान 12 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है।

### कर्मचारियों को मिली 3 महीने की सैलरी

काम से निकाले गए कर्मचारियों को बैंक ने 3 महीने की सैलरी के बराबर राहत पैकेज दिया है। बताया जा रहा है कि इस छंटनी का सबसे ज्यादा असर ब्रांच बैंकिंग पर होने वाला है क्योंकि सबसे ज्यादा कर्मचारी इसी सेगमेंट से बाहर किए गए हैं। हालांकि इस छंटनी का असर थोक बैंकिंग से लेकर खुदरा बैंकिंग तक लगभग सभी वर्टिकल पर हुआ है।

## खबर संक्षेप

### भारत तिब्बत सहयोग मंच की हुई बैठक

**उमरियापान।** भारत तिब्बत सहयोग मंच की एक बैठक बुधवार को उमरियापान में हुई। जिसमें स्थानीय सदस्यों को मंच के आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की गई। बैठक में मंच के जिलाध्यक्ष रामदयाल गुप्ता ने कहा कि तिब्बत में स्थित देवाधिदेव महादेव के धाम कैलाश मानसरोवर करोडों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। तिब्बत को चीन के कब्जे से छुड़ाकर एक बार फिर मानसरोवर को आजाद कराने के लिए भारत तिब्बत सहयोग मंच के माध्यम से हिंदुओं की आस्थाओं को बचाने के लिए कटिबद्ध है। इसी क्रम में अगामी सावन महीने में मप्र छत्तीसगढ़ संयोजक पूर्व विधायक गिरिराज किशोर पोद्दार के मार्गदर्शन में जिले में यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में महाकौशल प्रांत मंत्री दयाशंकर कनकने, जिला महामंत्री पर्वत सिंह परिहार, राजा हाके, अभय कनकने, नरेश असाटी, प्रमोद असाटी आदि उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक कुल 43.7 मिमी औसत वर्षा

**कटनी।** जिले में 1 जून से 2024 से बुधवार 26 जून 2024 तक कुल 43.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 24.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 19.1 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 26.जून 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी मे 43.4 मिलीमीटर, रीठी में 34.1, बड़वारा में 2.0 मिलीमीटर, बरही में 31.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 28.0 मिमी, बहोरीबंद मे 13.9 मिलीमीटर स्लीमनाबाद में 13.0 मिलीमीटर, ढीमरखेड़ा 29.9 मिलीमीटर वर्षा वर्षामापी केन्द्र में दर्ज की गई है।

### असत्यापित पंजीकृत कृषकों के रकवे का होगा सत्यापन

**कटनी।** ग्रीष्मकालीन उपार्जन वर्ष 2024-25 में मूंग एवं उडद के उपार्जन हेतु पंजीयन नीति अनुसार ई-पोर्टल पर पंजीकृत किसानों के असत्यापित रकवों के सत्यापन का कार्य किया जाना है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक ने पत्र के माध्यम से कटनी जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा तहसीलदारों को तहसील विजयराघवगढ़, बड़वारा, स्लीमनाबाद, बहोरीबंद, ढीमरखेडा एवं रीठी, बरही, कटनी नगर एवं कटनी के पंजीकृत किसानों के मूंग एवं उडद के असत्यापित रकवें का उपार्जन नीति अनुसार समय-सीमा में सत्यापन किये जाने का आग्रह किया है।

### अनुकंपा नियुक्ति समिति की बैठक 2 जुलाई को

**कटनी।** अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण एवं परीक्षण के संबंध मे 2 जुलाई को अपरान्ह 4 बजे से अनुकंपा नियुक्ति समिति की बैठक अपर कलेक्टर कक्ष मे आयोजित की गई है। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति शर्मा द्वारा आयोजित बैठक में प्रभारी अधिकारी स्थपना शाखा, जिला कोषालय अधिकारी , जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला रोजगार अधिकारी, जिला संस्थागत वित्त अधिकारी सहित संबंधित कार्यालयों के विभाग प्रमुखों से आयोजित बैठक मे निर्धारित समय पर प्रकरणों के निराकरण, परीक्षण की कार्यवाही हेतु उपस्थित रहनें हेतु निर्देशित किया गया है।

### सवा किलो गांजा जब्त

**कटनी।** गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे एक तस्कर को रीठी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि डांग चौराहे पर एक व्यक्ति गांजा लिए खड़ा है। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के देखकर यह यहां से भागने लगा। पुलिस ने दौड़कर उसे पकड़ते हुए उसकी तलाशी की। आरोपित की पहचान राम प्रसाद भुमिया के रूप में हुई। तलाशी में उसके पास से सवा किलो गांजा बरामद किया गया। इसकी कीमत 14 हजार रुपये बताई जा रही है।

---

### अंतिम संस्कार कर लौटते समय हुआ हादसा, युवक को ट्रक ने रौंदा

# अलग अलग सड़क हादसों में 3 महिलाओं सहित युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना क्षेत्र के कैलावरा फाटक के आगे मंगलवार देर रात एक ट्रक ने बेकाबू होकर घर के बाहर बैठे एक युवक को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। बुधवार को युवक के पोस्टमॉर्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कैलावरा फाटक क्षेत्र निवासी राहुल पिता लोली कोल 25 वर्ष रात के समय घर के बाहर बैठा। उस समय रिवर्स लेने के दौरान एक ट्रक बेकाबू होकर उसके पैर चढ़ गया। इसके बाद चालक ट्रक को आगे की और ले जाकर युवक को कुचलते हुए निकल गया। जिसके




कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

#### दो दिन बाद था तिलक आयोजन

राहुल के परिजनों ने बताया कि उसका 28 जून को तिलक और 12 जुलाई को पुरैनी में शादी होनी थी। उसके पहले ही वह हादसे



का शिकार हो गया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ट्रक को जब्त कर थाने में खड़ा कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

#### पत्नी सहित दो बहनों की मौत

इसी तरह गायत्री नगर क्षेत्र निवासी एक परिवार हादसे का शिकार हो गया जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि पति की चिता को अग्नि दे कर कर लौट रही पत्नी व उनके परिवारजन सड़क हादसे का शिकार हो गये। जानकारी के अनुसार एंबुलेंस में बैठी पत्नी व उनकी दो बहनों की रीवा बाईपास के पास एंबुलेंस पलट जाने से मौत हो गई। तीनों बहनों होने की खबर जैसे ही कटनी पहुंची तो समूचे क्षेत्र में खलबली मच गई। हादसे का शिकार हुआ परिवार कटनी के गायत्री नगर का रहने वाला बताया जा रहा है। सूत्र बताते है की किशन सिंह चौहान रेलवे एम्पलाई थे। लंबे समय से बीमार थे। एक दिन पहले उनका स्वर्गवास हो चुका था। उनके अंतिम संस्कार के लिऐ परिवार इलाहाबाद पहुंचा था।

संस्कार के बाद लौटते समय रीवा बाईपास में चोरहटा थाना क्षेत्र में शाम 4 बजे के आसपास एंबुलेंस ट्रक से टकराई। ट्रक से एंबुलेंस की टक्कर होने के बाद एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पलट गई जिसके कारण उसमे बैठी उनकी पत्नी व उनकी बहनों की मौत हो गई। घटना में अन्य तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हुई है। जिनका इलाज रीवा में चल रहा है।

---



# घर-घर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की होगी जाँच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में "दस्तक सह स्टॉप डायरिया" का अभियान 27अगस्त 2024 तक चलाया जाएगा। इसमें बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार,रेफरल सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में प्रतिवर्ष दस्तक अभियान संचालित किया जाता है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाना है।

दस्तक अभियान के अन्तर्गत बीमार नवजातों और बच्चों की पहुँच, प्रबंधन एवं रेफरल एवं अस्पताल से छुट्टी प्राप्त बच्चों का फोलोअप किया जाएगा। 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों में विटामिन 'ए' की खुराक का अनुपूरण और 0 से 5 आयु वर्ष के बच्चों में दस्त की पहचान एवं नियंत्रण के लिये ओ.आर. एस. एवं जिंक का वितरण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही 0-5 आयु वर्ष के बच्चों में निमोनिया, जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलम्ब, गंभीर कुपोषण की त्वरित पहचान और प्रबंधन का कार्य किया जाएगा। 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों में गंभीर अनीमिया की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन के साथ शिशु एवं बाल आहारपूर्ति सम्बन्धी समझाइश समुदाय को दी जाएगी।

आंशिक रूप से टीकाकृत बच्चों या टीकाकरण से छूटे बच्चों की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक निदानात्मक कार्रवाई की जाएगी। 5 वर्ष तक के बच्चों में श्रवण बाधिता और दृष्टिदोष की पहचान एवं उपचार का कार्य किया जाएगा। समस्त चिन्हांकित अनीमिक बच्चों में सिकल सैल अनीमिया की पहचान की जाकर उपयुक्त व्यवस्था की जाएगी।

---

**मंत्री ने परिजनों को बेहतर इलाज का दिलाया भरोसा**

# एसएएफ बटालियन कैंप कटनी के दुर्घटनाग्रस्त हेड कांस्टेबल एयर एंबुलेंस से भेजा गया भोपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा से जबलपुर के डुमना विमान तल से सड़क दुर्घटना में घायल पुलिसकर्मी ललित राय को उपचार के लिये एम्स भोपाल भेजा गया। 18 एस ए एफ बटालियन शिवपुरी के कटनी कैंप एफ पुलिस लाइन में हेड कांस्टेबल के पद पर पदस्थ श्री राय का बीते 7 जून को रात्रि करीब 8.20 बजे बोलेरो वाहन की टक्कर से एक्सीडेंट हो गया था। श्री राय अपने शासकीय मोटर साइकिल से पुलिस लाइन कैंप जा रहे थे तभी पुलिस पेट्रोल पम्प झिंझरी के पास दुर्घटना घटित हो गई। श्री राय को जबलपुर में एपेक्स हॉस्पिटल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। श्री राय को बुधवार को एपेक्स हॉस्पिटल से एम्बुलेंस द्वारा डुमना एयरपोर्ट ले



जाया गया। जहाँ से उन्हें पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा द्वारा भोपाल एम्स में बेहतर उपचार हेतु भेजा गया।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह स्वयं डुमना विमान तल पर श्री राय के भोपाल एयर एंबुलेंस से रवानगी के मौके पर स्वयं मौजूद रहे और परिजनों और उनके पुत्र अमन राय से उनके पिता ललित राय की जल्दी स्वस्थ्य होने और बेहतर उपचार का भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश में पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत किये जाने के बाद आपात स्थिति में उपचार के लिये पीड़ति को इस सेवा का उपयोग कर उच्च चिकित्सा संस्थान भेजे जाने का यह प्रदेश का तीसरा मामला है। जिसमें कटनी जिले के एस ए एफ बटालियन शिवपुरी के कैंप कटनी के दुर्घटनाग्रस्त हेड कांस्टेबल ललित राय को पीएम श्री एयर एंबुलेंस से भोपाल एम्स इलाज हेतु भेजा गया है। इसके पहले बीते दिनों रीवा से मऊगंज जिले के गोविंदलाल तिवारी को आपात स्थिति में ह्रदय रोग के उपचार हेतु पीएम श्री एयर एंबुलेंस से भोपाल ले जाया गया था । जबकि पन्ना जिले के नागरिक रामगोपाल तिवारी को मध्यप्रदेश सरकार की पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा के माध्यम से खजुराहो से भोपाल एयरलिफ्ट कराकर उन्हें उच्च स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई। बुधवार को पुलिस हेड कांस्टेबल ललित राय, जो जबलपुर के निजी चिकित्सालय में उपचाररत थे, उन्हें आपात स्थिति में एयर एंबुलेंस सेवा से उपचार हेतु भेजे जाने वाले तीसरे हितग्राही हैं।

---

### किसानों की विद्युत समस्या का किया गया निराकरण




भारतीय मानवाधिकार एसोशिएशन द्वारा ग्राम लिगरी, स्लिमनाबाद के किसानों की विद्युत समस्या को पॉवर हाउस में जे.ई. व ए.ई. से मिलकर किसानों की ट्रांसफार्मर संबंधी समस्या का निराकरण कराया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शरद विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष डा अभिषेक अधिकारी, जिला महिला सचिव सीमा चौधरी, डा कमलेश विश्वकर्मा, तहसील अध्यक्ष राजेश हल्दकार, मीडिया प्रभारी अमित विश्वकर्मा एवं ग्रामीण किसान उपास्थित किसान शंकर कुशवाहा सुशील कुशवाहा राम सिंह ठाकुर भारत कुशवाहा लक्ष्मण कुशवाहा मुन्ना कुशवाहा रवि चौधरी लकी कुशवाहा अवधेश कमला कुशवाहा संतोष कुशवाहा टीकाराम कुशवाहा छोटे बर्मन तीरथ कुशवाहा पर पीतांबर कुशवाहा और पत्रकार अनिल दीवान अमित विश्वकर्मा सुग्रीव यादव अनिरुद्ध सोनी राजेश रैदास भी उपस्थित रहे। किसानों की समस्या का त्वरित निराकरण किये जाने पर आभार व्यक्त किया गया है।

---

# जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहित छात्र छात्राओं ने भी किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ वनपरिक्षेत्र में पौधारोपण महोत्सव के अवसर पर वन मंडल अधिकारी गोरव शर्मा के मार्ग दर्शन में पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष उदय राज सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा पूर्व जनपद अध्यक्ष रंगलाल पटेल जिला एवं सत्र न्यायाधीश , न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, एसडीएम महेश मंडलोई, एसडीओपी के पी सिंह, जनपद सीईओ ब्रतेश जैन, सीएमओ नगर परिषद रामावतार पटेल , थाना प्रभारी रितेश शर्मा , बीएमओ डा०विनोद कुमार एवं अन्य डॉक्टर्स, सीएमओ नगर



परिषद कैमोर, जागेश्वर प्रसाद मिश्र, हंसराज सिंह ठाकुर, संत कुमार विश्वकर्मा, सरपंच टीकर, सरपंच बंजारी मो० अल्ताफ छोटे चच्चा, सरपंच खिरवा, वन समिति अध्यक्ष टीकर, बंजारी, खिरवा, वन समिति सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया।

साथ ही उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक, कन्या शाला के प्राचार्य राम निधि मिश्र, स्काउट गाइड प्रभारी ओ पी सोनी शिक्षक रवि बेन सहित छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर वृक्षारोपण किया। छात्राओं द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री जैन से पर्यावरण से संबंधित जिज्ञासा जाहिर कर प्रश्न पूछे।, पौधों के प्रकार, पौधों को लगाने का तरीका, पर्यावरण संरक्षण के बारे में वनपरिक्षेत्र अधिकारी विवेक कुमार जैन द्वारा छात्र छात्राओं के प्रश्नों का गंभीरता से उत्तर देते हुए समझाया गया।

---

**शासकीय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष ने पत्र लिखकर दी चेतावनी**

# नवीन शैक्षिक संवर्ग के क्रमोन्नति आदेश जारी नहीं होने पर 10 जुलाई से अनशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में वर्ष 1998 से नियुक्त होते रहे शिक्षाकर्मी, गुरूजी, संविदा शाला शिक्षक से अध्यापक होते हुए नवीन शैक्षिक संवर्ग (राज्य शिक्षा सेवा ) में नियुक्त हुए शिक्षक संवर्ग को प्रथम एवं द्वितीय वरिष्ठ वेतनमान (क्रमोन्नत वेतनमान) जो कि वर्ष 2018 से लेकर 2022 तक क्रमशः प्राप्त हो जाना चाहिए था, वह छह वर्ष से अभी तक लंबित है ।

शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने कलेक्टर कटनी, सीईओ जिलापंचायत, संयुक्त संचालक जबलपुर संभाग, जिला शिक्षा अधिकारी कटनी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि नवीन शैक्षिक संवर्ग का शिक्षक एनपीएस के दायरे में आता है, और क्रमोन्नत वेतनमान प्राप्त होने पर उसके बढे हुए वेतन का 10 प्रतिशत संबंधित कर्मचारी के एनपीएस खाते में जमा होगा और उसी बढे हुए वेतन का 14 प्रतिशत शासन एनपीएस खाते में जमा करेगी और फिर उस राशि पर ब्याज मिलने का प्रावधान है, जिसका नुकसान नवीन शैक्षिक संवर्ग को लगातार होता जा रहा है।

शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश ने बार-बार पत्राचार करके वरिष्ठ अधिकारियों से इस हेतु अनुरोध किया, परन्तु आज दिनांक तक कटनी जिले में मामला शून्य ही है ।

इसी मुद्दे पर प्रदेश की विजयराघवगढ विधान-सभा के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ( पूर्व उच्च शिक्षा राज्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन ) ने अपने तारांकित प्रश्न क्रमांक 2273 जिसका सदन में उत्तर देने का दिनांक 10 जुलाई 2024 है, द्वारा सदन में भी इस मामले को उठाया है , परन्तु अभी भी जिला स्तर और संभागीय स्तर पर ऐसी कोई विभागीय गतिविधियां परिलक्षित नहीं हो रहीं हैं, जिनसे यह विश्वास हो कि 10 जुलाई 2024 के पूर्व मध्यप्रदेश में नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान / वरिष्ठ वेतनमान का लाभ प्राप्त हो सकेगा ।

विभागीय अधिकारियों की इस तरह की गैरजिम्मेदाराना कार्यवाही से परेशान होकर राकेश दुबे प्रान्ताध्यक्ष शासकीय शिक्षक संगठन ने घोषणा की है कि यदि 09 जुलाई 2024 तक कटनी जिले में नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान / वरिष्ठ वेतनमान के आदेश जारी नहीं होते हैं, तो अपने संवर्ग के कर्मचारियों के आर्थिक हितों की रक्षा हेतु एवं माननीय विधान सभा जैसे सदन की गरिमा के सम्मान में 10 जुलाई 2024 से राकेश दुबे कार्यालय जिला कलेक्टर कटनी के समक्ष अनशन प्रारंभ कर देंगे और संगठन की समस्त जिला इकाईयां भी इसका अनुसरण करेंगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आयुक्त लोकशिक्षण भोपाल, संचालक लोकशिक्षण भोपाल के साथ-साथ कमिश्नर जबलपुर संभाग जबलपुर, कलेक्टर कटनी जिला कटनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी, संभागीय संयुक्त संचालक लोकशिक्षण, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्यों की होगी, क्योंकि गोपनीय चरित्रावली के नाम पर विकासखण्ड एवं संकुल स्तरों पर भी इन शिक्षकों का पर्याप्त आर्थिक शोषण किया गया है ।

---

**ट्रांसपोर्टरों के व्यवस्थापन हेतु ननि ने आयोजित की बैठक**

# ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के विकास एवं यातायात व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने हेतु शहर में ट्रांसपोर्टरों के व्यवस्थापन को लेकर नगर निगम द्वारा बुधवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी, एसडीएम प्रदीप मिश्रा निगमयुक्त विनोद कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में समस्त ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में महापौर सूरी एवं निगमायुक्त शुक्ल द्वारा सभी ट्रांसपोर्टरों से बात करते हुए कहा कि व्यवस्थापन हेतु सभी को अविलंब तीन दिवस में बिल्डिंग परमिशन दिया जाएगा एवं निगम द्वारा अन्य प्रकाश, पेयजल इत्यादि समुचित व्यवस्थाएँ भी की जा चुकी है अतः सभी जल्द से जल्द बिल्डिंग परमिशन लेते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करें ताकि अन्य नये



ट्रांसपोर्टरों के व्यवस्थापन हेतु भी शासन से बात कर उनको भी व्यवस्थित किया जा सके। व्यवस्थापन में आने वाली अन्य समस्याओं जैसे आर्थिक सहायता हेतु बैंक ऑफ़ बड़ौदा के चीफ़ मैनेजर कपिल कुमार।यातायात की समस्याओं हेतु यातायात प्रभारी राहुल पांडेय ट्रांसफार्मर इत्यादि की समस्या हेतु एमपीईबी के संभागीय अभियंता मुकेश महोबे उपस्थित रहे एवं सभी अधिकारियों द्वारा संपर्क सूत्र देते हुए कहा गया की व्यवस्थापन में आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण हेतु प्रशासन आपके साथ है। महापौर, एसडीएम निगमायुक्त द्वारा सभी से अपील करते हुए कहा है कि सभी ट्रांसपोर्टरों के व्यवस्थापन हेतु नगर निगम एवं प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी आप सभी से भी शहर के विकास हेतु सहयोग की अपील है।

बैठक में एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, प्र सहायक यंत्री सुनील सिंह, आदेश जैन, प्र स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी निगम के कर्मचारी एवं शहर के ट्रांसपोर्टरों की उपस्थिति रही।

---

# सुराप्रेमियों को लगाई फटकार, दुकानदारों को दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे बीती रात दलबल के साथ देर शाम थाना क्षेत्र के भ्रमण पर निकले। थाना क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए उन्होंने न केवल खुले में शराब पीते मिले शराब प्रेमियों को कड़ी फटकार लगाई बल्कि सड़क किनारे लगे ठेले वालों को और दुकानदारों को भी हिदायत देते हुए कहा की यदि शराब पीते, पिलाते या फिर बेचते पाए गए तो फिर आपकी खैर नहीं। क्षेत्र भ्रमण पर निकले कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं नशाखोरों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी श्रीरंजन से प्राप्त निर्देशों के



आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में पैदल क्षेत्र भ्रमण करते हुए अपराधिक गतिविधियों पर निगाह रखी जा रही है। उन्होंने कहा की आज तो भ्रमण कर के खुले में शराब पीने वालों एवं ऐसे उन दुकानदारों जिनके द्वारा अपनी दुकान के आसपास शराब पीने वालों को शराब पीने में मदद की जाती है। उन्हें समझाइस दी गई है। यदि समझाइस देने के बाद भी सुधार नहीं आता तो ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी

---

### मंजूषा गौतम को दी गई अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

**कटनी।** जन परिषद की कटनी चैप्टर की वूमेन विंग के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी श्रीमती मंजूषा गौतम मनोनीत को दी गई है। जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 35 वर्षों से सामाजिक एवम् रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था पर्यावरण पर नौ अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 210 से अधिक एवम् विदेशो में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवम् सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं।संस्था का मुख्य आधार मानवीय , सामाजिक एवम् राष्ट्रीय दृष्टिकोण है। श्रीमति मंजूषा गौतम के मनोनयन पर शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

## शनि 29 से कुंभ राशि में चलेंगे उल्टी चाल कुछ को लाभ, कुछ को परेशानी

**लगभग साढ़े चार महीने तक इसी अवस्था में रहेंगे, शनि, 15 नवंबर को मार्गी होंगे**

जबलपुर।

न्याय के देवता व कर्मफल दाता सूर्य पुत्र शनि देव 29 जून से कुंभ राशि में ही वक्री होंगे यानी उल्टी चाल चलेंगे। ज्योतिष में शनिग्रह का महत्व है। पुण्य फल में शनि इतना देते हैं, कि व्यक्ति को समेटते नहीं बनता है और वक्रदृष्टि पडऩे पर राजा से रंक बनाने में भी समय नहीं लगाते हैं। शनि देव 29 जून को रात 11 बजकर 40 मिनट पर कुंभ राशि में वक्री होंगे और लगभग साढ़े चार महीने तक इसी अवस्था में रहेंगे। इसके बाद शनि 15 नवंबर 2024 को मार्गी होंगे।ज्योतिषाचार्य के अनुसार, शनि जिस राशि में वक्री होते हैं, उसके लिए सबसे ज्यादा कष्टकारी साबित होते हैं। साथ ही जिन लोगों पर शनि की साढ़े साती और ढैय्या चल रही होती है, उन्हें भी शनि वक्री के दौरान सावधान रहने की जरूरत होती है।



### मकर, कुंभ व मीन राशि के जातक सावधान रहे

मकर, कुंभ और मीन राशि पर शनि की साढ़े साती का प्रभाव है। वहीं कुंभ में साढ़ेसाती का दूसरा, मकर में आखिरी और मीन राशि पर पहला चरण चल रहा है। साढ़े साती में शनि के वक्री होने से पीड़ित राशियों को इस समय कष्ट का सामना करना पड़ेगा। शनि के कुंभ राशि में होने की वजह से कर्क और वृश्चिक राशि के जातकों पर शनि की ढैय्या का प्रभाव है। ज्योतिष के अनुसार शनि सभी ग्रहों में सबसे धीमी गति से चलते हैं, लेकिन शनि देव जब वक्री होते हैं तो कई राशियों को परेशानी में डाल देते हैं। शनि का वक्री होना शुभ नहीं माना जाता है। हालांकि शनि वक्री होकर सभी के लिए अशुभ साबित नहीं होते। इस दौरान वे कई राशियों को शुभ फल भी प्रदान करते हैं।

### शनि वक्री से इन राशियों को होगा लाभ

मेष राशि,सिंह राशि और धनु राशि के जातकों पर शनि वक्री का प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि वक्री अवस्था में शनि महाराज इनके लिए शुभ साबित होंगे और कर्म व मेहनत का फल प्रदान करेंगे।

### इन राशि पर बढ़ेगा काम का दवाब

शनि की वक्री चाल मीन, कुंभ, मकर, वृश्चिक, कर्क, मिथुन, वृषभ, तुला और कन्या शनि वालों के करियर के लिए परेशानी का सबब बनेगी। ज्योतिषाचार्यों का अनुमान है कि इस अवधि में इन राशि वालों पर काम का दबाव बढ़ सकता है। वरिष्ठ आपकी मेहनत को नजरअंदाज कर सकते हैं और इसके चलते आप अपनी नौकरी बदलने के बारे में सोच सकते हैं। इससे करियर में नुकसान हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों के लिए ट्रांसफर की संभावना है और वे इससे दुखी और असंतुष्ट महसूस करेंगे।

## महापौर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शीघ्र करेंगे राशि का भुगतान

**जबलपुर।** अजाक्स संघ एवं नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के द्वारा लगातार निगम से सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों द्वारा शिकायतें की जा रही थी कि निगम से सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों को छह से आठ महीने होने के पश्चात भी 100 प्रतिशत एवं 10 प्रतिशत राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है, इस विषय पर अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा एवं नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अचैया कोरी द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू से लगातार पत्राचार किया जा रहा था, साथ ही मौखिक रूप से भी उक्त प्रकरण के बारे में अवगत कराया जा रहा था, महापौर ने उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए आयुक्त से चर्चा की। आयुक्त ने 25 जून को महापौर के आदेश का पालन करते हुए निगम से सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों को 100 प्रतिशत एवं 10 प्रतिशत राशि का भुगतान करने हेतु एक करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की। राशि की स्वीकृति प्रदान कराये जाने पर अजाक्स के अध्यक्ष अमित मेहरा, ननि अधिकारी कर्मचारी संघ अध्यक्ष अचैया कोरी, गुलशन जबलपुरी, कालूराम सोलंकी, रामाराव मगरदे, कोयरी नायडू, नरसिंहमलू, जे. प्रवीण, राममूर्ति, दयाराम धुर्वे, प्रहदाल बर्मन, विजय सेन, राहुल कोरी, महेन्द्र मलिक सहित संघ पदाधिकारियों ने महापौर का आभार व्यक्त किया।




## एचआईवी संक्रमण रोकने व नशा के दुष्परिणाम पर की चर्चा

**जबलपुर।** एलएनसीटी महाविद्यालय जबलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग, रंगोली, नारा लेखन, संगोष्ठी शपथ का आयोजन किया गया, जिसमें एचआईवी संक्रमण को बढ़ने से रोकने एवं नशा के क्या दुष्परिणाम होते हैं इस पर विस्तृत प्रकाश डाला गया, नशा से दूर रहकर किस तरह स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है, इस हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रीता श्रीवास्तव, पारुल परोहा, दिव्या हाजरा, प्रमोद बोकाडे, इंद्रपाल पटेल एवं प्रभारी अजय नारायण पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वयंसेवक पुष्पराज सिंह, अनामिका चढ़ार, दीक्षा चौरसिया, साहिल पटेल, देव पटेल, शिवांशी पटेल, मौसमी लोधी, देव जायसवाल, रौनक जायसवाल, सूरज वैश्य आदि का विशेष योगदान रहा।



## स्मार्ट मीटर योजना का आम आदमी पार्टी ने किया विरोध

**जबलपुर।** प्रदेश में स्मार्ट मीटर का प्रयोग बिजली विभाग द्वारा अनिवार्य किया गया है जिसका विरोध आम आदमी पार्टी की आरटीआई विंग द्वारा बैठक में किया गया। इस जबरदस्ती के खिलाफ़ आंदोलन एवं जन जागरूकता प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। इंडियन कॉफी हाउस में बैठक आयोजित कर आरटीआई विंग आम आदमी पार्टी ने स्मार्ट मीटर जबरदस्ती आम जनता पर थोपे जाने का आरोप लगाया। मनीष शर्मा प्रदेश अध्यक्ष विंग ने बताया कि जिन जगहों पर यह मीटर पूर्व में लगाए गए हैं वहां जानकारी प्राप्त करने पर ज्ञात हुआ कि, बिजली के बिल बहुत ज्यादा बढ़ गए हैं, वहीं इनके ख़राब होने की प्रक्रिया भी ज्यादा है, रिचार्ज खत्म होते ही बिजली बंद हो जाती है, नेटवर्क इश्यू से बहुत परेशानी उत्पन्न हो रही है रिचार्ज में, बैठक में मनीष शर्मा, संतोष वर्मा, प्रफुल सक्सेना, राकेश चक्रवर्ती, बृजेश चतुर्वेदी, गोपाल पराशर, मुन्ना राय, मयंक राज, जितेन्द्र श्रीवास, अंकित गोस्वामी, शिवेंद्र बर्मन, रविंद्र बर्मन आदि लोग मौजूद रहे।

## टी.सी. न मिलने से छात्र हो रहे शाला त्यागी

**जबलपुर।** जागरूक अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन के प्रांत अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि अशासकीय शालाओं में शिक्षा प्राप्त कर रहे गरीब छात्र, छात्राओं के माता-पिता जो फीस देने में सक्षम नहीं हैं, अपने बच्चों को प्राइवेट शालाओं से निकालकर शासकीय शालाओं में प्रवेश दिलाना चाहते हैं, परन्तु टी.सी. के अभाव में शासकीय शालाओं में नाम दर्ज नहीं हो पा रहा है, प्राइवेट शालाओं के संचालक फीस जमा न होने के कारण स्थानांतरण प्रमाण पत्र देने एवं अपने कंप्यूटर में अनमेप करने से इनकार कर रहे हैं, ऐसे में अधिकांश बच्चे शासकीय शालाओं में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं, क्योंकि वे जिन शासकीय शालाओं में प्रवेश लेना चाहते हैं वहाँ मैप नहीं हो पा रहे है यही वजह है की बच्चे शाला त्यागी हो रहे हैं। अतः संगठन कलेक्टर से मांग करता है कि कोई बीच का रास्ता निकाला जावे ताकि ऐसे गरीब परिवार के बच्चों को जो कि अब फीस वहन नहीं कर पा रहे हैं उन्हें शासकीय शाला में दर्ज किया जा सके। संगठन के प्रांत अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्ररहीम, दिनेश गोंड, राजेश सहारिया, राकेश श्रीवास, रऊफ खान, विनोद सिंह, एनोस विक्टर, राम प्रसाद दुबे, गुडविन चार्ल्स, मोहम्मद अहमद कादरी, सुनील झारिया, संतोष चौरसिया, राजकुमार यादव, आदि शिक्षकों ने शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हर जरूरी कदम उठाने पर जोर देने की मांग की है।

## रेलवे ईसीसी सोसायटी सदस्यों के चुनाव

### उत्साह पूर्वक मतदान नतीजे आज

जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय एवं मंडल रेल मुख्यालय में गहमागहमी के बीच ईसीसी सोसायटी डेलीगेट चुनाव के लिए मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। 29 डेलीगेट के चुनाव के लिए 12 उम्मीदवार जबलपुर से और कुल 17 उम्मीदवार जबलपुर रेल मंडल के विभिन्न क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं। जबलपुर सहित रेल मंडल के सतना, मैहर, सागर, दमोह, कटनी आदि जगहों पर मतदान केंद्र बनाए गए थे। इस चुनाव में वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन लैंप चुनाव चिन्ह के साथ मैदान में हैं। लाल झंडा यूनियन का पिछले 11 सालों से ईसीसी सोसायटी में कब्जा है, जबकि प्रतिद्वंदी पैनल वेस्ट रेलवे मजदूर संघ गाय चुनाव चिन्ह के साथ मैदान में हैं। दोनों पैनल पिछले कुछ दिनों से चुनाव प्रचार में जुटी रही और आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी था। ईसीसी सोसायटी सदस्यों के चुनाव को लेकर बुधवार को अच्छा खासा उत्साह देखा गया। जबलपुर क्षेत्र के लिए सुबह 7 बजे से प्रारंभ हुए मतदान का क्रम शाम 6 बजे तक चलता रहा। मतदान के लिए बनाए गए पांच केंद्रों, डीआरएम कार्यालय, पमरे जोन कार्यालय, जबलपुर रेलवे स्टेशन डिप्टी एसएस कार्यालय, पीडब्ल्यूआई कार्यालय व कोचिंग डिपो में कार्यरत सोसायटी मेंबर्स ने डेलीगेट्स को चुनने के लिए सुबह से भारी मतदान किया। मतदाताओं ने लंबी-लंबी लाइनें लगकर अपने मत का प्रयोग किया। इस बार के ईसीसी सोसायटी चुनाव में यूं तो तीन संगठन समर्थन पाने के लिए मैदान में उतरे हैं, लेकिन मुख्य मुकाबाला एम्पलाईज यूनियन और मजदूर संघ पैनल के बीच ही नजर आ रहा हैं। वर्तमान सत्ताधारी वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन (लैम्प) जहां सोसायटी मेंबर्स को साधने में चुनाव पूर्व ही एड़ी चोटी का जोर लगा चुकी है, वहीं वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ (गाय) इस बार के ईसीसी सोसायटी चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल करने का दावा कर रहा है। अब देखना यह है कि, बुधवार हो रहे मतदान का जब आज गुरुवार को परिणाम आयेगा तब सेहरा किसके सर बंधेगा।





## गूंज ने किया साहित्य शिल्पियों को सम्मानित

**जबलपुर।** गूंज अंतरराष्ट्रीय मंच द्वारा पंडित रूद्र दत्त दुबे की तीन काव्य कृतियों को अल्प अवधि में प्रकाशित करने वाले साहित्य शिल्पी धीरज गुप्ता एवं मनोज जैन मित्र को श्रीमती सुनीति माहेश्वरी डॉ. बैजनाथ गौतम, नीरज शुक्ला, मनीष दुबे एवं माधुरी उमेश मिश्रा के आतिथ्य में साहित्य संवर्धन सम्मान से विभूषित किया गया है।



## हजरत चांद शाह वली का उर्स 2 जुलाई से

**जबलपुर।** उपरैनगंज स्थित इमामबाड़ा में गतरात्रि हजरत चांद शाह वली रहमतुल्ला अलैह के आगामी उर्स की बैठक रखी गई, जिसमें सर्व सहमति से निर्णय लिया गया की इस साल चूंकी उर्स शरीफ मौसमे बरसात में है इसलिए उर्स शरीफ में क़व्वाली का आयोजन नहीं किया जाएगा। उर्स कमेटी के सचिव मोहम्मद ताहिर खान के अनुसार 02 जुलाई बाद नमाज मगरिब के बाद क़ुरान ख्वानी का एहतेमाम किया जाएगा और उर्स शरीफ का आगाज होगा। 03 जुलाई को बाद नमाज जोहर दोपहर तीन बजे चादर संदल जुलूस निकाला जाएगा। बैठक के दौरान उर्स कमेटी के रिजवान खान, अहमद खान, तारीख खान, सोहैल कुरैशी सहित मेम्बर मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट जबलपुर में 27 से

**जबलपुर।** जिला जबलपुर में राज्य स्तरीय ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन जिला बैडमिंटन एसोसियेशन द्वारा किया जा रहा है। एसो. के पदाधिकारी एन सुब्रामणि एवं लोकनाथ तिवारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 27 जून से 30 जून तक यह टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न आयुवर्ग के अनेक प्रतिभागी शामिल होकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

## दिगंबर जैन महिला परिषद ने रक्तदान शिविर आयोजित किया



जबलपुर।

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद लॉर्डगंज शाखा (चंदना संभाग) द्वारा रक्तदान शिविर लॉर्डगंज जैन मंदिर में लगाया गया। शिविर का शुभारंभ संभाग अध्यक्ष संध्या कौशल, शाखा अध्यक्ष पूजा विद्यार्थी द्वारा मंगलाचरण करके किया गया। डॉक्टर संध्या ने रक्तदान के विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की, उन्होंने कहा देशभर में खासकर थैलेसीमिया, सिकल सेल डिजीज, दुर्घटना, ऑपरेशन, एनीमिया के मरीज निरंतर बढ़ते ही जा रहे हैं। जनसंख्या के अनुपात से रक्तदान बहुत कम लोग कर रहे हैं, रक्तदान महादान करके रक्तदान के प्रति लोगों को जागृत करने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में आए सभी डॉक्टर अमिता जैन एवं डॉ. अभितोष भल्ला का सम्मान किया गया। संभाग सचिव श्वेता मोदी कल्पना, VH सास बहू की जोड़ी ने चक्रेश पन्नी और भी समाज के सदस्यों ने रक्तदान करके इस कार्य को संपन्न कराया, 30 यूनिट रक्तदान प्राप्त हुआ, रक्तदान के बाद रक्त वीरों को प्रमाण पत्र वितरित किए एवं कॉफी नाश्ता स्वल्पाहार कराया गया जिसमें सभी लोग रक्तदान देकर परोपकार के कार्य को संपन्न किया। इस शिविर में विशेष सहयोग डॉक्टर कुसुम जैन, रानी जैन, साधना बड़कुल, श्वेता मोदी, मनीषा जैन, रीता जैन, सुशीला जैन लखनऊ एंपोरियम, शशि प्रभा, चित्रा, सुशीला नेता, मीना परिधान, मीना बड़कुल, सीमा, पुष्पा ओसिन, आशा मोतीवाला सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ। केंद्रीय संरक्षिका एवं प्रांतीय सह सचिव डॉ. संध्या जैन, संभाग अध्यक्ष संध्या कौशल, संभाग सचिव श्वेता मोदी, अध्यक्ष पूजा विद्यार्थी, सचिव मनीषा जैन, कोषाध्यक्ष रीता जैन आदि मौजूद रहीं।




## पर्यावरण संरक्षण के लिए मुफ्त पौधों का वितरण किया गया

**जबलपुर।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 26 जून 2024 को मालवीय चौक पर भाजपा म.प्र. विदेश संपर्क विभाग द्वारा मुफ्त पौधों का वितरण किया गया। साथ ही पौधों का संरक्षण करने की भी अपील की गई, कार्यक्रम में सुधांशु गुप्ता, प्रदेश सह संयोजक, भाजपा म.प्र. विदेश संपर्क विभाग एवं उनके सहयोगी सदस्य भी उपस्थित थे। संगठन ने बताया कि इस प्रकार के अभियानों से न केवल पर्यावरण को लाभ होता है, बल्कि लोगों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी विकसित होती है, संगठन ने इस बात पर जोर दिया कि पौधे लगाने से पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने में मदद मिलती है, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ वातावरण मिल सके। संगठन ने घोषणा की है कि इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे। वे विभिन्न स्थानों पर जाकर अधिक से अधिक लोगों को पौधे वितरित करेंगे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे, मालवीय चौक में 500 से अधिक विभिन्न प्रकार के पौधे का वितरित किए गए।

## कछपुरा हॉकर्स जोन में स्थान सीमित, व्यापारी 3 गुना

### महापौर से शिकायत एवं समाधान पर चर्चा

जबलपुर।

कछपुरा व्यापारी संघ, नागरिक उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधि मंडल ने महापौर श्री अन्नू सिंह से स्ट्रीट वेंडर्स की परेशानियों तथा रोजगार के संकट पर विस्तृत चर्चा की तथा समाधान हेतु आग्रह किया प्रतिनिधि मंडल में मनीष शर्मा, राकेश चक्रवर्ती, प्रफुल्ल सक्सेना, विनोद पांडे, मयंक राज, अंकित गोस्वामी तथा अन्य शामिल थे। ज्ञातव्य हो कि रानीताल से गढ़ा रेलवे फाटक के मध्य 300 के लगभग स्ट्रीट वेंडर्स अपना व्यवसाय सड़क किनारे करते थे जिन्हें हटाकर कछपुरा हॉकर्स जोन भेजा गया गौरतलब है की कछपुरा हॉकर्स जोन में मात्र 300 स्थान ही बनाए गए हैं व्यापारियों हेतु परंतु गढ़ा क्षैत्र के भी व्यापारियों को हॉकर्स जोन में जगह दी गई ऐसी स्थिति में वहा उपलब्ध स्थान से 3 गुना ज्यादा स्ट्रीट वेंडर्स हो गए हैं। प्रतिनिधि मंडल ने महापौर से आग्रह किया है कि विवेकानंद वार्ड तथा कमलानेहरू वॉर्ड के लिए उसी क्षेत्र में हॉकर्स जोन बनाया जाए जिसे महापौर ने गंभीरता से लिया तथा आवश्यक निर्देश जारी किए उक्त क्षैत्र में उपलब्ध खाली सरकारी भूमि चिन्हित करने के लिए। इस अवसर पर मनोज पटेल, उमेश साहू, राहुल साहू, रामदीन, हर्षित पटेल, अनुज कुमार, लईया गुप्ता आदि स्ट्रीट वेंडर्स उपस्थित थे।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं MAYUR DENGRA पिता SURESH KUMAR DENGRA निवासी 943, DUTT ENCLAVE FLAT NO-3 FLOOR NO-3rd OPP MATA GUJRI GIRLS HOSTEL, NAPIER TOWN JABALPUR (M.P.) 482001 कथन करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट नं. P6823204 मै मेरा नाम MAYUR DENGRA पिता SURESH KUMAR DENGRA लिखा है, जिसे मैने बदलकर MAYUR S DENGRA पिता SURESH KUMAR DENGRA कर लिया है। अत मुझे MAYUR S DENGRA पिता SURESH KUMAR DENGRA नाम से जाना व लिखा जावे।

पूर्व नाम – MAYUR DENGRA
पिता – SURESH KUMAR DENGRA
परिर्वतन नाम – MAYUR S DENGRA
पिता – SURESH KUMAR DENGRA

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO. 15710470X RANK NK NAME VINEY KUMAR S/O LATE MADAN UNIT MB AREA SIG COY, JABALPUR (MP) I, have changed name and date of birth of my MOTHER, from name DURGA and date of birth 01/07/1968 (name and date of birth as per my Army service records to name DURGA DEVI and date of birth 01/01/1975 (name and date of birth as per my MOTHER, AADHAR CARD vide affidavit dated 26/06/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-DURGA DEVI
INCORRECT NAME-DURGA
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1975
INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1968

**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मैं FAHAD AZIZ KHAN S/O JAWED AHAMED KHAN पता MIG 24 आनंद नगर अधारताल जिला जबलपुर का निवासी हूं। मेरी दसवीं की अंक सूची मैं मेरे पिता का नाम JAWED KHAN दर्ज है, जो कि अधूरा और गलत नाम है। मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम JAWED AHAMED KHAN दर्ज है, जो पूरा और सही नाम है। आज दिनांक से मेरे पिता का नाम इसी नाम से जाना जावे एवं पढ़ा जावे।

सही नाम
JAWED AHAMED KHAN
गलत नाम
JAWED KHAN

नगर पालिक निगम, जबलपुर
जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)
क्र./सं.अधि./07/ MIE M.P.No.36/ 2024-25
दिनांक-21/06/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है क्रेता कार्तिक अग्रवाल पिता डॉ.रवि अग्रवाल भवन क्रमांक 4530/ 1 पी नं. संपत्ति कर/ पिन नंबर 10004270142402917 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी श्री रमेश कुमार अग्रवाल पिता श्री परमानंद अग्रवाल द्वारा मुख्त्यार आम- श्रीमति सुशीला अग्रवाल के भाग पर वार्ड दीवान आधार सिंह के कुल प्लाट रकवा/ निर्मित क्षेत्रफल...............में से विक्रय प्लाट रकवा 1920 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1376 आर.सी.सी. व.फु. एवं प्रथमतल......व.फु. पर विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामान्तरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 07 में समस्त प्रमाण पत्रों सहित प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
जोन क्र.-07 अधारताल
जबलपुर (म.प्र.)

**न्यायालय दशम अपर जिला न्यायधीश बिलासपुर (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी श्री अनिवनाश त्रिपाठी)
**समंस**
(अंतर्गत आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
पक्षकार-: प्रवीण कुमार जाधव विरूद्ध विजया डेवरिल व अन्य
सिविल अपील क्रमांक 57 -अ / 2023
श्रवण तिथी 22.07.2024

प्रति, 1. श्रीमती विजया डेवरिल पति जे. डेवरिल मराठा वार्ड बैतूल ( मध्यप्रदेश ) 2. पुष्कर गायकवाड पिता एबनिजर गायकवाड मिशन कंपाउण्ड जबलपुर (म.प्र.) 3. मधुकर गायकवाड पिता एबनिजर गायकवाड सिविल लाईन औरंगाबाद (महाराष्ट्र) 4. श्रीमती पुष्पलता सिंघे पति आर सिंघे 7-डे मिशन कंपाउन्ड मुम्बई (महाराष्ट्र) 5. श्रीमती शान्ति उर्फ सरला गायकवाड पुलिस लाईन मसानगंज बिलासपुर (छ.ग.) 6. राजू गायकवाड पिता दिवाकर गायकवाड - पुलिस लाईन मसानगंज बिलासपुर (छ.ग.) 7. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला अध्यक्ष बिलासपुर (छ.ग.)


उत्तरवादीगण को इस समाचार पत्र मे प्रकाशित समंस के माध्यम से सूचित किया जाता है, इस न्यायालय के समक्ष अपीलार्थी के द्वारा एक अपील न्यायालय श्रीमान षष्ठम व्यवहार न्यायधीश वर्ग -2 बिलासपुर द्वारा व्यवहार प्रकरण कमॉक 61 अ/2020 प्रवीण कुमार जाधव विरूद्ध विजया डेवरिल व अन्य मे घोषित निर्णय व डिकी दिनॉक 22.08.2023 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है उक्त अपील में उत्तरवादीगण के रूप मे आपकी उपस्थिती हेतु नियत तिथी दिनॉक 22.07.2024 है। अत: उक्त सुनवाई तिथी पर आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रात: 11 बजे मेरे न्यायालय मे उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा आपकी अनुपस्थिती की दशा मे आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही के आधार पर अपील की सुनवाई करते हुए निर्णय घोषित किया जावेगा।

यदि किसी कारण वश नियत तिथी 22.07.2024 को अवकाश हो जाता है, तो आगामी कार्यदिवस की तिथी नियत सुनवाई तिथी के रूप में मानी जावेगी।

आज दिनॉक 25.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।


अविनाश के त्रिपाठी
दशम अपर जिला न्यायालय
बिलासपुर (छ.ग.)

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खादी योग वस्त्र और चटाई की बंपर बिक्री



**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस बार भारत के ग्रामीण क्षेत्र के लाखों खादी कारीगरों के लिए विशेष खुशी लेकर आया। गत 21 जून को मनाए गये अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (केवीआईसी), भारत सरकार ने देशभर की 55 खादी संस्थाओं के माध्यम से अलग-अलग सरकारी विभागों में 8,67,87,380 रुपये की 1,09,022 योग चटाई और 63,700 योग वस्त्रों की बिक्री की। बुधवार को दिल्ली में आंकड़े जारी करते हुए केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'ब्रांड शक्ति' ने भारतीय विरासत योग के साथ-साथ खादी को भी लोकप्रिय बनाया है। ये खादी परिवार के लिए प्रसन्नता की बात है कि इस बार हमारे खादी कारीगरों द्वारा बनाए गये विशेष योग वस्त्रों और चटाई की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री हुई है। उन्होंने आगे बताया कि इस बार योग दिवस के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर में योग किया और केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने अहमदाबाद में खादी के योग वस्त्र पहनकर योगाभ्यास किया। ये खादी कारीगरों के लिए सम्मान की बात है। केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने आगे कहा कि खादी से बने योग वस्त्र और चटाइयां सेहत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत लाभदायक हैं, क्योंकि इसे बिना केमिकल और कम से कम पानी के प्रयोग से बनाया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विशेष अवसर पर खादी योग वस्त्र और चढ़ाई की बिक्री इस बात का प्रतीक है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार अपनी विरासत खादी को सहेजन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी दृढ़ संकल्पित है। इससे वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी नयी शक्ति मिलती है। जारी आंकड़ों के अनुसार आयुष मंत्रालय की मांग को देखते हुए इस बार केवीआईसी ने खादी के विशेष योग कुर्ते (टी-शर्ट शैली में) तैयार किये थे। इन्हें खासतौर से युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था। योग दिवस के अवसर पर केवीआईसी के कनॉट प्लेस, दिल्ली स्थित खादी भवन ने सिर्फ आयुष मंत्रालय को 50,000 योग चटाई और 50,000 योग वस्त्रों की सप्लाई की। इसमें 300 प्रीमियम क्वालिटी के योग मैट भी शामिल रहे। इसके साथ ही मंत्रालय की मांग के अनुसार 25,000 खादी योग चटाई और वस्त्र श्रीनगर में तथा 10,000 चटाई और योग वस्त्रों की श्रीनगर में आपूर्ति की गई। श्रीनगर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हजारों लोगों ने खादी के वस्त्र पहनकर योगाभ्यास में हिस्सा लिया। आयुष मंत्रालय के साथ-साथ केवीआईसी ने प्रमुख रूप से मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर एवं पंचकुला, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, ओएनजीसी, नालको को भी योगाभ्यास के लिए खादी के बने योग वस्त्र और योग चटाई की सप्लाई की। 8,67,87,380 रुपये की कुल आपूर्ति में खादी योग वस्त्र की बिक्री 3, 86,65,900 रुपये और चटाई की बिक्री 4,81,21,480 रुपये रही। मांग के अनुसार केवीआईसी ने देशभर की खादी संस्थाओं, जिसमें गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड एवं दिल्ली की 55 संस्थाएं शामिल रही, को आपूर्ति के लिए पूर्व में ही सूचित कर दिया था। इसके माध्यम से खादी संस्थाओं में कार्यरत कत्तिन, बुनकरों और खादी कार्यकर्ताओं को अतिरिक्त आय के साथ-साथ रोजगार के अतिरिक्त अवसर भी मिले।

# थायरोग्रिट पर किया गया अनुसंधान विश्व प्रसिद्ध शोध पत्रिका में प्रकाशित समकालीन वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को भी पतंजलि के नवीन शोध से मिलेगा




**हरिद्वार।** हाइपोथायरोडिज्म दुनिया भर में एक आम बीमारी के रूप में पैर पसार रही है लेकिन इससे हृदय रोग, इनफर्टिलि और बच्चों के मस्तिष्क विकास में बाधा जैसे दुष्प्रभाव उत्पन्न हो रहे हैं। मॉडर्न चिकित्सा जगत में इस भयावह परन्तु आम बीमारी के लिए मात्र हार्मोनल रिप्लेसमेंट थैरेपी ही उपलब्ध है या फिर रोगी जीवन पर्यन्त दवाइयां लेने के लिए बाध्य है। पतंजलि द्वारा जनमानस को इस रोग से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य के साथ, आयुर्वेद के वृहद और प्राचीन विज्ञान को आधार बना कर हर्बल औषधि थायरोग्रिट का निर्माण किया गया। इस औषधि पर किए गए शोध ने यह प्रमाणित किया कि यह औषधि चूहे के भीतर उत्पन्न हाइपोथायरोडिज्म की समस्या को ठीक करने में सक्षम है। आयुर्वेदिक औषधि थायरोग्रिट, हाइपोथायरोडिज्म से प्रभावित गलगण्ड ग्रंथि (थायराईड) को रोगमुक्त कर इससे होने वाली गुर्दे की हानि को भी समाप्त करती है। पतंजलि के लिए यह गर्व का क्षण है कि यह शोध विश्व प्रतिष्ठित पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल, क्लीनिकल फाईटो साइंस प्रकाशित हुआ है, जिससे समकालीन वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को भी नवीन आयुर्वेदिक औषधि अनुसन्धान के बारे में जानकारी मिलेगी। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि का यह शोध विश्वभर में थायरॉयड की समस्या से ग्रसित व्यक्तियों के जीवन में एक नयी ऊर्जा का संचार करेगा। पतंजलि से जुड़े सभी कर्मयोगी दृढ़संकल्पित होकर विश्व को रोग मुक्त करने के इस अभियान में तन-मन-धन से समर्पित हैं और हमेशा रहेंगे।

## एयर कूलर छूने से दो बच्चों की करंट से मौत

**अकोला।** महाराष्ट्र के अकोला जिले में एयर कूलर छूने के बाद दो बच्चों की करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना तेलहारा तालुका के कालेगांव में हुई।



दोनों बच्चों की उम्र क्रमशः चार और पांच साल थी। दोनों गर्मी की छुट्टियों में अपने मामा के घर आए थे। हिवरखेड़ पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि अपने मामा के घर में खेलते वक्त उन्होंने एक 'एयर कूलर' को छू लिया।

## कलबुर्गी हवाई अड्डे में बम होने की धमकी

**कलबुर्गी।** कर्नाटक के कलबुर्गी हवाई अड्डे को ईमेल के जरिए बम रखे होने की धमकी मिली। इसके बाद तलाश अभियान शुरू किया गया।




बम निरोधक दस्ता और श्वान दस्ता हवाई अड्डा परिसर की तलाशी ले रहे हैं। हवाई अड्डे के निदेशक को आज सुबह एक अज्ञात आईडी से ईमेल मिला जिसमें दावा किया गया कि हवाई अड्डा परिसर में एक बम रखा गया है।

### कोपरनिकस सेंटिनल-2 उपग्रह से लिया गया है इसे

# अंतरिक्ष से रामसेतु... यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने शेयर की तस्वीर

*48 किलोमीटर तक फैला है रामसेतु, श्रीलंका के मन्नार द्वीप को है जोड़ता*

एजेंसी ▶▶| पेरिस



यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने अपने कोपरनिकस सेंटिनल-2 उपग्रह से ली गई राम सेतु की तस्वीर शेयर की है। एडम ब्रिज के नाम से भी जाना जाने वाला यह पुल भारत और श्रीलंका को जोड़ने वाली एक द्वीप श्रृंखला का हिस्सा है। राम सेतु भारत के दक्षिण-पूर्वी तट से दूर रामेश्वरम द्वीप के बीच 48 किलोमीटर तक फैला है, जो श्रीलंका में मन्नार द्वीप को जोड़ता है। यह मन्नार की खाड़ी (दक्षिण), हिंद महासागर के एक प्रवेश द्वार को पाक जलडमरूमध्य (उत्तर), बंगाल की खाड़ी के एक प्रवेश द्वार से अलग करता है।**कभी पार करने योग्य था यह पुल** : हालांकि पुल के निर्माण के बारे में कई सिद्धांत हैं, लेकिन भूगर्भीय साक्ष्य बताते हैं कि ये चूना पत्थर के तटबंध उस भूमि के अवशेष हैं जो कभी भारत को श्रीलंका से जोड़ती थी। रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि "यह प्राकृतिक पुल 15वीं शताब्दी तक पार करने योग्य था, जिसके बाद वर्षों में तूफानों के कारण यह धीरे-धीरे नष्ट हो गया। प्राकृतिक विविधता से भरा है यह पुल यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, "रेत के टीले भूरे रंग के नॉडी जैसे पक्षियों के प्रजनन के मैदान के रूप में काम करते हैं, जबकि मछलियों और समुद्री घास की कई प्रजातियां उथले पानी में पनपती हैं। एडम्स ब्रिज के आसपास के समुद्री जीवन में डॉलफ़िन, डुगोंग और कछुए शामिल हैं।" इस वर्ष के आरंभ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राम सेतु के आरंभिक बिंदु अरिचल मुनाई का दौरा किया था।

### उथला है समुद्र का यह हिस्सा

रिपोर्ट में बताया गया है कि यहां कुछ रेत के टीले सूखे हैं, जबकि यहां समुद्र बहुत उथला है, केवल 1-10 मीटर गहरा है, जैसा कि पानी के हल्के रंग से संकेत मिलता है। लगभग 130 वर्ग किलोमीटर में फैला मन्नार द्वीप श्रीलंका की मुख्य भूमि से सड़क पुल के साथ-साथ रेलवे पुल से भी जुड़ा हुआ है। ये दोनों द्वीप के दक्षिणी छोर पर दिखाई देते हैं।

### रामेश्वरम से शुरू होता है यह पुल

भारत की ओर, रामेश्वरम द्वीप - जिसे पंबन द्वीप के नाम से भी जाना जाता है, तक 2 किलोमीटर लंबे पंबन पुल के माध्यम से पहुंचा जा सकता है। यहां दो मुख्य शहर पंबन और रामेश्वरम हैं। पंबन और रामेश्वरम के बीच की दूरी लगभग 10 किलोमीटर है। राम सेतु के दोनों खंड अपने-अपने देशों में संरक्षित राष्ट्रीय उद्यानों का हिस्सा हैं।

# शराब पर अपने फैसले को लेकर हाईकोर्ट पहुंची छग सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



■ दायर किया कैविएट

छत्तीसगढ़ में शराब खरीदी को लेकर राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार के इस फैसले से सिंडीकेट को बड़ा झटका लगा है। राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में मामला दायर हो सकता है और रोक की मांग भी हो सकती है। इस संभावना को देखते हुए राज्य सरकार पहले ही कोर्ट पहुंच गई। राज्य शासन ने महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारी के माध्यम से हाईकोर्ट में केविएटदायर कर दिया है। इसमें कहा गया है कि किसी भी दायर याचिका पर पहले राज्य सरकार का पक्ष सुना जाए इसके बाद ही कोई फैसला दिया जाए। शराब सिंडीकेट के खात्मे को लेकर राज्य सरकार ने बुधवार 19 जून को कैबिनेट की बैठक में शराब खरीदी की व्यवस्था में बदलाव का फैसला किया। इस निर्णय के बाद आबकारी विभाग की तरफ से आदेश जारी हो गया है। आबकारी विभाग से आदेश जारी होने के साथ ही राज्य सरकार इस मामले को लेकर हाई कोर्ट भी पहुंच गई है। सरकार को इस बात का अंदेशा है कि व्यवस्था में बदलाव से शराब सिंडीकेट पर असर पड़ेगा।

### पहले कुछ खास फर्मों को मिला था जिम्मा

*ध्यान रहे कि इससे पहले आबकारी नीति में संशोधन कर एफएल-10 लाइसेंस का नियम बना दिया गया था। इससे कुछ खास फर्मों को आपूर्ति का जिम्मा मिल गया था। इससे राज्य में जहां अवैध व नकली शराब की बिक्री धड़ल्ले से होने लगी थी तो वहीं नकली होलो ग्राम चिपकाकर बोतलों की स्कैनिंग किए बिना घटिया शराब बेचने का मामला भी आया था। इससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ।*

### छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन खरीदेगा विदेशी मदिरा

*ज्ञात हो कि कैबिनेट ने विदेशी मदिरा के थोक विक्रय और भंडारण के लिए वर्तमान में प्रचलित एफएल 10 ए बी अनुज्ञप्ति की व्यवस्था को समाप्त करने का फैसला किया है। इस नियम में विदेशी शराब की खरीदी का अधिकार लाइसेंसियों के पास था।*

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी ।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

# 450 करोड़ की मेडिकल किट डंप, मार्च में 100 करोड़ की एक्सपायर सितंबर में 150, दिसंबर में 200 करोड़ की किट हो जाएगी कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर, खैरागढ़, रायगढ़

हरिभूमि लाइव

छत्तीसगढ़ दवा निगम की 660 करोड़ की मेडिकल किट और उपकरणों की खरीदी पर महालेखाकार ने आपत्ति की है। अगर बिना डिमांड मेडिकल किट की सप्लाई हुई तो आखिर उनका उपयोग क्या हुआ। जो खुलासा हुआ है वो चौंकाने वाला है। जांच में पता चला है कि छत्तीसगढ़ के 170 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 750 प्राथमिक स्वास्थ्य और 30 जिला अस्पतालों में मेडिकल किट भेजी गईं थीं, उनकी कीमत थी 450 करोड़ रुपए थी उसमें से नब्बे फीसदी डंप हो गईं।





## रायपुर में कबाड़ हो गया करोड़ों का रीएजेंट

रायपुर जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में मौजूद रीएजेंट बिना उपयोग के खराब हो गया या दिसंबर तक हो जाएगा। रायुपर के जिला अस्पताल के साथ मंदिर हसौद, लाभांडी, उरला, अभनपुर सहित विभिन्न हेल्थ सेंटरों में करोड़ों के रीएजेंट दबाव पूर्वक सप्लाई की गई। सूत्रों के अनुसार इनमें ट्राइग्लिसराइड्स रीएजेंट जो हृदय रोग, स्ट्रोक तथा धमनियों में होने वाले ब्लाकेज को रोकने के काम में आती है। बड़ी मात्रा में शुगर मापने वाली ग्लूकोज, लाइपेस सीरिंज जिसका उपयोग रक्त में वसा की मात्रा जानने के लिए किया जाता है, खपाया गया था। स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकीय स्टाफ ने बताया कि कई रीएजेंट ऐसे हैं जिसकी जांच के लिए उनके पास उपकरण भी नहीं है।

## खैरागढ़ में एक भी किट का उपयोग नहीं

**खैरागढ़।** नवगठित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में भी स्वास्थ्य महकमे द्वारा सन 2022 में सीबीसी की कीट भेजी गई थी। बिना डिमांड के भेजे गई इस किट का बैच नंबर एएमएन 0222 में सौ-सौ एमएल के सात डिब्बे मिले थे। जिसमें एमएफजी 01 जून 2022 और एक्सपायरी डेट 30 नवंबर 2023 अंकित था। कोई भी रीजेंट उपयोग में नहीं आया और एक्सपायरी हो गया।

## शब्द पहेली - 5554



**बाएँ से दाए-**
1.ईश्वर, करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2, 1, 2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत, दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन, पगार-3
16.मनोनीत, नामकृत-3
18.बंधक, गिरवी वस्तु-3
20.निशा, रात्री-3
22.वचन, प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य, कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार, फटकार-3
30.हवा, पवन-3
31.झाझर, कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर, भूत-2
40.परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान, खजांची-3
4.पैगंबर, रसूल-2
5.झूठ, मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम, मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा, दोस्त-2
18.मजा, आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः, वापस-2
27.मर्करी, पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त, टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा, विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

### शब्द पहेली -5553 का हल



## सूडोकु नवताल - 5565

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |


MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5564 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

**डॉक्टर सजेशन**



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# एक्सरसाइज करने से मिलेगी सरवाइकल पेन से राहत



**मेरी उम्र 44 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द है। कभी-कभी खड़े होने पर आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-नीरज, रोहतक**

आपने यह नहीं बताया कि आपका प्रोफेशन क्या है, क्या आप लंबे समय तक कंप्यूटर या लैपटॉप के साथ काम करते हैं। मौजूदा समय में तमाम लोगों को सर्वाइकल की समस्या हो रही है, इसकी मुख्य वजह लंबे समय तक एक ही पोजिशन में बैठना है। अगर ऐसा कुछ है तो आपको सबसे पहले एक्सरसाइज शुरू करनी चाहिए, इसके लिए फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क करें और सर्वाइकल की कुछ एक्सरसाइज सीखकर उसकी प्रैक्टिस शुरू कर दें, जिससे आपको स्थायी रूप इस दर्द से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 31 वर्ष है। मुझे कुछ खाने का मन नहीं होता है। भूख महसूस नहीं होती है, कई घंटे कुछ ना खाने पर भी पेट भरा भरा-सा लगता है। कृपया इस समस्या का उपचार बताएं।**

**-अनुज, धमतरी**

आप बता रहे हैं कि आपको भूख नहीं लगती, इसका सामान्य कारण पाचन क्रिया प्रभावित होना होता है, जिससे खाया गया खाना डाइजेस्ट नहीं होता है। आप सबसे पहले खान-पान में थोड़ा परिवर्तन करें। तला, भुना खाना बंद कर दें। दोपहर के खाने में सलाद, दही और पपीता खाएं। रात में हल्का खाना खाएं और सोने से तीन घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह थोड़ा परिवर्तन करके देखें, अगर आराम मिलता है तो ठीक है, नहीं तो आप एक बार फिजिशियन डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 25 वर्ष है। कभी-कभी मेरे सिर के दाहिनी तरफ तेज दर्द होने लगता है। धूप में निकलने पर या गर्मी में यह प्रॉब्लम अधिक होती है। कृपया इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-राजन, रायपुर**

माइग्रेन में ऐसे ही लक्षण देखे जाते हैं। तेज धूप में निकलने पर सिर दर्द हो जाता है। यह दर्द एक ओर होता है। इससे बचाव का एक ही तरीका है कि आप उन स्थितियों से बचें, जिससे आपका सिर दर्द शुरू होता है। आप डॉक्टर से संपर्क करके कोई मेडिसिन लिखवा लें और तेज दर्द होने पर उसे खा लिया करें।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। अकसर छोटी-छोटी बातों को लेकर मैं चिंतित और तनावग्रस्त हो जाता हूं। टेंशन की वजह से कई बार मेरा ब्लड-प्रेशर भी बढ़ जाता है। कुछ ऐसा उपाय बताएं, जिससे मैं चिंता और तनाव पर नियंत्रण रख सकूं।**

**-सदानंद, भोपाल**

इसका सबसे बेहतर तरीका है कि उन चीजों का समाधान करें, जिससे तनाव होता है। साथ ही आप सुबह-शाम आस-पास के पार्क में सैर और योग करें, इससे तनाव कम करने में मदद मिलेगी। अगर ब्लड प्रेशर ज्यादा बढ़ रहा है तो जरूर आप चिकित्सक से संपर्क कर कोई दवा लिखवा लें और उसे नियमित ले सकते हैं।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरे फेस पर अकसर कील-मुंहासे निकल आते हैं। कई क्रीम यूज कर चुका हूं। लेकिन उनसे कोई खास फायदा नहीं हुआ। इनसे छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-चेतन, डोंगरगढ़**

इस समस्या के लिए बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के क्रीम लगाकर आप एक्सपेरिमेंट ना करें। इससे समस्या कम होने के बजाय और बढ़ सकती है। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। आपको वे कोई मेडिसिनल क्रीम एडवाइस करेंगे, जिनका नियमित रूप में इस्तेमाल करें। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 36 वर्ष है। मैं फील्ड-जॉब करता हूं। धूप में बाहर रहने से मेरी स्किन टैन हो जाती है। कृपया बताएं कि टैनिंग और सन-बर्न से कैसे बचा जा सकता है?**

**-मंजीत, बिलासपुर**

टैनिंग से बचने के लिए आप कोशिश करें कि कम से कम धूप में निकलें। अगर धूप में निकलना अनिवार्य है तो त्वचा का एक्सपोजर कम से कम हो, इसके लिए हाथ पैर ढंक कर रखें। साथ ही सनस्क्रीन लगा सकते हैं। इसके अलावा आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से कंसल्ट कर लें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

**अवेयरनेस**

**रेखा देशराज**

इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 7 करोड़ 50 लाख लोग डायबिटीज या मधुमेह से पीड़ित हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मधुमेह से पीड़ित इन लोगों में बड़े पैमाने पर (20 से 25 फीसदी तक) युवा हैं, जिन्हें आमतौर पर पहले लाइफस्टाइल बीमारियां कम हुआ करती थीं। लेकिन वर्तमान में डायबिटीज एक ऐसी जानलेवा लाइफस्टाइल बीमारी बन गई है, जिसने पूरी दुनिया पर अपना शिकंजा कसा है। इसके चलते हर साल दुनिया भर से 67 लाख लोग असमय मौत के मुंह में समा जाते हैं। अकेले भारत में ही 6 लाख से ज्यादा लोग हर साल डायबिटीज की वजह से समय पूर्व मर जाते हैं। इसलिए, हर साल 27 जून को विश्व मधुमेह जागृति दिवस मनाया जाता है, विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए।

## विशेषः विश्व मधुमेह जागृति दिवस

आमतौर पर डायबिटीज होने की मुख्य वजह गलत जीवनशैली और अनहेल्दी खान-पान को फॉलो करना होता है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में इसकी गिरफ्त में सबसे ज्यादा यंगस्टर्स ही आ रहे हैं। आज विश्व मधुमेह जागृति दिवस के अवसर पर यंगस्टर्स को डायबिटीज के प्रति अवेयर करने, उसके लक्षणों और बचाव के तरीकों के बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# यंगस्टर्स में तेजी से बढ़ रही डायबिटीज की प्रॉब्लम







### डिस्टर्ब लाइफस्टाइल का परिणाम

मधुमेह को साइलेंट किलर डिजीज इसलिए कहते हैं, क्योंकि चुपके से होने वाली एक जानलेवा बीमारी है। इसे होने से रोक पाना तो आसान होता है, लेकिन एक बार हो जाए तो फिर उससे छुटकारा पाना बहुत मुश्किल होता है। आमतौर पर मधुमेह बेतरतीब जीवनशैली का दुष्परिणाम होता है। इस दौर में युवाओं को ना सिर्फ सबसे ज्यादा मानसिक श्रम करना पड़ता है बल्कि उससे भी कहीं ज्यादा तनाव में रहना पड़ता है, क्योंकि हर तरफ जिंदगी में भागम-भाग लगी हुई है। अगर अलग-अलग क्षेत्रों के मानदंडों के हिसाब से देखें तो इस समय जहां 20वीं सदी के मध्य के दशकों के मुकाबले काम-काज के घंटे औसतन 2 से 3 बढ़ गए हैं, वहीं देखने वाली एक बात यह भी है कि आज काम-काज का तौर-तरीका बेहद जटिल और तनावपूर्ण हो चुका है। पहले जहां इंसान मैन्युअल तरीके से काम किया करता था, तो उसके काम-काज में गंभीर प्रतिस्पर्धा नहीं होती थी, लेकिन आज इंसान की सामान्य गतिविधियों में भी 50 प्रतिशत तक



तकनीक का हस्तक्षेप हो गया है, इसलिए आज काम-काज का तरीका बहुत तेज रफ्तार हो गया है, जो कि ज्यादा सजगता और लगातार ज्यादा मेहनत की मांग करता है।

### मेंटल प्रेशर भी है वजह

मौजूदा दौर में लोगों के बीच जानलेवा प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है और इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण बेहतर लाइफस्टाइल हासिल करने की होड़ है। क्योंकि इतिहास के किसी भी दौर से ज्यादा आज लोगों में उपभोक्तावादी प्रवृत्ति हावी है, इसलिए लोग ज्यादा से ज्यादा उपभोग करते हैं और ज्यादा से ज्यादा काम के बोझ से भी लदे रहते हैं। इन सब स्थितियों ने हमारी जीवनशैली को अतीत के मुकाबले ज्यादा आसान और सुविधायुक्त तो बनाया है, लेकिन ये सुविधाएं बहुत ज्यादा कीमत वसूल रही हैं। इस वजह से युवाओं में बहुत ज्यादा तनाव है, इस कारण पहले जो युवा मस्त और बेफिक्र हुआ करते थे, आज ऐसे युवा ढूंढ़ने पर भी नहीं मिलते। करियर से लेकर अच्छी नौकरी, आरामतलब लाइफ की चाहत और समय पर ईएमआई चुकाने का युवाओं पर जो भयानक दबाव है, उस दबाव को न झेल पाने के कारण हर साल भारत में हजारों नए युवा डायबिटीज के चक्रव्यूह में फंसने के लिए मजबूर हैं।

### यंगस्टर्स बरतें पूरी सावधानी

जीवनशैली की ऐसी स्थितियों को देखते हुए युवाओं को विशेष रूप से इस जानलेवा बीमारी से बचने की जरूरत है। पूरी दुनिया में जो 53 करोड़ 70 लाख लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, उनमें करीब 17 करोड़ युवा हैं। भारत में करीब एक करोड़ से ज्यादा युवा अलग-अलग टाइप की डायबिटीज से पीड़ित हैं। इसलिए उन्हें अपने खान-पान से लेकर दिनचर्या तक में ज्यादा से ज्यादा सजग और अनुशासित रहना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, चाहे युवा हों या अधेड़, डायबिटीज से तभी बच सकते हैं, जब हम इससे अतिरिक्त रूप से सजग रहें और डायबिटीज के शुरुआती लक्षणों के दिखते ही सही ट्रीटमेंट शुरू कर दें।

### इन लक्षणों पर रखें नजर

बहुत सारे युवाओं को यह समझना थोड़ा मुश्किल होता है कि क्या वे डायबिटीज से पीड़ित हैं? यह जानने का सबसे आसान तरीका डायबिटीज के कुछ लक्षण हैं। डायबिटीज का शुरुआती लक्षण ब्लड प्रेशर का बढ़ना है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ सकती है। अकसर तनाव में रहने के कारण भूख भी कम लगती है और आंखों के नीचे बहुत कम उम्र में ही काले-काले धब्बे दिखने लगते हैं। कुछ लोगों को जहां डायबिटीज में कम या बिल्कुल भूख नहीं लगती, वहीं कुछ दूसरे लोगों को ज्यादा भूख लगने लगती है। बार-बार थकान लगना, प्यास बहुत लगना, अचानक आंखों के सामने अंधेरा छा जाना और आखों की रोशनी का धीरे-धीरे कम होते जाना। डायबिटीज के ये सब लक्षण हैं और इसके कारण आप तेजी से बूढ़े दिखने लगते हैं। इसके अलावा याद्दाश्त कम होने लगती है और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से अरुचि हो सकती है। *

### बचाव का तरीका



**युवाओं को** डायबिटीज को लेकर विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। उन्हें इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए और इसके शुरुआती लक्षणों पर नजर भी रखनी चाहिए। इससे बचाव का सबसे आसान तरीका है कि नियमित रूप से एक्सरसाइज की जाए। फास्ट फूड या जंक फूड्स के सेवन से बचा जाए। हर दिन युवा मोबाइल स्क्रीन पर जो 4 से 5 घंटे का वक्त बिताते हैं, उसे घटाकर एक से सवा घंटे तक लाया जाए और हर दिन भरपूर नींद ली जाए। अगर ये उपाय किए जाएं तो युवाओं का डायबिटीज से आसानी से बचाव हो सकता है। लेकिन अगर आप डायबिटीज से ग्रस्त हो ही जाएं तो ट्रीटमेंट शुरू करने में देर नहीं करनी चाहिए। इससे उसे कंट्रोल किया जा सकता है।

---


**सेल्फ ट्रीटमेंट**

डॉ. मोहित गुप्ता
कार्डियोलॉजिस्ट
जीबी पंत हॉस्पिटल, दिल्ली

आमतौर पर कोई सामान्य या गंभीर रोग होने पर मेडिकल ट्रीटमेंट की सलाह दी जाती है। यह तो जरूरी है ही लेकिन इसके साथ ही अगर आप सकारात्मक सोच के साथ निरंतर निरोग होने का संकल्प लेते हुए ध्यान भी करें तो चमत्कारी लाभ होता है।

# गंभीर रोगों में भी कारगर संकल्प-सही सोच-ध्यान





हालांकि आज के दौर में कम ही लोग इस बात को मानते हैं लेकिन इसमें संदेह नहीं कि दृढ़ संकल्प से कोई भी कार्य सिद्ध हो सकता है। हमारा मन ही अपने संकल्पों को दृढ़ या कमजोर करता है। कई बार हमें अपने संकल्पों पर विश्वास ही नहीं होता है कि वह पूरा भी होगा। इससे हमारी संकल्प की शक्ति कमजोर पड़ जाती है। अपने संकल्पों की शक्ति को किसी भी परिस्थिति में कमजोर ना होने दें। यदि हमारे मन की स्थिति सकारात्मक है तो संकल्प जरूर पूरा होता है। बीमारियों के इलाज में भी यह बात लागू होती है।

**ट्रीटमेंट में कारगर है संकल्प शक्तिः** आंतरिक शक्ति यानी संकल्प से किसी भी रोग का इलाज हो सकता है। इस बात को समझना बेहद जरूरी है कि हमारी सोच ही हमें बीमार और अच्छा बनाती है। जब मरीज हमारे पास आते हैं और हम उनके अंदर हिम्मत और उल्लास भरते हैं तो वह हील करने लगता है। आज साइंस भी मान चुका है कि मजबूत मनोबल वाले मरीजों का जब इलाज किया जाता है, तब दूसरे मरीजों की अपेक्षा वे जल्दी स्वस्थ होते हैं।

**ध्यान-योग बढ़ाए सकारात्मकताः** सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने के लिए योग और राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करना बेहद प्रभावी है, क्योंकि यह हमारे संकल्पों को पावरफुल बनाता है। जब हमारा दृष्टिकोण पॉजिटिव और पावरफुल होगा, तब हमारा जीवन भी पॉजिटिव और पावरफुल होगा। लोग नकारात्मक दृष्टिकोण, नकारात्मक भावनाओं और परिस्थितियों को अपने मन में लंबे समय तक बैठा लेते हैं, जो हमें बहुत नुकसान पहुंचाती है। उसी तरह हमारे पुराने या निरर्थक संकल्प, नेगेटिव संकल्प हमारे अंदर सकारात्मक संकल्पों को आने ही नहीं देते हैं। इसके कारण अच्छी चीजों को देखने की हमारी शक्ति क्षीण हो जाती है। मेडिटेशन का अभ्यास हमें यह सिखाता है कि अपने दृष्टिकोण, सोच और व्यवहार को बदलें। जब हम अपने संकल्पों को बदलकर सकारात्मक करते हैं तो उससे हमारी दृष्टि, वृत्ति, कृति, संस्कृति और सृष्टि सब बदल जाती है।

**रोज दोहराएं सकारात्मक संकल्पः** किसी रोग की हीलिंग का काम केवल डॉक्टरों का ही नहीं है, बल्कि हीलिंग के लिए बहुत आवश्यक है कि अपने संकल्पों को बहुत पावरफुल बनाएं और उस पावरफुल संकल्पों को बनाने के लिए अपने मनोबल और सोच को भी पावरफुल बनाना बहुत आवश्यक है। रोग के लिए दवाई तो जरूर लें, लेकिन इसके साथ ही मेडिटेशन यानी ध्यान को भी अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। इसके अलावा रोज ईश्वर को आभार व्यक्त करने का अभ्यास जरूर करें। रात को सोने से पहले तीन संकल्प अवश्य करें- पहला, मैं अपने आज के कार्य को समाप्त करता हूं। दूसरा, आज का दिन बहुत परफेक्ट और अच्छा रहा। जो कुछ भी मेरे साथ हुआ, उस नेगेटिव और पॉजिटिव भावना को अपने मन में नहीं रखूंगा और हर आत्मा के पति शुक्रिया की भावना रखूंगा। तीसरा, मेरा आने वाला कल सुपर, परफेक्ट और वंडरफुल होगा। उसको मुझे पावरफुल तरीके से क्रिएट करना है।

इन संकल्पों का अभ्यास रोज पूरे दिन में करना है। रोज अपने मन की सफाई करनी है। अपने मन में पॉजिटिव और अच्छे संकल्पों को रखना है। जब भी आप कुछ खाएं तो परमात्मा की याद में खाएं, क्योंकि भोजन भी हमें हील करता है। दवाई भी परमात्मा को याद करके खाना चाहिए। इन सबसे आप शीघ्र स्वस्थ होंगे, निरोग जीवन जिएंगे। *

**प्रस्तुतिःसंध्या रानी**

---

**हर्बल जोन**

# कई रोगों में उपयोगी जल ब्राह्मी



जल ब्राह्मी या गोटू कोला एक बारहमासी पौधा है, जो अजमोद परिवार का सदस्य है। इसमें विटामिन बी, विटामिन सी, प्रोटीन और टैनिन जैसे कई महत्वपूर्ण तत्व पाए जाते हैं। हर्बल एक्सपर्ट्स कहते हैं, अगर आप अपने स्किन का ख्याल प्राकृतिक तरीके से रखना चाहते हैं तो गोटू कोला को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकते हैं।

**क्या है जल ब्राह्मीः** इसकी पत्तियां छोटे-मोटे पंख के आकार की होती हैं और इनमें सफेद या हल्के बैंगनी रंग के फूल आते हैं। इसका वैज्ञानिक नाम 'सेंटेला एशियाटिका' है। इसमें बहुत छोटे-छोटे अंडाकार फल निकलते हैं, जिनका कई औषधियों में इस्तेमाल होता है। लेकिन सबसे ज्यादा यह त्वचा को निखारने के लिए जानी जाती है। घावों को ठीक करने, मानसिक मंदता को दूर करने, कुष्ठ रोग और सोरायसिस के इलाज के लिए भी इसे यूज किया जाता है।

**त्वचा का रखवालाः** गोटू कोला नेचुरल एंटी-इंफ्लेमेट्री गुणों से भरपूर होता है। यह त्वचा को प्रदूषकों से होने वाले नुकसान से बचाता है। यह त्वचा की प्राकृतिक नमी को बरकरार रखता है और अत्यधिक गर्मी या सर्दी से त्वचा में आने वाली सूजन, लालिमा, रैशेज आदि को दूर करने में मदद करता है। यह त्वचा में कोलेजन को बरकरार रखता है, जिस कारण त्वचा कसी और चिकनी बनी रहती है। नियमित रूप से गोटू कोला का इस्तेमाल करने से त्वचा में झुर्रियों जैसे लक्षण बहुत कम दिखते हैं। इसके इस्तेमाल से जहां त्वचा साफ होती है, वहीं त्वचा में मौजूद नुकसानदायक टॉक्सिन भी बाहर निकल जाते हैं। गोटू कोला के एस्ट्रेंजमेंट स्वभाव के कारण ये चेहरे की त्वचा में मौजूद गैरजरूरी तेल को बाहर निकाल देता है और पोर्स को अच्छी तरह से साफ कर देता है, जिससे चेहरा बेहद निखरा-निखरा नजर आता है।

**कई रोगों में कारगरः** गोटू कोला में एंटीसेप्टिक गुण भी होते हैं। इसलिए इसके इस्तेमाल से त्वचा विभिन्न तरह के संक्रमणों से बची रहती है। अगर त्वचा में कहीं कोई घाव हो गया है तो गोटू कोला के नियमित इस्तेमाल से घाव बहुत जल्दी भर जाता है। यह तनाव भी कम करता हैं। जो लोग समय से पहले बूढ़े दिखने लगते हैं, उन्हें गोटू कोला का इस्तेमाल किसी हर्बल एक्सपर्ट की देख-रेख में करना चाहिए। यह शरीर में कफ को कम करता है, वात को शांत करता है और पित्त के लिए टॉनिक है। यह आर्थराइटिस में भी कारगर है और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव के चलते इसका हमारे इम्यून सिस्टम पर भी सकारात्मक असर रहता है।

बहुगुणकारी होने के बावजूद गोटू कोला का इस्तेमाल हमेशा एक्सपर्ट की देख-रेख में ही करना चाहिए। * -एफएमएन

---

**डाइट सजेशन**

राजकुमार 'दिनकर'

देश-दुनिया के अनेक लोगों में ओवर वेट या ओबेसिटी एक बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। हालांकि इसे कंट्रोल करने में फिजिकल एक्टिविटी सबसे कारगर है लेकिन डाइट में बदलाव करके भी बढ़ते वेट को कंट्रोल कर सकते हैं।

# खान-पान में बदलाव से कर सकते हैं वेट कंट्रोल



कई-कई घंटे सिटिंग वर्क करना, काम की अधिकता और समय की कमी के कारण दिन भर अस्त-व्यस्त रहना, अनियमित दिनचर्या, ये कुछ ऐसी हैबिट्स हैं, जिनके चलते हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इसका परिणाम सबसे पहले हमारी बढ़ी हुई तोंद यानी बैली फैट के रूप में सामने आता है। यह अकारण नहीं है कि आज देश-दुनिया में हर पांचवां नौजवान औसत से ज्यादा मोटा और हर आठवें नौजवान की तोंद बाहर निकली हुई है। हालांकि मिड और ओल्ड एज में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। ओवर वेटेड या एक्सट्रा बैली फैट वाली फिगर हमारी पर्सनालिटी को तो बिगाड़ती ही है, यह हमारे लिए कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी जन्म देता है।

**लापरवाही है मुख्य वजहः** बॉडी वेट बढ़ना इस बात का परिचायक है कि आप अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर लापरवाही बरतते हैं। अपनी लाइफस्टाइल पर ध्यान नहीं देते हैं और जरूरी फिजिकल एक्टिविटी नहीं करते हैं। इसके लिए डॉक्टर की सलाह पर वर्कआउट करने के साथ ही अपनी डाइट में भी कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**पुदीना-सौंफ-मूलीः** अगर आपका बैली फैट बढ़ा हुआ है, तो आपके लिए पुदीना काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। नियमित रूप से इसकी चटनी और पुदीने से बनी चाय पीजिए। जल्द ही एक्स्ट्रा फैट से निजात मिलेगी। आपके लिए सौंफ भी काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। इसके लिए आधा चम्मच सौंफ को एक कप पानी में उबालें और फिर करीब 10 मिनट तक के लिए इसे ढंककर रख दें। इसके बाद इस पानी का सेवन करें। लगातार तीन महीने तक ऐसा करने से आपके बढ़े हुए वजन में कमी दिखने लगेगी। मूली को सलाद के रूप में खाने के अलावा इसके रस का सेवन करना भी वेट लूज करने में हेल्पफुल हो सकता है। दो बड़े चम्मच मूली के रस में शहद की बराबर मात्रा मिलाकर, इसे पानी के साथ पी लें। एक महीना ऐसा करने से आपके वजन में निश्चित रूप से फर्क दिखेगा।



**ये भी हैं फायदेमंदः** टमाटर और प्याज भी फैट कम करने में काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इसके लिए खाने के साथ टमाटर और प्याज के सलाद पर काली मिर्च पावडर और नमक डालकर खाइए। इससे बढ़ता वजन कम होने लगेगा। करेले की सब्जी खाने से भी वजन में फर्क पड़ता है। इसके लिए कम तेल में कटे हुए करेले की सब्जी खाएं लेकिन तले हुए करेले की सब्जी ना खाएं। ग्रीन-टी भी मोटापा कम करने में सहायक है। ग्रीन-टी का सेवन तभी फायदेमंद है जब इसमें चीनी और दूध ना मिलाया जाए। लौकी का जूस वजन घटाने का एक अच्छा माध्यम है। इससे आपका पेट भी भरा रहता है और इसमें मौजूद फाइबर्स शरीर को स्वस्थ रखते हैं। जाहिर है, मोटापा तो कंट्रोल में रहता ही है। अपने वेट को लूज करने में गाजर की भी काफी उपयोगिता है। इसके लिए खाना खाने से कुछ देर पहले गाजर खाएं। गाजर का जूस भी वजन कम करने में सहायक होता है। पपीता भी फायदेमंद है। लंबे समय तक पपीते का सेवन फैट को कम करता है। मोटापा कम करने के लिए छाछ का सेवन भी काफी उपयोगी है। लेकिन लस्सी की तरह इसे ना पीएं। कहने का सार यही है कि शारीरिक मेहनत करने के साथ खान-पान में यहां बताए गए बदलाव के जरिए भी आप अपना बैली फैट कम कर सकते हैं, मोटापे को नियंत्रित कर सकते हैं। लेकिन वेट लूज करने के लिए यहां बताई गई किसी भी डाइट को फॉलो करने से पहले अपने डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें। *

## टी20 क्रिकेट विश्व कप : सेमीफाइनल मुकाबलों में आज बारिश के आसार

**भारत ने 11 साल से नहीं जीती है आईसीसी की कोई ट्रॉफी**

# भारत के सामने नॉकआउट की पहेली इंग्लैंड से बदला चुकता करने का मौका

एजेंसी ▶▶| जॉर्जटाउन

आक्रामक बल्लेबाजी रवैए के साथ भारत गुरुवार को यहां टी20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में जब गत चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा तो एक दशक से अधिक समय से नॉकआउट चरण में हार के सिलसिले को तोड़ने की कोशिश करेगा। पिछली बार जब ये दोनों टीमें इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भिड़ी थी तो इंग्लैंड ने भारत को 2022 में 10 विकेट से रौंद दिया था। एडिलेड में 10 विकेट की करारी हार के बाद से भारत शीर्ष क्रम में अपने रूढ़िवादी रवैए को छोड़ने में सफल रहा और इस प्रतियोगिता में अब तक अजेय रहा है।

प्रोविडेंस स्टेडियम में संभावित परिस्थितियों को देखते हुए कागजों पर रोहित शर्मा और उनकी टीम मजबूत नजर आती है और बदला चुकता करने के लिए तैयार दिखती है। स्पिनरों ने शुरुआती मैच से ही यहां गेंदबाजी का आनंद लिया है और भारत के कुलदीप यादव और इंग्लैंड के आदिल राशिद जैसे खिलाड़ी नॉकआउट मुकाबले में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे। तेज गेंदबाजों को भी इस मैदान पर सफलता मिली है। दिलचस्प बात यह है कि आठ जून के बाद से यहां कोई मैच नहीं खेला गया है। उस दिन वेस्टइंडीज ने युगांडा के खिलाफ आसान जीत दर्ज की थी। इससे क्यूरेटर को इस हाई प्रोफाइल मैच के लिए उपयुक्त पिच तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया।




### 17 साल से खिताब का सूखा

भारतीय टीम ने आखिरी बार 2007 में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था। टूर्नामेंट के डेब्यू सीजन में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को 5 रन से हराया था। रोहित शर्मा भी इस विजेता टीम का हिस्सा थे। ऐसे में अब रोहित की नजर 17 साल का सूखा खत्म करने पर है। दूसरी ओर भारत ने 11 साल से आईसीसी की कोई ट्रॉफी नहीं जीती है। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।

### मैच रद्द होने पर भारत खेलेगा फाइनल

अगर बारिश के कारण टी20 विश्व कप 2024 में भारत बनाम इंग्लैंड का दूसरा सेमीफाइनल मैच धुल जाता है तो भारतीय टीम को फायदा होगा। दरअसल, भारत ने ग्रुप स्टेज और सुपर-8 में अपने सभी मैच जीते हैं। सुपर-8 में भारत ने अपने तीनों मैचों में जीत दर्ज की है। उनके खाते में छह अंक हैं जबकि इंग्लैंड के खाते में चार अंक हैं। इस आधार पर भारत फाइनल के लिए आसानी से क्वालिफाई कर लेगी।


### मैच पर बारिश का साया



भारत बनाम इंग्लैंड मैच पर बारिश का साया मंडरा रहा है। मौसम रिपोर्ट के अनुसार, गयाना में सुबह 70 प्रतिशत बारिश की संभावना है। वहीं, तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। इस मुकाबले की विजेता टीम फाइनल में प्रवेश कर लेगी। हालांकि, मैच के दिन बारिश और आंधी-तूफान की संभावना जताई गई है। ऐसे में यह मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ सकता है।

### द.अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच होगा ऐतिहासिक जंग





**तारोबा।** टूर्नामेंट में इतिहास रचने वाले अफगानिस्तान का सामना टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां जब सदाबहार दक्षिण अफ्रीका से होगा तो यह मुकाबला परिणाम के बावजूद ऐतिहासिक होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने टूर्नामेंट में अपने सातों मैच जीते हैं लेकिन इस आईसीसी प्रतियोगिता का आकर्षण अफगानिस्तान रहा है। टीम अपने देश में युद्ध की तबाही से ऊपर उठी और संघर्ष के जज्बे की बदौलत 2021 के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भी शिकस्त दी जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं हराया था। अफगानिस्तान इससे पहले कभी विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं खेला और दक्षिण अफ्रीका को हराने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका के घाव भी गहरे हैं लेकिन वे विशुद्ध रूप से क्रिकेट से जुड़े हैं। अतीत में दक्षिण अफ्रीका ने कुछ मजबूत टीमें तैयार की लेकिन 1991 में विश्व क्रिकेट में पुनः प्रवेश के बाद से कभी भी टी20 या 50 ओवर के विश्व कप के खिताबी दौर में प्रवेश नहीं कर पाया।

**यूरो 2024**

## गोल रहित ड्रॉ के साथ इंग्लैंड और स्लोवेनिया नॉकआउट में



एजेंसी ▶▶| कोलोन

इंग्लैंड ने यहां स्लोवेनिया के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेलकर ग्रुप सी के विजेता के रूप में यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। मंगलवार को कोलोन स्टेडियम में हुआ मुकाबला ड्रॉ खेलकर स्लोवेनिया की टीम भी अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रही जबकि क्रोएशिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया। इंग्लैंड और स्लोवेनिया के बीच हुए मुकाबले में गोल करने में काफी अधिक मौके नहीं बने। इंग्लैंड के स्थानापन्न खिलाड़ी कोल पाल्मर के पास हालांकि इंजरी टाइम में टीम के जीत दिलाने का मौक था लेकिन उनके शॉट को स्लोवेनिया के गोलकीपर यान ओबलाक ने रोक दिया। इंग्लैंड की टीम प्री क्वार्टर फाइनल में तीसरे स्थान पर रहने वाली एक टीम से भिड़ेगी। ग्रुप डी में काइलियान एमबाप्पे ऑस्ट्रिया के खिलाफ पहले मैच में नाक में फ्रेक्चर के बाद मास्क लगाकर खेलने उतरे और उन्होंने गोल भी दागा लेकिन इसके बावजूद फ्रांस को पोलैंड ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया।


### अर्जेन्टीना ने चिली को 1-0 से हराया

**ईस्ट रदरफोर्ड।** लॉटेरो मार्टिनेज ने 88वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा जिससे गत चैंपियन अर्जेंटीना ने चिली पर 1-0 की जीत के साथ कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। मार्टिनेज का राष्ट्रीय टीम के लिए यह 26वां गोल है। अर्जेंटीना छह अंकों के साथ ग्रुप ए में सबसे आगे है।

### 1-0 से जीता कनाडा

**कन्सास सिटी।** जोनाथन डेविड के 74वें मिनट में दागे गोल की मदद से कनाडा ने कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में पेरू को 1-0 से हरा दिया। कनाडा की 24 वर्षों में अपने दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ यह पहली जीत है। डेविड का यह कनाडा के लिए 27वां गोल है।

## खबर संक्षेप




### जर्मनी में अभ्यास करेंगे पांच भारतीय मुक्केबाज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल को छोड़कर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पांच अन्य भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक से पहले जर्मनी में एक महीने तक चलने वाले अभ्यास शिविर में भाग लेंगे। यह अभ्यास शिविर 28 जून से शुरू होगा जिसमें विश्व चैंपियन निकहत जरीन (50 किग्रा) और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) सहित पांच भारतीय मुक्केबाज आयरलैंड, अमेरिका, मंगोलिया, जर्मनी और डेनमार्क की राष्ट्रीय टीमों के साथ जर्मनी के सारब्रुकेन के ओलंपिक केंद्र में अभ्यास करेंगे।

### भारत में बनेंगे 100 पिकलबॉल कोर्ट

**मुंबई।** पिकलबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए अगले दो साल में अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ से मान्यता प्राप्त 100 कोर्ट बनाए जाएंगे।



एआईपीए और पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राष्ट्रीय चयनकर्ता जतिन परांजपे द्वारा स्थापित डिजिटल प्लेटफॉर्म 'खेलोमोर' के बीच घोषित साझेदारी के अंतर्गत इन कोर्ट को बनाने के लिए पांच करोड़ रुपए की राशि का निवेश किया जाएगा। परांजपे ने कहा, 'एआईपीएल पिकलबॉल के लिए वही है जो भारतीय क्रिकेट के लिए बीसीसीआई है। हमें यकीन है कि यह साझेदारी भारत में इस खेल को आगे बढ़ाने में मदद करेगी।'

### एशियाई खेलों में योग को शामिल करने की वकालत

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को एशियाई खेलों के



कार्यक्रम में योग को शामिल करने की वकालत की क्योंकि भारत इसकी लोकप्रियता को बढ़ाना चाहता है। एशियाई ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह को लिखे पत्र में इस पूर्व दिग्गज एथलीट ने महाद्वीप के खेल समुदाय से एशियाई खेलों के कार्यक्रम में योग को शामिल करने का आग्रह किया।

# ओलंपिक : हरमनप्रीत सिंह को भारतीय हॉकी टीम की कमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें हरमनप्रीत सिंह को कप्तान और हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया।



टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। पूल अंक तालिका में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। भारतीय खिलाड़ी इस समय बेंगलुरु के साई केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में ओलंपिक की तैयारी में व्यस्त हैं। अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और मिडफील्डर मनप्रीत सिंह चौथी बार ओलंपिक में भाग लेंगे जबकि कप्तान हरमनप्रीत का यह तीसरा ओलंपिक होगा।

### टीम इस प्रकार

**गोलकीपर** : पी आर श्रीजेश
**डिफेंडर** : जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय
**मिडफील्डर**: राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद
**फॉरवर्ड**: अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह
**वैकल्पिक खिलाड़ी** : नीलकांत शर्मा, जुगराज सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक।

## पीजीटीआई के अध्यक्ष बने कपिल

**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे कपिल देव ने भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के नए अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। यह पद इस प्रतिष्ठित पूर्व क्रिकेटर के लिए एक नई शुरुआत है जिन्होंने एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ी के रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है। पैंसठ वर्षीय कपिल पहले से ही उपाध्यक्ष के रूप में पीजीटीआई बोर्ड के सदस्य थे। उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। वह एचआर श्रीनिवासन की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। कपिल को एक अच्छे गोल्फ खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है।



# सूर्यकुमार को पछाड़कर नंबर एक टी20 बल्लेबाज बने हेड

एजेंसी ▶▶| दुबई

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे। हेड ने मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत नंबर एक रैंकिंग हासिल की। हेड ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए जिसमें सुपर आठ मुकाबले में भारत के खिलाफ 76 रन की पारी भी शामिल है। हेड सूर्यकुमार (842 अंक) से दो अंक आगे हैं। सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं लेकिन उनके पास दोबारा नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का मौका है क्योंकि भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका है और इस बल्लेबाज को और मौके मिलेंगे।

**पेरिस ओलंपिक**

## जूडोका तूलिका ने हासिल किया ओलंपिक कोटा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तूलिका मान ओलंपिक में जगह बनाने को लेकर सुनिश्चित नहीं थी लेकिन अब पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने के बाद इस भारतीय जूडो खिलाड़ी को पदक जीतने की उम्मीद है और उन्होंने कम से कम कांस्य पदक के प्ले ऑफ में जगह बनाने को लक्ष्य बनाया है। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता 25 साल की तूलिका ने मंगलवार को 78 किग्रा से अधिक वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए महाद्वीपीय कोटा हासिल किया। तूलिका ने साइ मीडिया से कहा, 'जूडो हमेशा से ही हैरान करने वाली चीजों से भरा रहा है और कोई नहीं जानता कि कब क्या हो जाए।

इसलिए कोई नहीं जानता कि उस दिन क्या होगा। देखिए कैसे मैंने पेरिस ओलंपिक में जगह बनाई। लेकिन अपनी ट्रेनिंग को देखते हुए मुझे उम्मीद है कि अगर मैं फाइनल में जगह नहीं भी बना पाई तो कम से कम कांस्य पदक के मुकाबले में पहुंचूंगी। हम स्वर्ण पदक के लिए ट्रेनिंग कर रहे हैं।'

### तैराक नटराज, देसिंघु की ओलंपिक में खेलने की पुष्टि



**नई दिल्ली।** भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज और धीनिधि देसिंघु 'यूनिवर्सेलिटी प्लेस क्वालिफिकेशन प्रणाली' के जरिए पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेंगे। अगर किसी देश का कोई तैराक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाता तो इस प्रणाली के जरिए देश अपने दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले तैराकों के नाम की सिफारिश इन प्रतिष्ठित खेलों के लिए कर सकता है। भारतीय तैराकी महासंघ ने दोनों वर्ग (महिला और पुरुष) के लिए 'यूनिवर्सेलिटी प्लेस' का दावा किया क्योंकि कोई भी भारतीय तैराक पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया। एसएफआई के महासचिव मोनल चोकसी ने बताया, 'किसी भी भारतीय तैराक ने सीधे क्वालीफिकेशन हासिल नहीं किया इसलिए एसएफआई ने दोनों वर्ग के लिए 'यूनिवर्सेलिटी प्लेस' का दावा किया।

## रॉबिन्सन ने एक ओवर में दिए शर्मनाक 43 रन

एजेंसी ▶▶| ब्राइटन

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन ने बुधवार को काउंटी चैम्पियनशिप मैच में 43 रन लुटाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट इतिहास में दूसरा सबसे महंगा ओवर फेंकने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दाएं हाथ के गेंदबाज रॉबिन्सन (30 वर्ष) ने इंग्लैंड के लिए 2021 में पदार्पण के बाद 20 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने होव में यहां ससेक्स के लिए खेलते हुए लीसेस्टरशर के खिलाफ डिवीजन दो मैच में अपना ओवर पूरा करने के लिए



कुल नौ गेंद फेंकी जिन पर 43 रन बने। लीसेस्टरशर के लुईस किम्बर ने रॉबिन्सन पर पांच छक्के (तीन नोबॉल पर लगे), तीन चौके और एक रन से 43 रन बनाए। रॉबिन्सन अपने 13वें ओवर में 6, नोबॉल पर 6, 4, 6, 4, नोबॉल पर 6, 4, नोबॉल पर 6 और एक रन दिए।

**क्षेत्रीय कार्यालय,**
**मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर**
**लोक सुनवाई की आम सूचना**
**संशोधित विज्ञप्ति**

सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत श्री गुलाब सिंह बघेल, आत्मज श्री आई.बी. सिंह बघेल पत्थर खदान, खसरा नं. 26पी. ग्राम खुरसी पठन, तहसील एवं जिला जबलपुर, लीज क्षेत्रफल 1.0 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता पत्थर खदान 18,062 घन मीटर प्रति वर्ष हेतु परियोजना के लिए लोक सुनवाई प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 25 मई 2024 के समाचार पत्र में दिन मंगलवार के स्थान पर शुक्रवार पढ़ा जावे।

**क्षेत्रीय अधिकारी**

**क्षेत्रीय कार्यालय,**
**मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर**
**लोक सुनवाई की आम सूचना**
**संशोधित विज्ञप्ति**

सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत श्रीमती अंजू सिंह बघेल, पत्नी श्री गुलाब सिंह बघेल स्टोन क्वारी, खसरा नं. 26पी. ग्राम खुरसी, तहसील एवं जिला जबलपुर, लीज क्षेत्रफल 2.0 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता स्टोन क्वारी 55651 घन मीटर प्रति वर्ष हेतु परियोजना के लिए लोक सुनवाई प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 25 मई 2024 के समाचार पत्र में दिन मंगलवार के स्थान पर शुक्रवार पढ़ा जावे।

**क्षेत्रीय अधिकारी**

**पश्चिम मध्य रेल**
**इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक**– डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–99–2024 दिनांक 19/06/2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– मंडल अभियंता जबलपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत तीन विविध कार्य/मुख्यालय/भागः I: जबलपुर में स्थित रेल सौरभ कॉलोनी के अधिकारी कॉलोनी में स्लैब से पानी का सीपेज को मरम्मत करना। भागः II जबलपुर में वरिष्ठ डीएसओ जबलपुर के हॉल और चेम्बर की मरम्मत/और नवीकरण।, भागः III: सहायक मंडल अभियंता जबलपुर के अंतर्गत रेल सौरभ/मुख्यालय/मरम्मत/कॉलोनी और पचपेड़ी कॉलोनी में अधिकारी बंगलों की सुधार।, **कार्य का अनुमानित मूल्य**– 2,43,64,667/–, **बयाना राशि रूपये**– 2,71,800/–, **समापन अवधि**– 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक**– 12.07.2024, **निविदा खुलने का 15:15 बजे तिथिः** 12.07.2024, **निविदा सूचना क्रमांक**– डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–100–2024 दिनांक 20/06/2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– विविध पी.वे. के (ए) सहायक मंडल अभियंता सागर अनुभाग के तहत तीसरी लाईन के नए चालू सुमरेरी–इसरवारा खंड और (बी) सहायक मंडल अभियंता दमोह अनुभाग के तहत नई तीसरी लाईन गणेशगंज–पथरिया के अनुरक्षण का कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य**– 15649212/–, **बयाना राशि रूपये**– 2,28,300/–, **समापन अवधि**– 24 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक**– 16.07.2024, **निविदा खुलने का 15:15 बजे तिथिः** 16.07.2024, **निविदा सूचना क्रमांक**– डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–101–2024 दिनांक 20/06/2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के अधीन 39 नंबर (1 इन 12) थ्रू टर्नआउट्स रिन्यूअल एवं 28 नंबर (1 इन 12) टर्नआउट्स के थ्रू स्लीपर रिन्यूअल का कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य**– 2,01,58,335/–, **बयाना राशि रूपये**– 2,50,800/–, **समापन अवधि**– 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक**– 16.07.2024, **निविदा खुलने का 15:15 बजे तिथिः** 16.07.2024, उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावाय उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**
विजया बैंक VIJAYA BANK | देना बैंक DENA BANK

**क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा,**
गौ माता चौक, राईट टाउन, जौहरी हॉस्पिटल के बाजू में, जबलपुर- 482002
Phone - +91-761-2409255
Email - sarjab@bankofbaroda.com

**कब्जा नोटिस (चल एवं अचल संपत्ति के लिये)**

(As per Appendix IV read with rule 8(1) of the Security Interest (Enforcement) Rules 2002

सेक्यूरीटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल असेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सेक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत् नियम– 8(3) के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता को मांग सूचना में दर्शायी गयी राशि, उक्त मांग सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के अंदर अदा करने को जारी किया गया था।

खातेदार (उधारकर्ता) द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता और जन सामान्य को यहां सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 साथ पठित एक्ट के साथ 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये यहां नीच वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है।

विशेष रूप से उधारीकर्ता और जन सामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन–देन न करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये बैंक ऑफ बड़ौदा की संबंधित शाखा से निर्मित प्रभार के अध्याधीन होगी। ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान प्रतिभूत आस्ति उपलब्ध समय में छुड़ाने (redeem) करने के संबंध में एक्ट की धारा 13 की उपधारा (8) के तहत आकर्षित किया जाता है।

| क्र | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उधारकर्ता – मैसर्स किशन मित्रपाल चावला डेयरी<br>प्रस्तावक– श्री किशन कुमार चावला<br>( प्राप्राईटरशिप फर्म )–<br>श्री किशन कुमार चावला ( मालिक )<br>गारंटर– श्रीमती शैली चावला पत्नी श्री किशन कुमार चावला | Rs. 87,62,591/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे देय 21-12-2022 | 1. मौजा निपरिवा में स्थित भूमि का समतामूलक बंधक पुराना पीएच नंबर 15/49 अब 49 पुराना आरआई सर्कल महाराजपुर और नया आरआई सर्कल बड़ौदा तहसील पनागर और जिला जबलपुर की भूमि ख. संख्या 199 कुल प्लाट क्षेत्रफल 0.095 हेक्टेयर क्षेत्रफल में से 0.230 हेक्टेयर श्रीमती शैली चावला पत्नी श्री किशन कुमार चावला का है।<br>सीमाए – उत्तर – सस्कार भूमि, पूर्व– खसरा नंबर 200 की भूमि, त्रिवेणी बाई, दक्षिण – ग्रामीण रोड, पश्चिम – मलखान और अन्य की भूमि<br>2. मौजा कांड्रा खेड़ा, बंदोबस्त नंबर 555 पुराना पी एच. नंबर 16/21 नया 58 आरआई सर्कल महाराजपुर तहसील पनागर और जिला जबलपुर में स्थित व्यावसायिक भूमि और भवन खसरा नंबर 173 बंदोबस्त खं नं 345 कुल भूखंड क्षेत्रफल 3200.00 वर्ग फीट अनुसार ख. क्षेत्रफल 0.030 हेक्टेयर श्री किशन कुमार चावला का है।<br>सीमाएँ– उत्तर – जगदीश की भूमि, दक्षिण – दिलीप कुमार की भूमि, पूर्व – सड़क, पश्चिम – क्रेता का भूखंड<br>3. मौजा कांड्रा खेड़ा, बंदोबस्त नंबर 555 पुराना पी एच. नंबर 21/58 पुराना आर आई सर्कल महाराजपुर और नया आरआई सर्कल बड़ौदा तहसील पनागर जिला जबलपुर में स्थित वाणिज्यिक भूमि और भवन का समतामूलक बंधक, बंदोबस्त नंबर 344 के बाद ख नंबर 102/37 की भूमि, कुल प्लाट क्षेत्रफल 2400.00 वर्ग फुट पी2 ख के अनुसार श्री किशन कुमार चावला का क्षेत्रफल 0.020 हेक्टेयर।<br>सीमाए – उत्तर – भोला डेयरी, दक्षिण – आदर्श डेयरी, पूर्व – सड़क, पश्चिम – अमर सिंह सांगा का प्लाट | 21-12-2022<br>25-06-2024 |

दिनांक: 27/06/2024, स्थान – जबलपुर | प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा, जबलपुर




## पीएम श्री एयर एम्बुलेंस बनी जीवनदायिनी

# एसएएफ जवान को एम्स भोपाल किया एयर लिफ्ट

**जबलपुर।** पड़ोसी जिले कटनी में एसएएफ की 18 वीं बटालियान शिवपुरी के हेड कांस्टेबल के पद पर पदस्थ ललित राय को राज्य सरकार ने पीएम श्री एयर एम्बुलेंस से जबलपुर से भोपाल एम्स हॉस्पिटल एयर लिफ्ट किया गया. ललित राय सात जून को उस वक्त बुलेरो ने टक्कर मार दी, जब वे मोटर साइकल से पुलिस लाइन कैम्प जा रहे थे। उनकी हालत को देखते हुए जबलपुर के निजी अस्पताल में भरती कराया गया था। यहां पर हालत में सुधार न होने के बाद पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा द्वारा भोपाल एयरलिफ्ट किया गया. प्रधान आरक्षक को देखने के लिए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह डुमना पहुंचे, इस दौरान उन्होने एयर एम्बुलेंस की व्यवस्थाएं देखी और प्रधान आरक्षक के पुत्र दार्जिलग वेस्ट बंगाल निवासी अमन राय से बातचीत भी की। अमन राय ने मीडिया से चर्चा के दौरान मप्र सरकार और श्री एयर एंबुलेंस की जमकर सराहना की और जिला कलेक्टर, आईजी, मेडीकल कॉलेज डीन और सीएमएचओ द्वारा तत्परतापूर्वक कार्रवाई की भी सराहना की।



### अब तक तीन लोगों ने सुविधा का लाभ उठाया

पीड़ित को इस सेवा का उपयोग कर उच्च चिकित्सा संस्थान भेजे जाने का प्रदेश में ये तीसरा प्रकरण है. इसके पहले 24 जून को रीवा के मऊगंज में रहने वाले गोविंद लाल तिवारी उम्र 55 वर्ष को अचानक ही हार्ट अटैक आया. इलाज के लिए उन्हें रीवा के सुपर स्पेशलिस्ट में भर्ती कराया गया था. हालत में सुधार न होने पर पीएम श्री एयर एम्बुलेंस की सहायता से भोपाल ले जाया गया. एयर एंबुलेंस सुविधा के तहत उन्हें भोपाल एम्स में भर्ती करवाया गया है. गौरतलब है कि सड़क एवं औद्योगिक दुर्घटना अथवा प्राकृतिक आपदा में पीड़ित को राज्य के अंदर एवं बाहर शासकीय अथवा निजी चिकित्सालय में निशुल्क परिवहन किया जाएगा।

### सरकारी खर्चे पर एयरलिफ्ट किया : राकेश सिंह

पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार अपने खर्चे पर ललित राय को भोपाल एम्स में भर्ती करा रही है. ललित राय को उनके परिवार के साथ एयर एंबुलेंस से भोपाल भेजा गया है. प्रदेश का ये तीसरा केस है. जब किसी मरीज को एयरलिप्ट पीएम श्री एयर एंबुलेंस से किया गया है. ललित राय के बेटे अमन राय का कहना है कि सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उन्हें इलाज के लिए जबलपुर में भर्ती किया गया था. बीते कुछ दिनों से वो वेंटिलेटर में है, स्वास्थ्य में कुछ सुधार नहीं दिख रहा था. जिसके चलते उन्हे भोपाल एम्स में भर्ती के लिए ले जाया जा रहा है।

### आयुष्मान कार्ड धारकों को निःशुल्क मिलेगी सुविधा

आयुष्मान कार्ड धारक के उपचार के लिये राज्य के अंदर एवं राज्य के बाहर सभी शासकीय एवं आयुष्मान सम्बद्ध अस्पतालों में उपचार हेतु निशुल्क परिवहन किया जाएगा। अन्य हितग्राही जो कि आयुष्मान कार्ड धारक नहीं हैं. उनके उपचार के लिए राज्य के अंदर स्थित शासकीय अस्पतालों में निशुल्क परिवहन जबकि राज्य के बाहर के किसी भी अस्पताल में अनुबंधित दर पर सशुल्क परिवहन किया जाएगा. पीएम श्री एयर एम्बुलेंस से परिवहन इमरजेंसी हेल्थ कंडीशन की स्थिति में किया जाएगा. एयर एम्बुलेंस सेवा अनुशंसित चिकित्सालय तक ले जाने के लिए होगी. सशुल्क सेवा की स्थिति में सेवा प्रदाता एजेंसी को हेलीकाप्टर के लिये प्रति घंटे के मान से 1 लाख 94 हजार 500 रुपये एवं फिक्स्ड विंग कनवर्टेड फ्लाइंग एम्बुलेंस के लिये लिये प्रति घंटे फ्लाइंग ऑवर के मान से 1 लाख 78 हजार 900 रुपये का भुगतान करना होगा।

## मेडिकल यूनिवर्सिटी से छिनी नर्सिंग-पैरामेडिकल कॉलेजों की पढ़ाई

# अब नर्सिंग और पैरा मेडिकल कॉलेजों को संबद्धता देंगे रीजनल विवि

**जबलपुर।** नर्सिंग कॉलेजों को लेकर लगातार सामने आ रही अनियमितताएं एवं फर्जीवाड़े की घटनाओं के बाद मेडिकल यूनिवर्सिटी से नर्सिंग एवं पैरा मेडिकल कॉलेजों को संबद्धता देने की प्रक्रिया वापस ले ली गई है। अब नर्सिंग और पैरा मेडिकल कॉलेजों की संबद्धता रीजनल विवि देंगे। इन पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी रीजनल विवि कराएंगे। संबंधित क्षेत्र के रीजनल विश्वविद्यालयों की निगरानी में इन कॉलेजों की परीक्षा होंगी और रिजल्ट आएंगे। गौरतलब है कि प्रदेश में पैरामेडिकल के 14 सरकारी और 58 प्राइवेट कॉलेज हैं। सरकारी कॉलेजों में 2256 और निजी पैरामेडिकल कॉलेजों में 14822 सीटें हैं। नर्सिंग के 600 से ज्जादा कॉलेज हैं। हालांकि सीबीआई जांच में उलझे इन कॉलेजों में पिछले तीन शिक्षण सत्रों से एडमिशन नहीं हुए हैं। सीबीआई की दोबारा जांच नहीं हो पाने की वजह से नर्सिंग कॉलेजों में मान्यता भी जारी नहीं हुई है।



गौरतलब है कि मप्र की एकलौती मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी जिसकी स्थापना साल 2011 में हुई थी। अब इस पर संकट मंडराने लगा है। प्रदेश के सभी चिकित्सा कॉलेजों को एक यूनिवर्सिटी के दायरे में लाने के लिए मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई थी। इसके अंतर्गत प्रदेश के मेडिकल कॉलेज नर्सिंग पैरामेडिकल, आयुर्वेद, होम्योपैथिक, यूनानी और योग कॉलेज आते हैं। इन सभी कॉलेजों को मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा संबद्धता जारी की जाती है। एडमिशन भी इसी यूनिवर्सिटी के माध्यम से होती है। मेडिकल यूनिवर्सिटी ही इन कॉलेजों में पढने वाले विद्यार्थियों के एग्जाम लेती है और उनके परीक्षा परिणाम जारी किए जाते हैं। अब धीरे-धीरे मेडिकल यूनिवर्सिटी के अधिकारों में सरकार कटौती कर रही है। प्रदेश के नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेजों को पुरानी परंपरा के अनुसार ही चलाया जाएगा। पहले इन कॉलेजों को रीजनल विश्वविद्यालय संबद्धता जारी करते थे। मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर के रजिस्ट्रार पुष्पराज सिंह बघेल का कहना है कि प्रदेश के नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेजों को संबद्धता देने के अधिकार अब मेडिकल यूनिवर्सिटी के पास नहीं है। ये कॉलेज अब रीजनल यूनिवर्सिटी के दायरे में आएंगे।

## स्पीड ब्रेकरों से हो रही दुर्घटनाओं पर आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** शहर के रांझी से व्हीकल इस्टेट क्षेत्र में सवा किमी की सड़क पर बने स्पीड ब्रेकरो से वाहन चालकों को आवाजाही करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सवा किमी की सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर मनमानी तरीके से बनाये जाने के कारण वाहन चालक दुर्घटना ग्रस्त हो रहे है। मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी व सदस्य राजीव कुमार टण्डन ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के नगर निगम आयुक्त को मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

## वर्ष 2047 तक के लिए बनाया प्लान; रेंजर्स को मिलेंगे ड्रोन और आधुनिक शस्त्र

# टाइगर रिजर्व में 500 होम स्टे बनाएगा वन विभाग



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में वनों की अवैध कटाई, अतिक्रमण और अवैध उत्खनन और वन क्षेत्र में लगने वाली आग को कंट्रोल करने के लिए वन विभाग ने 2047 तक के लिए प्लान बनाया है। जिसके तहत रेंजर्स को ड्रोन, आधुनिक शस्त्रों और वाहनों से लैस करेगा। इसके साथ ही 20 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बिगड़े वनों को सघन वन के रूप में डेवलप किया जाएगा। वन विभाग इसके साथ ही टाइगर रिजर्व एरिया में 500 होम स्टे तैयार कराएगा, जिससे वहां लोगों को रोककर स्थानीय लोगों को रोजगार देने के साथ प्रदेश के वन पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जा सके। वन विभाग ने यह प्लान आजादी के सौ साल पूरे होने पर वर्ष 2047 तक किए जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना के तहत तैयार किया है। इसके लिए इसी साल से वन विभाग के अधिकारी प्लान पर एग्जीक्यूशन की कार्यवाही भी करेंगे। सीएम द्वारा वन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान इस कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी, और क्रमबद्ध इस पर अमल के लिए प्रोजेक्ट तैयार कराए जाएंगे। विभाग ने यह भी तय किया है कि प्रदेश के 20 लाख हेक्टेयर बिगड़े वन क्षेत्र को सघन वन क्षेत्र में विकसित करने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश में काम कर रही 15608 वन समितियों और 11595 पेसा समितियों के काम में और तेजी लाकर उन्हें आर्थिक तौर पर मजबूत बनाया जाएगा। वन महकमे ने इसके लिए मिशन 2047 का प्लान तैयार कर शासन को भेज दिया है।

## 30 सितंबर तक होंगे नौवीं कक्षा में नामांकन

# 10वीं व 12वीं परीक्षा फार्म एक जुलाई से 30 सितंबर तक भरे जाएंगे

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित स्कूलों में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं का नौवीं कक्षा में नामांकन 10 जुलाई से 30 सितंबर तक होगा। इसके बाद छात्र-छात्राओं को 300 रुपये विलंब शुल्क लगेगा। उधर 10वीं व 12वीं परीक्षा के फार्म एक जुलाई से 30 सितंबर तक भरे जा सकेंगे। 25 नवंबर के बाद परीक्षा फॉर्म भरने पर 10 हजार रुपये विलंब शुल्क लिया जाएगा। 11 दिसंबर से 12 हजार विलंब शुल्क लगेगा।अन्य बोर्ड के विद्यार्थियों को ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड करने होंगे। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्रवेश नीति 2024-25 जारी कर दी है। जारी नीति में कहा गया है कि संस्था प्राचार्य का यह दायित्व होगा कि प्रवेश देते समय ही छात्र के सभी दस्तावेज की जांच पूर्ण रूप से कर लें। इस संबंध में घोषणा पत्र भी जमा करना होगा। वहीं, विद्यार्थी ने जो विषय नौवीं व 11वीं में भरे हैं, वही 10वीं व 12वीं के आवेदन में भर सकेंगे। साथ ही अन्य बोर्ड से आए छात्रों के प्रकरणों में भी दस्तावेजों की जांच पूर्ण रूप से जांच की जाए।उनके द्वारा जो स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेज प्रवेश के लिए जारी हों, वह 31 जुलाई के पूर्व की तिथि का जारी होना आवश्यक है।मंडल द्वारा यदि जांच के दौरान यह पाया जाता है कि प्राचार्य द्वारा ग्राह्यता संबंधी कार्रवाई नहीं की गई है तो ऐसी कार्रवाई की जाएगी।इसके अलावा दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। इसमें सत्र 2024-25 से नौवीं से बेस्ट आफ फाइव योजना समाप्त की जा रही है। वहीं 10वीं में सत्र 2025-26 से समाप्त कर दी जाएगी।इसके साथ ही 10वीं में गणित के दो विकल्प बेसिक व स्टैंडर्ड का होगा।

## मृतिका के साथ अंतिम बार देखा गया था आरोपित, कबूला था जुर्म

# हाई कोर्ट ने हत्याकांड में सजा के विरुद्ध निरस्त की अपील

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति देव नारायण मिश्र की युगलपीठ ने हत्याकांड में सजा के विरुद्ध दायर अपील निरस्त कर दी। कोर्ट ने पाया कि आरोपित मृतिका के साथ अंतिम बार देखा गया था। यही नहीं उसने गवाहों के सामने अपना जुर्म भी कबूल किया था।

अपीलार्थी डिंडौरी निवासी धनुआ बैगा की ओर से दायर मामले में कहा गया था कि डिंडोरी जिले के शहपुरा थाना अंतर्गत तीन जून, 2015 को नागदावन बांध में एक महिला का शव उतारते हुए मिला था। महिला के हाथ-पैर में भारी पत्थर से गमछे से बंधे हुए थे। मृतिका की शिनाख्त सम्पतिया बाई के रूप में हुई थी। पुलिस ने पांच व्यक्तियों के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया था। न्यायालय ने चार आरोपितों को दोषमुक्त करते हुए याचिकाकर्ता धनुआ को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया था। याचिकाकर्ता की वर्तमान में उम्र 70 साल है और वह विगत नौ वर्ष से जेल में निरुद्ध है। गवाहों ने अपने बयान में कहा है कि याचिकाकर्ता ने खुद महिला की हत्या करना उनके सामने स्वीकार किया है। सिर्फ इसी आधार पर न्यायालय ने आरोपित को दोषी ठहराया है। युगलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा कि गवाहों ने न्यायालय में अपने बयान में कहा है कि याचिकाकर्ता ने हत्या करना स्वीकार किया है। इसके अलावा महिला को अंतिम बार 31 मई, 2015 को याचिकाकर्ता के साथ देखा गया था। इस दौरान महिला नशे में थी। इसके बाद महिला किसी को दिखाई नहीं दी। मृत्यु के पहले महिला के साथ अंतिम बार देखे जाने तथा गवाहों के सामने हत्या करना स्वीकार किये जाने के कारण न्यायालय ने आरोपित को दंडित किया है। इसलिए न्यायालय इस मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकती। न्यायालय हस्तक्षेप करती है तो यह बात की जांच करनी होगी कि याचिकाकर्ता ने गवाहों के सामने महिला की हत्या बात कैसे स्वीकार की।

## मानसून की सक्रियता फिलहाल शिथिल

# 48 घंटों बाद बनेगा बारिश का माहौल

**जबलपुर।** मानसून आ चुका है लेकिन हवाओं का अनुकूल माहौल नहीं बनने से बारिश नहीं हो रही है। बादलों की आवाजाही से उमस परेशान कर रही है। दक्षिणी पश्चिमी मानसून मप्र में आ चुका है। आसपास मानसून सक्रिय है और बारिश भी हो रही है, जबकि जबलपुर में मानसून सक्रिय नहीं हो पा रहा। लोकल बादलों से खंड-खंड वर्षा हो रही है। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल दो दिन अभी मानसूनी बारिश के लिये इंतजार करना होगा। मंगलवार को मौसम काफी गर्म रहा। दोपहर बाद बादल छाये बूंदाबांदी के आसार भी बने लेकिन ये बूंदें राहत भरी नहीं बन सकीं जिससे गर्मी और उमस का माहौल बना रहा। जनजीवन बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहा है। बुधवार की सुबह से मौसम खुला रहा और शाम 5 बजे बादल छाये बूंदाबांदी होने लगी लेकिन पानी की हल्की बूंदें ही पड़ीं जिनसे राहत कम और



आफत ज्यादा हुई। बादलों की वजह से उमस का प्रभाव बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात के बाद समूचे पूर्वी मध्यप्रदेश में हवा के कम दबाव वाला क्षेत्र बन गया है। मानसूनी बादल आ गये हैं, जो अगले 48 घंटों के बाद फुलफार्म पर आ जायेंगे इसके बाद ही तेज बारिश होगी। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 26.07 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 72 प्रतिशत और सायंकाल 45 प्रतिशत आंकी गई। जबकि पिछले 24 घंटों में 7.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 42.04 मिलीमीटर दर्ज की जा चुकी है। दक्षिण-पूर्वी हवाएं 5 से 6 किलो मीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 25.04 और न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर छुटपुट वर्षा हो सकती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240